07 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 49









## मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को दिया निर्देश

# 2025-26 के लिए योजनाओं की रूपरेखा करें तैयार : हेमंत

- नवगठित हेमंत कैबिनेट की पहली बैठक में 17 बिंदुओं पर हुई चर्चा
- विभागों की समीक्षा करने और लाभुकों से फीडबैक भी लेने को कहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नजर राज्य के विकास पर टिकी हुई है। वह विकास योजना और जनहित के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए अभी से प्रयासरत हो गये हैं। इसी संदर्भ में हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिपरिषद् के सदस्यों को आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में ली जाने वाली योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है। हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। नयी सरकार के मंत्रियों के शपथ और विभाग बंटवारे के बाद यह पहली कैबिनेट बैठक थी। इसमें कोई एजेंडा पहले से तय नहीं था। सभी विषय अन्यान्य में लिये गये। बैठक में 17 बिंदुओं पर चर्चा हुई। इनमें से एक अगले वित्तीय वर्ष में योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने का निर्देश था।

मुख्यमंत्री ने बैठक सभी मंत्रियों को अपने-अपने विभागीय कार्यों के संपादन के लिए कई तरह के परामर्श दिये। बैठक में जिन बातों की चर्चा हुई, उन्हें ध्यान में रखने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्री विभागीय कार्यकलाप का समीक्षा करें। सभी योजनाओं को समझ कर उनके गुण-दोष का अध्ययन करें। अपने-अपने विभाग के सभी जिला के क्षेत्रीय कार्यालय में जा कर विभागीय कार्यकलाप की समीक्षा करें। विभागीय योजना के लाभुकों से मुलाकात कर फीडबैक लें। बहुत दिनों से लंबित योजनाओं के लंबित रहने के कारण की समीक्षा करें और उसको पूरा कराने के लिए कार्रवाई करें। कई योजनाएं ऐसी हैं, जिनमें आज की पृष्ठभूमि में बदलाव अपेक्षित है या फिर कुछ प्रावधान के कारण क्रियान्वयन में कठिनाई होती है उसके निराकरण का प्रस्ताव प्राप्त कर कार्रवाई करें।

### मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये अन्य परामर्श

- मंत्रिपरिषद में भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर स्वयं संतुष्ट हो लें। वित्त विभाग/विधि विभाग/कार्मिक विभाग से भी संपर्क करें, ताकि ससमय कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव आ सके।
- राज्य में आपके विभाग की योजना से अगर कोई क्षेत्र छूटा हुआ है, खासकर दूर-दराज के क्षेत्र, एससी-एसटी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र उसके लिए योजना के प्रस्ताव पर विचार करें।
- वैसे विभाग, जिनमें राजस्व प्राप्ति की बेहतर संभावनाएं हैं, वे राजस्व स्रोत की समीक्षा कर राजस्व प्राप्ति की बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव तैयार करें।
- भवन जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर वाली योजना की विशेष समीक्षा करें, ताकि बने हुए भवन का वास्तविक इस्तेमाल हो सके। अनावश्यक भवन आदि की योजना न ली जाये।
- अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी के प्रोन्नति की स्थिति की समीक्षा करें और प्रोन्नति प्रदान करें।
- पदस्थापना की समीक्षा करें और आवश्यकता या कम जरूरी के आधार पर एडजस्टमेंट करें।
- आप्त सचिव तथा निजी स्टाफ रखते समय उसकी पृष्ठभूमि जरूर देख लें, ताकि विवादित कर्मी मंत्री कार्यालय में स्थान नहीं पायें।
- कोर्ट केस मामले की भी समीक्षा करें, ताकि सरकार केस कम से कम हारे।
- अपने विधान-सभा क्षेत्र से बाहर भी हर जिला में भ्रमण करें। लोगों से मिलकर वहां की समस्या (खासकर अपने विभाग से संबंधित) के निपटारा के लिए प्रयास करें।
- क्षेत्रीय पदाधिकारियों के बारे में क्षेत्र भ्रमण के क्रम में फीडबैक प्राप्त करें और मुख्यमंत्री को समय-समय पर अवगत करायें।
- स्थानीय जन प्रतिनिधियों से मिलने के लिए तिथि का निर्धारण कर दें, ताकि सभी को सहुलियत हो।
- सभी मंत्रीगण समय-समय पर अपने विभाग की उपलब्धियों के विषय में प्रेस के प्रतिनिधियों को प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी उपलब्ध कराते रहेंगे।



हमलोगों ने तय किया है कि आने वाले समय में राज्य को बेहतर दिशा दी जायेगी। हमने 15-16 बिंदुओं को बनाया है। इस पर कैबिनेट बैठक में चर्चा की गयी। इसके जरिये हम लोग राज्य को दिशा देने के लिए रूपरेखा तैयार करेंगे।

**-हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**

# हेमंत सोरेन कैबिनेट के मंत्रियों को मिला विभाग

- मुख्यमंत्री के पास गृह और प्रशासनिक विभाग
- कांग्रेस को मिला वित्त वाणिज्य और राजस्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार मंत्रिमंडल विस्तार के दूसरे दिन शुक्रवार को मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हो गया। सभी 11 मंत्रियों को विभाग दे दिये गये हैं। मंत्रियों ने पदभार संभालना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पास गृह, कार्मिक प्रशासनिक सुधर के साथ-साथ पथ और भवन निर्माण मंत्रालय रखा है। वहीं, कांग्रेस कोटे से मंत्री बने राधाकृष्ण किशोर को वित्त, वाणिज्य आदि विभाग दिया गया है।

### किसे मिला कौन सा विभाग



हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

1. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग
2. गृह (कारा सहित) विभाग
3. पथ निर्माण विभाग
4. भवन निर्माण विभाग
5. मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य रहित) तथा वैसे सारे विभाग जो अन्य मंत्रियों को आवंटित्त नहीं है।



राधाकृष्ण किशोर (कांग्रेस)

वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग



दीपक बिरुवा (झामुमो)

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (निबंधन रहित), परिवहन विभाग



इरफान अंसारी (कांग्रेस)

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग



संजय प्रसाद यादव (राजद)

श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग



रामदास सोरेन (झामुमो)

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, निबंधन विभाग



हफीजुल हसन (झामुमो)

जल संसाधन विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग



शिल्पी नेहा तिर्की (कांग्रेस)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग



चमरा लिंडा (झामुमो)

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग



दीपिका पांडेय सिंह (कांग्रेस)

ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग



योगेंद्र प्रसाद (झामुमो)

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग



सुदिव्य कुमार सोनू (झामुमो)

नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग

## राज्यसभा की सीट नंबर 222 से मिली 500 के नोटों की गड्डी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। राज्यसभा में 500 रुपये का बंडल (50 हजार रुपये) मिलने पर शुक्रवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट से नोटों की गड्डी मिली थी। भाजपा ने जांच की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- जांच से पहले किसी का नाम लेना ठीक नहीं है। धनखड़ ने कहा कि कल (गुरुवार) सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने हमें जानकारी दी कि सीट नंबर 222 से कैश मिला है। यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को अलॉट की गयी है। इस मामले में नियमों के मुताबिक जांच होनी चाहिए और यह हो भी रही है। धनखड़ के बयान पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं अनुरोध करता हूं कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं होती, तब तक किसी सदस्य का नाम नहीं लिया जाना चाहिए। ऐसा चिल्लर काम करके ही देश को बदनाम किया जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि दूध का दूध, पानी का पानी होना चाहिये। कुछ मामलों में विरक्ष बहुत उत्सुक्ता दिखा रहा है, जबकि कुछ मामलों में पर्दा डालना चाहता है। वहीं, भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के पास इतना पैसा है कि वे संसद में बेंच पर बचे हुए पैसे का हिसाब लेने की भी जहमत नहीं उठाते। कांग्रेस, जो हर चीज पर सवाल उठाती थी, आज संसद से बरामद मामले का हिसाब देने से इनकार कर रही है। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि वह सिर्फ 500 रुपये का नोट लेकर संसद जाते हैं। अजीब लगता है कि ऐसे मुद्दों पर भी राजनीति की जाती है। इसकी जांच होनी चाहिए कि कैसे किसी की सीट पर कुछ भी रख सकते हैं। सदन में ग्लास से घिरा ऐसा लॉक सिस्टम होना चाहिए, जिसकी चाबी सिर्फ सदस्य के पास होनी चाहिए। अब सीटें भी खतरनाक हो गयी हैं।

# जनसेवक को पाकुड़ में नियमों के विरुद्ध बनाया गया एमओ, एजीएम


डीसी ने कहा, मामले की करेंगे तहकीकात

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के विभागीय आदेश के विपरीत पाकुड़ में कृषि विभाग से जुड़े जन सेवकों को मार्केटिंग ऑफिसर (एमओ) और सहायक गोदाम प्रबंधक (एजीएम) बना दिया गया है। पाकुड़ राज्य में संभवतः इकलौता ऐसा जिला है, जहां खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 28 जुलाई 2022 को जारी अधिसूचना के आलोक में निहित नियमों का उल्लंघन कर जनसेवकों को कृषि विभाग के कामों से अलग कर जन वितरण प्रणाली के कामों में लगाया गया है। राज्य सरकार के जारी अधिसूचना में स्पष्ट अंकित है कि एमओ या एजीएम का प्रभार एमओ समतुल्य राज्य स्तर के अधिकारी ही बनाये जा सकते हैं, लेकिन पाकुड़ में यह परंपरा लगातार चली आ रही है। ताजा मामला जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा 5 दिसंबर को जारी ज्ञापांक 598 में जनसेवकों को अपने पदस्थापन ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में प्रभार का आदेश जारी किया गया है, जो नियमानुसार गलत बताया जा रहा है। जनसेवकों का मूल पदस्थापन वेतन एक ब्लॉक से और एमओ, एजीएम का काम दूसरे ब्लॉक में करने का आदेश जारी किया गया है, जो यहां चर्चा का विषय बना हुआ है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल ने जिले के डीसी से जनसेवकों को एमओ, एजीएम के प्रभार से अविलंब हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनसेवक के कार्यकाल में पाकुड़ जिले में अनाज की कालाबाजारी और लाभुकों को नियमित रूप से अनाज नहीं मिलने का मामला लगातार प्रकाश में आता रहा है। अगर जनसेवकों को एमओ, एजीएम के प्रभार से अभिलंब मुक्त नहीं किया गया तो वे इस संबंध में विभाग के सचिव से लेकर मंत्री को पत्राचार कर संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की मांग करेंगे। हालांकि पड़ोस के साहिबगंज जिले में पूर्व में जनसेवकों को एमओ, एजीएम का प्रभार दिया गया था, लेकिन सरकार के द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में उसे संशोधित कर दिया गया है। लेकिन पाकुड़ में अब तक यथावत है।

इस बाबत डीसी मनीष कुमार के संज्ञान में दिये जाने पर उन्होंने इस मामले की तहकीकात कर कार्यवाही करने की बात कही है। इधर जिला परिषद के अध्यक्ष जूली हेंब्रम ने कहा है कि कृषि विभाग से जुड़े जन सेवकों को दूसरे विभाग में लगा दिए जाने से कृषि विभाग की योजना खासकर धान अधिप्राप्ति जो पाकुड़ जिले का 2 लाख क्विंटल लक्ष्य है वह पूरा नहीं हो पता है। इसके अलावा कई और किसानों से जुड़ी योजनाएं हैं जो धरातल पर नहीं उतर पा रही है। ऐसे में जनसेवकों को जन वितरण से जुड़ी योजनाओं से अलग कर उन्हें उनके मूल काम में ही लगाये रखने की बात कही है।



# विस का विशेष सत्र: प्रोटेम स्पीकर ने अधिकारियों के साथ बैठक की

स्टीफन ने शांतिपूर्ण संचालित कराने को लेकर दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधानसभा का विशेष सत्र 9 दिसंबर से शुरू हो रहा है। नयी सरकार का यह पहला सत्र है। इसे लेकर प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने शुक्रवार को राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रोटेम स्पीकर ने सत्र के दौरान विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित होने के अलावे परिसर में आनेवाले आगंतुकों के प्रवेश पर नजर रखने को निर्देशित किया।

झारखंड विधानसभा का सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में चार कार्यदिवस होंगे। सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी के द्वारा दिलाया जायेगा। इसके बाद दूसरे दिन नये विधानसभाध्यक्ष का निर्वाचन होगा। 11 दिसंबर को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण से सदन की कार्यवाही शुरू होगी। इसके बाद हेमंत सरकार विश्वासमत हासिल करेगी। इसी दिन सरकार अपना द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेगी। अंतिम दिन 12 दिसंबर को पहली पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश होगा और चर्चा होगी।

स्टीफन ने सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। हर दिन उनकी मौजूदगी सुनिश्चित करने के अलावा सुरक्षा व्यवस्था आदि पर ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल समेत अन्य विभागों के प्रमुख मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,500 रु./10 ग्राम
चांदी 94,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड की अबुआ सरकार का समय शुरू होता है अब

## ▪ हेमंत सोरेन नयी पारी के लिए तैयार और सक्षम भी

## ▪ मुख्यमंत्री का लक्ष्य अबुआ राज का संपूर्ण विकास

**आजाद सिपाही विशेष**

**विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने और लगातार दूसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री का पद संभाल कर इतिहास रचनेवाले हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर नयी सरकार के स्वरूप को पूर्णता प्रदान कर दी है। अब झारखंड की यह अबुआ सरकार अगले पांच साल तक झारखंड के विकास की पटकथा भी लिखेगी और उस रास्ते पर राज्य की साढ़े तीन करोड़ आबादी को साथ लेकर चलेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस राजनीतिक कौशल का परिचय देते हुए अपनी कैबिनेट बनायी और फिर मंत्रियों के बीच जिस विजन को लेकर विभागों का बंटवारा किया है, उससे साफ होता है कि इस बार हेमंत सोरेन के सामने केवल और केवल झारखंड है। उनके मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद से अब तक झारखंड में जो कुछ हुआ है, उससे तो यही लगता है कि इस बार हेमंत सोरेन सचमुच कुछ ऐसा करनेवाले हैं, जिसका अंदाजा शायद किसी को नहीं है। पिछले चार दिनों में उन्होंने अपनी प्रशासनिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए जिस तरह से अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया है, उससे तो यही लगता है कि हेमंत सोरेन की यह सरकार वाकई अबुआ सरकार, यानी अपनी सरकार है। लेकिन इसके बावजूद हेमंत सोरेन और उनकी कैबिनेट को एक बात का ध्यान रखना होगा कि जनता की आकांक्षाएं इस बार कुछ अधिक हैं। इन आकांक्षाओं को पूरा करना ही इस नयी सरकार के सामने सबसे बड़ा चैलेंज है। क्या हैं हेमंत सोरेन सरकार के सामने चुनौतियां और कैसे इनसे निबटेगी हेमंत सोरेन की यह सरकार, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल कर झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले हेमंत सोरेन ने अपनी नयी सरकार के गठन का काम पूरा कर लिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान और परिणाम घोषित होने के बाद हेमंत सोरेन उत्साह और आत्मविश्वास से लबरेज नजर आ रहे हैं। हेमंत सोरेन ने अपनी इस नयी पारी को अबुआ सरकार यानी अपनी सरकार बताया है। उन्होंने कहा है कि सरकार तेज गति से काम करेगी। झारखंड के लोगों को यह उम्मीद भी है, क्योंकि पिछले पांच साल के दौरान हेमंत सोरेन की कार्यशैली के केंद्र में केवल झारखंड था और इस बार भी कुछ ऐसा ही दिख रहा है।

29 दिसंबर, 2019 और 28 नवंबर, 2024 के बीच करीब चार साल 11 महीने का अंतराल है और इस 1796 दिन की अवधि के बीच स्वर्णरेखा और दामोदर में बहुत पानी बह चुका है। झारखंड की आबोहवा ने हेमंत सोरेन को कुछ अधिक परिपक्व और कुशल बना दिया है। इन पांच सालों में हेमंत सोरेन ने जो एक चीज हासिल की, वह है झारखंड के प्रति अपने नजरिये में एक बड़ा बदलाव। उन्हें इस बात का इल्म है कि विधानसभा चुनाव में जनता में उन्हें जो समर्थन दिया है, उसके बदले उन्हें क्या करना है और कैसे करना है। लेकिन हेमंत सोरेन के सामने सबसे बड़ी चुनौती अबुआ सरकार की छवि को स्थापित करने की है।

### सरकार का इकबाल कायम करने की चुनौती

हेमंत सोरेन की इस सरकार के सामने पहली चुनौती शासन का इकबाल कायम करने की है। झारखंड के बारे में आम धारणा है कि अलग राज्य गठन के 24 साल होने के बावजूद राज्य का संतुलित, सम्यक विकास और भविष्य का ताना-बाना कहीं पीछे छूट गया। 2019 में हेमंत सोरेन के सत्ता संभालने के बाद से शासन के इकबाल और पारदर्शिता को लेकर सवाल उठते रहे थे। इनमें कानून-व्यवस्था से लेकर अवैध खनन और भ्रष्टाचार रोकने के साथ सरकारी कर्मियों को जवाबदेह बनाने का मुद्दा प्रमुख था। हेमंत सोरेन ने इनमें से कुछ मुद्दों पर शानदार काम किया, लेकिन इस बार उनके सामने चुनौती बड़ी है, क्योंकि हेमंत सोरेन के इरादों और वादों पर सबकी नजरें हैं। हेमंत सोरेन एक बेहतर शासन स्थापित करने की कोशिशों में चाहेंगे कि सिस्टम को चुस्त रखें, जिससे जनता का भरोसा जीता जा सके। चौथी बार मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन शासन-प्रशासन की हर कमजोर कड़ी को करीब से जानने-समझने लगे हैं। राज्य की बड़ी आबादी की जरूरतों और जनाकांक्षाओं से भी वह वाकिफ हैं। पिछले कार्यकाल में कई मोर्चे पर उन्होंने राज्य हित में अहम फैसले लिये, कई बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारा, कई योजनाएं भी शुरू की। नौकरशाही के कथित कॉकस को सत्ता पर हावी होने से रोकने और तेज- तर्रार अफसरों को प्रमुख जिम्मेदारियों के साथ उन्हें अगली कतार में लाने के लिए हेमंत सोरेन कौन से प्रभावी कदम उठाते हैं, इस ओर सबकी निगाहें टिकी हैं। इसके साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ रायशुमारी के बाद विजन और समयबद्ध काम की चुनौती भी सरकार के सामने है।



### वित्तीय प्रबंधन की चुनौती

हेमंत सरकार के लिए वित्तीय प्रबंधन के मोर्चे पर राज्य को मजबूत बनाने की अहम चुनौती है। सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 50 लाख महिलाओं को उनके खाते में हर महीने एक हजार रुपये की राशि भेजी जा रही है। चुनावी वादे के अनुरूप इसी महीने से महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपये भेजे जाने की तैयारी है। सरकार ने पहले ही बिजली उपभोक्ताओं का बकाया बिल माफ कर दिया है। दो सौ यूनिट बिजली भी मुफ्त कर दी गयी है। इधर इंडिया ब्लॉक ने लोगों से 15 लाख तक पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने का वादा किया है। जाहिर तौर पर इन सबका खजाने पर बड़ा बोझ पड़ेगा। इस बीच झारखंड में बिजली दर बढ़ाने का मसौदा तैयार किया गया है।

सरकार को जनता पर बोझ दिये बिना राजस्व संग्रह को बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास करना होगा। हेमंत सोरेन की इस ओर सीधी नजर है। उन्होंने राजस्व संग्रहण बढ़ाने के लिए सभी विभागों को एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही स्थापना व्यय को नियंत्रित करने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा है कि विभिन्न कंपनियों और उद्योग समूहों से बातचीत कर राजस्व राजस्व बढ़ोत्तरी की संभावनाएं तलाशी जायें।

### किसान कल्याण, खाद्य सुरक्षा और शिक्षा की गारंटी

इंडिया ब्लॉक की गारंटी में प्रति व्यक्ति सात किलो राशन देने और हर गरीब परिवार को साढ़े चार सौ रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है। इनके अलावा धान की एमएसपी को 2400 रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये करने का वादा है। राज्य की 75 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। कृषि उत्पादन को बढ़ाने और बाजार मुहैया करने के लिए सरकान को नवाचार प्रयोग करने होंगे। नीति आयोग ने बहुआयामी गरीबी सूचकांक द्वारा झारखंड को भारत के दूसरे सबसे गरीब राज्य के रूप में वगीर्कृत किया है। अभी भी इसकी अधिकांश ग्रामीण आबादी स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच के बिना रह रही है।

नीति आयोग के अनुसार, बहुआयामी ग्रामीण गरीबी दर 2015-16 में 50.92 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 34.93 प्रतिशत हो गयी है, फिर भी कई परिवार अभी भी आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर हैं और सरकारी योजनाओं और लाभों तक उनकी पहुंच नहीं है। लिहाजा इन सेक्टर में आमूलचूल बदलाव और प्रतिबद्धता के साथ काम करना झारखंड की नयी सरकार की चुनौती होगी।

### नौकरी, रोजगार और पारदर्शी परीक्षाएं

इंडिया ब्लॉक ने चुनाव से पहले एक वोट सात गांरटी के नाम से जारी अपने घोषणा पत्र में झारखंड में 10 लाख युवाओं को नौकरी, रोजगार देने का वादा किया है। 2019 में भी हेमंत सोरेन ने नौकरी, रोजगार के सवाल पर युवाओं से कई अहम वादे किये थे, लेकिन नियुक्तियों, रोजगार, वेकैंसी और पारदर्शी प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर युवाओं के बीच हताशा और निराशा के स्वर सुनाई पड़ते रहे हैं।

राज्य में सरकारी विभागों में करीब तीन लाख पद खाली हैं। इन पदों को भरे जाने की बड़ी चुनौती सरकार के सामने है। इनके अलावा झारखंड लोकसेवा आयोग और झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग को प्रभावी बनाने के लिए भी सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे।

इन सबके बीच हेमंत सोरेन की नयी सरकार के फैसलों और उसकी कार्यशैली पर जनता की पैनी नजर है। इसलिए ही कहा जा रहा है कि हेमंत सोरेन की अबुआ सरकार का समय शुरू होता है अब।

---

## प्रमंडलीय स्तरीय राजस्व संग्रहण की बैठक

# राजस्व संग्रहण का ससमय लक्ष्य पूरा करें : अंजनी कुमार मिश्र

**आयुक्त ने बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों को शो कॉज किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रमंडलीय सभागार में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए इसमें तत्काल सुधार लाने तथा हर हाल में लक्ष्य प्राप्ति करने के निर्देश दिये। बैठक में परिवहन, नीलाम पत्र, खनन, उत्पाद एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा की गयी। जिसमें बारी-बारी से विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रहण की स्थिति की समीक्ष की गयी तथा अधिकारियों को निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि प्रमंडल एवं जिला स्तर पर पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व सभी जिला अपने-अपने विभागों का राजस्व वसूली बढ़ाने एवं राजस्व संग्रहण में सुधार लाने का कार्य तेजी से करें। सभी एक्शन प्लान तैयार कर लें। आयुक्त ने कहा कि राजस्व संग्रहण की मॉनिटरिंग प्रमंडल स्तर से की जायेगी। सभी विभाग हर माह संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।



जिला परिवहन पदाधिकारियों को अपने-अपने जिला में वाहनों की जांच कर वसूली करने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान चलाकर ओवरलोडिंग वाहनों एवं छोटे वाहनों के परमिट की सघन जांच करने का निर्देश दिया।

उन्होंने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी अवैध माइनिंग हो तत्काल रोक लगायें। समय समय पर छापेमारी करें और आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। सभी खदानों का सेक्शन मेजरमेंट करायें। आयुक्त ने कहा कि कई घाटों से अवैध बालू उठाव किया जा रहा है। अवैध बालू का उठाव पूर्ण रूप से बंद हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाया जाये। चोरी छिपे अवैध बालू का उठाव करते हुए पकड़े जाने पर संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में उत्पाद विभाग कि समीक्षा के दौरान आयुक्त ने शराब का अवैध व्यापार रोकने के लिए छापेमारी, एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बिक्री पर रोक के लिए उठाये गये कदमों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आयुक्त ने बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया।

बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, सचिव क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार हरिवंश पंडित, अवर सचिव नरेश गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची/ गुमला/लोहरदगा/ खूंटी/सिमडेगा, जिला खनन पदाधिकारी, रांची/ गुमला/ लोहरदगा, नीलाम पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## आइएएस पूजा सिंघल की बेल पर आज सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)। निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की ओर से दायर उस याचिका पर अब शनिवार को सुनवाई होगी, जिसमें उन्होंने नये कानून के तहत कस्टडी के आधार पर जेल से रिहा करने की गुहार लगायी है। शुक्रवार को पूजा सिंघल के अधिवक्ता के द्वारा आंशिक बहस हुई। जिसके बाद इडी की ओर से बहस की जायेगी। जिसे रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हो रही है। इससे पहले बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। जिसके आलोक में जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पूजा सिंघल अब तक लगभग 28 महीनों से जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के मुताबिक नये कानून के अनुसार किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपी की न्यायिक हिरासत की अवधि उक्त मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है, तो उसे बेल दी जा सकती है।**

---

## राज्यपाल को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में बैज लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को सैनिक कल्याण निदेशालय के शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट कर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में बैज लगाया। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारतीय सेना के सभी कार्यरत और अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि हमारे वीर जवानों के शौर्य, सतर्कता और समर्पण के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं द्वारा युद्धकाल और आपदा के समय निभाये गये अतुलनीय कर्तव्यों और साहसिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा और बलिदान से हमारा राष्ट्र सदैव गौरवान्वित हुआ है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे। राज्यपाल ने राज्य के सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमता के अनुसार 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में योगदान देकर उन वीर सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति अपना आभार प्रकट करें, जिन्होंने देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उक्त शिष्टमंडल में निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय ब्रिगेडियर निरंजन कुमार, अपर निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय कर्नल एसपी गुप्ता, राज्य प्रबंधक, सैनिक बाजार ले कर्नल प्रदीप झा आदि मौजूद थे।



---

## मनी लॉन्ड्रिंग केस : नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की डिस्चार्ज याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकारी टेंडर में कमीशन के जरिये करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने और उस कमाई को वैध बनाने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की डिस्चार्ज याचिका खारिज हो गयी है। रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने दोनों की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी है। नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख बीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। इन्हें इडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ इडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। जिसपर कोर्ट संज्ञान ले चुका है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.0 °c | 13.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.16 बजे |



# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नवनियुक्त मंत्रियों ने शिष्टाचार भेंट की





रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में मंत्री वित्त विभाग राधा कृष्ण किशोर, मंत्री परिवहन विभाग दीपक बिरुवा, मंत्री अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग चमरा लिंडा, मंत्री श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग संजय प्रसाद यादव, मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रामदास सोरेन, मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग इरफान अंसारी, मंत्री जल संसाधन विभाग हफीजुल हसन, मंत्री ग्रामीण विकास विभाग दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग योगेंद्र प्रसाद, मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग सुदिव्य कुमार एवं मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग शिल्पी नेहा तिर्की ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से नवनियुक्त मंत्रीगणों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में उन्नति,महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,आर्थिक लाभ,मान-सम्मान की वृद्धि होगी।

**वृष** लाभ के एकाधिक अवसर प्राप्त होंगे। सामयिक कार्यो में श्रमानुकूल सफलता मिलेगी।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में सफलता की ओर अग्रसर होंगे, नौकरी-पेशा से जुड़े लोगों को उच्चाधिकारियों का समर्थन मिलेगा।

**कर्क** दैनन्दिन जीवन की नियमितता बनाये रखें, समस्याओं के समाधान के मार्ग प्रशस्त होगा।

**सिंह** कर्मशक्ति का विकास, शत्रुविजय शैक्षणिक सफलता मिलेगी। राजनीतिक व्यक्तियों का प्रभाव बढ़ेगा।

**कन्या** आर्थिक दृष्टि से समय अनुकूल चल रहा है,परिश्रम से इच्छित सफलता मिल सकती है।

**तुला** परेशानियों से मुक्ति मिलेगी, अनेक महत्वपूर्ण काम जो काफी दिनों लम्बित हड़े थे।

**वृश्चिक** रोजगार-व्यापार सभी क्षेत्रों में सफलता के अवसर मिलेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**धनु** विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। पारिवारिक दायित्व पूरे होंगें।

**मकर** नवीन व्यापारिक योजना सफल होगी। नये लोगों से सम्पर्क होगा। घर मांगलिक कार्य का सम्पादन होगा।

**कुंभ** आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में प्रयासों के अनुरूप ही सफलता मिलेगी।

**मीन** भौतिक सुख-साधनों की वृद्धि होगी, नौकरी में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

## सीएम हेमंत से मिले विधायक कुमार जयमंगल, बधाई दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को विधायक कुमार जयमंगल ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सीएम हेमंत से मिलीं डॉ अनिमा हांसदा, बधाई दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डॉ अनिमा हांसदा, सदस्य, झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## कल्पना सोरेन को बधाई देने सीएम आवास पहुंचे लोग




**रांची (आजाद सिपाही)।** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में शुक्रवार को विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात के लिए गांडेय, गिरिडीह, सरायकेला-खरसांवा सहित झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचे। उन्होंने विधायक को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कल्पना सोरेन ने सभी का आभार व्यक्त किया और उनके समर्थन और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गयी। यह मुलाकात विधायक और जनता के बीच मजबूत संवाद का प्रतीक बनी।

### नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कार्यभार संभाला

# सभी शहरों में तैयार होगा सीवरेज सिस्टम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, पर्यटन एवं कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग पहुंचे और कार्यभार संभाला। यहां नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र में भवनों का नियमितीकरण का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। इसके लिए जल्द ही प्लान तैयार किया जायेगा। मंत्री ने इस संबंध में नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों से बात की है। गौरतलब है कि झारखंड के तकरीबन सभी शहरों में अवैध भवन एक समस्या बने हुए हैं। इनके नक्शा नियमितीकरण का खाका पहले भी तैयार हो चुका है। मगर, योजना धरातल पर नहीं उतर पायी है। अब देखना है कि नयी सरकार इस दिशा में क्या कदम उठाती है। रांची समेत जमशेदपुर और अन्य शहरों में बिना नक्शा या नक्शा विचलन वाली इमारतों की भरमार है। हाइकोर्ट ने इन इमारतों के खिलाफ कार्रवाई भी करायी है।

इसके अलावा मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कदम उठाया जायेगा। नगर विकास विभाग की शहरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की जवाबदेही है। इस जिम्मेदारी को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जायेगा।

मंत्री ने कहा कि शहरों में स्वच्छता एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सीवरेज सिस्टम पर विशेष बल दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर निकायों के संसाधनों और आधारभूत संरचना को विकसित कर उनकी स्थिति मजबूत बनायी जायेगी। जल्द ही नगरों के विकास, शहरों के सौंदर्यीकरण और प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित चालू एवं जारी होने वाली योजनाओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली जायेगी।

इस मौके पर नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक सत्येंद्र कुमार, विभाग के अपर सचिव मनोहर मरांडी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, सुडा के सहायक निदेशक सूरज उरांव और अवर सचिव अतुल कुमार ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही विभाग के प्रशाखा अधिकारी और अन्य कर्मचारियों ने भी मंत्री से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

## मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिशोम गुरु से लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड सरकार की नवनियुक्त मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रूपी सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। मुलाकात के दौरान सोरेन दंपति ने श्रीमती तिर्की को राज्य के लोगों की खुशी और उनके हित में समर्पित होकर काम करने को कहा। श्रीमती तिर्की ने कहा कि झारखंड अलग प्रदेश के निर्माता और बेहद अनुभवी होने के साथ-साथ झारखंड की हर जरूरत और आकांक्षाओं को गहराई तक समझने वाले शिबू सोरेन का आशीर्वाद और रूपी सोरेन द्वारा उन्हें दिया गया। आशीर्वाद उनके लिए हमेशा बहुमूल्य है। यह आशीर्वाद उनके दिल-दिमाग में हमेशा धरोहर के रूप में सुरक्षित और संरक्षित रहेगा।

## बालिका गृह की घटना निंदनीय, दोषियों पर हो कार्रवाई : बाबूलाल

**कहा-जिन लोगों पर सुरक्षा और न्याय के संरक्षक होने की जिम्मेदारी है, वही शर्मनाक कृत्य में लिप्त पाये गये हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि मेदिनीनगर बालिका गृह में बच्चियों के शोषण के मामले में बाल संरक्षण आयोग के अधिकारियों की भूमिका बेहद निंदनीय है। मरांडी ने कहा कि सीडब्ल्यूसी सदस्य के जरिये बालिका गृह में रह रहीं बच्चियों की तस्वीर खींचना और गलत कार्यों के लिए दबाव डालना बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह घटना प्रशासनिक तंत्र की असफलता और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करती है। साथ ही कहा कि जिन लोगों पर सुरक्षा और न्याय के संरक्षक होने की जिम्मेदारी है, वही शर्मनाक कृत्य में लिप्त पाये गये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री राज्य के मुख्यमंत्री से इस मामले में न्यायिक जांच कराकर सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आग्रह किया है ताकि पीड़ित बच्चियों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## आदिवासी युवा महोत्सव की ब्रांड एंबेसडर होंगी शिल्पी नेहा

**33 आदिवासी समुदाय लेंगे भाग, 14 से होगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में आदिवासी युवा महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव की ब्रांड एंबेसडर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की होंगी। इसके साथ ही आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। इसका आयोजन रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में 14 और 15 दिसंबर को होगा। इस महोत्सव का उद्देश्य आदिवासी युवाओं में अपनी भाषा, संस्कृति, जीवनशैली और प्रकृति प्रेम के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके साथ ही इस मंच पर आदिवासी और आधुनिक कलाओं और कलाकारों को एक साथ प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। बता दें कि युवा महोत्सव में 33 आदिवासी समुदाय भाग लेंगे।

### आदिवासी समुदाय लेंगे महोत्सव में भाग

बता दें कि इस साल युवा महोत्सव का नेतृत्व एक समिति कर रही है, जिसकी अगुवाई युवा समाजसेवी व समिति अध्यक्ष बिपिन टोप्पो और कार्यकारी अध्यक्ष शशि पन्ना कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, महोत्सव में 33 आदिवासी समुदाय भाग लेंगे, जो मंच पर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे। जानकारी हो कि इस कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, गीत, भोजन, रॉक बैंड शो, फैशन शो, सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाटक, आदिवासी उद्यमियों का मेला, पैनल चर्चा, नेतृत्व विकास कार्यक्रम और करियर परामर्श जैसी कई गतिविधियां शामिल हैं।

### प्रसिद्ध कलाकार देंगे महोत्सव में प्रस्तुति

वहीं, महोत्सव में कई प्रसिद्ध कलाकार-जैसे नितेश कच्छप, एल्विन रोजारियो, दीपक तिर्की, अमन कच्छप, दीपक लोहार, साउंड ऑफ झारखंड बैंड और राजू मुर्मू भी अपनी प्रस्तुतियां पेश करेंगे। इस साल महोत्सव में 2 फैशन शो भी आयोजित किये जायेंगे। इनमें से एक फैशन शो युवा मॉडल्स और दूसरा 10 साल से कम आयु के बच्चों के लिए किया जायेगा। इस दौरान रांची के अलग-अलग कॉलेजों की युवा टीम भी अपने सांस्कृतिक नृत्य और गायन का प्रदर्शन करेगी।

### रांची के रास्ते ओड़िशा से हो रही गांजा तस्करी

## 406 किलो गांजा जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के रास्ते ओड़िशा से गांजा की तस्करी हो रही थी। इसकी गुप्त सूचना एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली जिसके आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। इस कार्रवाई में लगभग 406 किलो गांजा के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें धर्मवीर सिंह और राजेंद्र सिंह शामिल हैं। मामले की जानकारी एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि ओड़िशा से रांची की ओर कंटेनर ट्रक में गांजा लोड करके ले जाया जा रहा है। इसके बाद एक टीम का गठन हुआ, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए रांची-रामगढ़ मार्ग में उकरीद नकवाटोली के पास कंटेनर ट्रक को पकड़ा। इस ट्रक की तलाशी ली गयी, तो केबीन के अंदर ड्राइवर सीट के पीछे बने बॉक्स से कुल 16 प्लास्टिक के बोरा में करीब 406 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। बता दें कि गांजा संबलपुर से लाकर टॉल गेट के आगे रामगढ़ में देना था। इस दौरान जब्त किये गये गांजा का मूल्य लगभग 2 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है।

आजाद सिपाही

रांची, शनिवार, 07 दिसंबर, 2024

www.azadsipahi.in




## सड़क हादसे में महिला की मौत, पति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बीती रात कोडरमा थाना के लोचनपुर नावाडीह रोड में एक सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान मरकच्चो के बिगहा निवासी मोनू देवी उर्फ. मोहिनी देवी (उम्र 27 वर्ष, पति किशुन यादव) जबकि गंभीर रूप से घायल किशुन यादव (उम्र 30 वर्ष) पिता रामेश्वर यादव के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से पति-पत्नी कोडरमा से मरकच्चो की तरफ जा रहे थे। लोचनपुर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट आ जाने से पत्नी की मौत, पति गंभीर रूप से घायल जहां पति को सदर अस्पताल में इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया।

## अंतर विद्यालय बाल संसद प्रतियोगिता



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दामोदर घाटी निगम कोडरमा ताप विद्युत केंद्र के दायित्व सीएसआर के तत्वावधान में अंतर विद्यालय बाल संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज, प्रमंडलीय वन पदाधिकारी स्वमित्रा शुक्ला, परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों के द्वारा प्रथम पुरस्कार प्लस टू उच्च विद्यालय काको, द्वितीय पुरस्कार प्लस टू उच्च विद्यालय घंघरी, तृतीय पुरस्कार उच्च विद्यालय बिरसोडीह को दिया गया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बतायें मार्ग पर चलने और उत्साह वर्धन के लिए मार्गदर्शन किया। मौके पर सीएसआर वरिय प्रबंधक असीम अमिताभ परिदा, प्रबंधक आशीष कुमार, सहायक प्रबंधक नरेश साहू, अश्वनी सिंह, ज्योति विश्वास सीएसआर सहायक प्रबंधक कुलदीप राम, प्रभु महतो विजय, देवेंद्र, संतोष, शंकर सहित कई लोग मौजूद थे।

## केरेडारी में वाहन चेकिंग जोरों पर



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी में एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहन चेकिंग अभियान जोरों पर है। इसी के तहत शुक्रवार को केरेडारी में कृषि फॉर्म मैदान के समीप बिनोद राम के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इन्सुरेंस पेपर व फॉर वीलर में सिट बेल्ट की गहनता से जांच की गयी। बाइक सवार लोगों को यातायात के नियमों को पालन करने की सख्त हिदायत दिया गया। इस बाबत केरेडारी थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया की एंटी क्राइम अभियान के तहत ये वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि लोगों को यातायात से संबंधित नियमों को लेकर जागरूक किया जा सके व आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रेल प्रबंधक ने किया कोडरमा स्टेशन का निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार ने शुक्रवार को कोडरमा स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ वरीय वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार भी मौजूद थे। यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के पश्चात अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री कुमार ने स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय, विश्राम गृह पेय जलापूर्ति के लिए बने इनटैक्वेल, पूर्वी और दक्षिणी छोर पर बने पार्किंग स्थल सहित रनिंग रूम और कई विभागों का निरीक्षण किया। जहां रनिंग रूम निरीक्षण के क्रम में लोको पायलटो ने खाने पीने की समस्या सहित ठंड को देखते हुए अतिरिक्त कंबल जैसी कई समस्याओं को अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री कुमार के समक्ष रखा। जिस पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री कुमार ने कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार ने कहां की यात्री सुविधाओं में और बढ़ोतरी की जायेगी। रनिंग रूम में रह रहे हैं लोको पायलटो की समस्याओं पर उन्होंने कहा कि सभी अपनी-अपनी समस्याएं शिकायत पुस्तिका में अवश्य दर्ज करे, ताकि जल्द से जल्द उनकी समस्याओं पर विचार कर निदान निकाला जा सके। वहीं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने वाणिज्य से जुड़े विभागों का निरीक्षण करते हुए कहा कि धनबाद रेल मंडल में दो बड़े स्टेशन आते है धनबाद और कोडरमा। जहां क्वार्टरली निरीक्षण किया जाता है इसी क्रम में हुए आज कोडरमा पहुंचे हैं। पूछे गये सवालों पर वरीय वाणिज्य प्रबंधक श्री कुमार ने कहा कि बड़े-बड़े स्टेशनों की तर्ज पर कोडरमा में भी बने कैंटिनो में बेहतरीन फैसिलिटी दी जायेगी। निरीक्षण के क्रम में कोडरमा स्टेशन अधीक्षक, स्टेशन मास्टर, सीटीआइ और यातायात निरीक्षक अरविंद कुमार सुमन सहित आरपीएफ के जवान शामिल थे।

## बड़कागांव में डॉ भीमराव अंबेडकर की मनायी गयी 69वीं पुण्यतिथि



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव काली मंदिर पास डॉ भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। लोगों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान लोगों ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, झामुमो जिला मिडिया प्रभारी संजय भुईयां, आजसू नेता रवि राम, पूर्व पंसस राजीव रंजन, रविदास महासभा प्रखंड सचिव रघुनाथ राम, इकाई अध्यक्ष रामेश्वर राम, महेश राम, नरेंद्र कुमार, भीम आर्मी अध्यक्ष राजा कुमार, अविनाश कुमार, धर्मेंद्र राम, जयप्रकाश राम, आशीष कुमार आदि लोग उपस्थित थें।

### लगातार तीसरी बार जीत पर भाजपा का आभार सह अभिनंदन कार्यक्रम

# पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत मिली है जीत: डॉ नीरा यादव

**कोडरमा से लगातार तीन बार उम्मीदवार बनाये जाने के लिए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया**

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत कार्यकर्ताओं की बदौलत हुई है और इस जीत का पूरा श्रेय कोडरमा की जनता, पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को जाता है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने शुक्रवार को पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यदि पार्टी के कुछ लोगों का दिल से साथ होता तो जीत का अंतराल और ज्यादा होता और पार्टी को कोडरमा में सवा लाख से अधिक वोट आते।



उन्होंने कोडरमा से लगातार तीन बार उम्मीदवार बनाये जाने के लिए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जनता के हितों के लिए वह हमेशा तत्पर थी और जनता ने जो विश्वास उनपर व्यक्त किया है उस पर खरा उतरने का हमेशा प्रयास करेंगी। झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में भाजपा द्वारा आयोजित कार्यकर्ताओं के लिए आभार और विधायक डॉ नीरा यादव के अभिनंदन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी, संचालन विजय यादव और शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में विधायक डॉ नीरा यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अब आपकी जिम्मेवारी और बढ़ गयी है, लोगों की समस्याओं को लेकर आपको आगे आना है। अनुशासन और पार्टी सिद्धांत को ध्यान में रहकर कार्य करना है। इस दौरान कोडरमा विधानसभा प्रभारी अंबिका सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र सिंह, रवि मोदी, नितेश चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, डॉ नरेश पंडित, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रो राजेश सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वहीं इस दौरान रामनाथ सिंह, जयप्रकाश राम, शशिभूषण प्रसाद, गोपाल कुमार गुतुल, केदार यादव, चंद्रशेखर जोशी, विरेन्द्र सिंह, प्रो बीएनपी बर्णवाल, पंकज मोदी, संजीव समीर, विनोद कुमार मुन्ना, सुदर्शन यादव, प्रभाकर लाल रावत, अरशद खान, रामचंद्र राम, सुनिती सेठ, सुनील यादव, सुरेंद्र यादव, महेश वर्मा, मुकेश राम, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## जेंडर आधारित हिंसा पर सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** महिला मुक्ति संस्था के द्वारा युवा लड़कियों और महिलाओं के साथ स्थानीय शासन और सरकारी हितधारकों के साथ जेंडर आधारित हिंसा पर जिला स्तर पर सेमीनार का आयोजन किया। यह आयोजन जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ डौली खातून के स्वागत गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था सचिव देवयानी वर्मा ने कहा कि आज भेद भाव किशोरी, महिला ट्रांसजेन्डर, यौनकर्मी विकलांग व्यक्तियों के साथ हो रहा है, उन्हे उचित स्थान प्राप्त हो। खेल में उन्हे भागीदारी मिले। उन्हे सम्मान की नजारियों से देखा जाये, उनके लिए समान अवसर प्राप्त हो, उन्हे



बराबरी का अधिकार मिले। उनके लिए जो सुविधायें उपलब्ध है उनके सुविधानुसार प्राप्त हो। इसके लिए हमलोग जागरूकता अभियान चला रहें हैं। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य कविता सिन्हा, पायल सिन्हा और मुन्ना कुमार पांडे ने बाल विवाह रोक थाम और बाल अधिकार के बारे में विस्तृत चर्चा की। सेमीनार को संबोधित करते हुए मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि महिलाएं और किशोरियों के अंदर जागरूकता आने से क्षेत्र मे कई सारी बदलाव देखने को मिल रहा है। मौके पर इचाक प्रखंड के उपप्रमुख सतेन्द्र कुमार, आंगनबाड़ी सेविका- रीना देवी, बसंती देवी, सहिया मालती देवी, सबीता देवी, सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य इसरत प्रवीण, आसमा खातून, उपमुखिया साजमा खातून और संस्था से लीला कुमारी, शांता सांगा, ज्योत्सना वर्मा, प्रेरणा, काजल, प्रियंका, लक्ष्मी, विनीता कुमारी, डौली खातून, अनिता देवी, रिंकी देवी, पूनम शर्मा, पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**जयनगर। प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें मनरेगा, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वें वित्त आयोग मद, सर्वजन पेंशन और मंईया सम्मान योजना से संबंधित प्रगति की समीक्षा किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा में अधिक से अधिक मजदूरों को 100 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं आवास योजनाओं में लगातार मॉनिटरिंग करते हुए जल्द से जल्द जियो टैगिंग करते हुए आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।**

## सुदिव्य कुमार सोनू को मंत्री बनाये जाने पर दी बधाई

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज कोडरमा जिला ने सुदीव्य कुमार सोनू को हेमंत सरकार में मंत्री बनाये जाने पर हर्ष प्रकट किया है। समाज के जिला अध्यक्ष सुभाष राणा, महासचिव सुखदेव राणा, जिला कोषाध्यक्ष रामदेव विश्वकर्मा, प्रदेश महासचिव हीरामन मिस्त्री, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल राणा, जिला संयोजक गौतम राणा, प्रदेश संगठन सचिव भुवनेश्वर राणा, पूर्व मुखिया रामचंद्र राणा, प्रखंड अध्यक्ष मनोज राणा, कोडरमा नगर अध्यक्ष अरुण राणा, जयनगर प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र राणा, सतगांव प्रखंड अध्यक्ष भागीरथ विश्वकर्मा, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर राणा, मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर राणा, झुमरीतिलैया नगर अध्यक्ष लालजी राणा, डोमचांच नगर अध्यक्ष मुन्ना राणा, जिला उपाध्यक्ष सुभाष राणा, नारायण विश्वकर्मा, पारा शिक्षक बसंत कुमार राणा, चंपा देवी, रघुनंदन राणा, वीरेंद्र राणा, बबलु राणा, विनय राणा, पवन राना, अर्जुन राणा, खूबलाल शर्मा, नारायण राणा, रामदेव विश्वकर्मा रामचंद्र राणा ने बधाई दी है।**

### साइकिल से भारत भ्रमण पर निकला है कुशीनगर का युवक

# दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तरप्रदेश के कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया निवासी सूर्यकांत मिश्रा (32 वर्ष) पिता श्रीराम स्नेही मिश्रा साइकिल से भारत भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में वह शुक्रवार शाम टाटीझरिया के दूधमटिया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि देश में घटते वन क्षेत्र के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के वैश्विक खतरे को देखते हुए उन्होंने साइकिल द्वारा संपूर्ण भारत वर्ष में यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया है। वह 12 नवंबर 2024 को घर से निकले हैं। बताया कि वह रोजाना 20-25 किमी साईकिल चलाते हैं। जहां शाम होता है वहां के ग्राम पंचायत के मुखिया से मिलकर ग्राम सभा के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण करने की बातें बताते हैं। कहा कि सभी माता-पिता अपने




बच्चों का उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें बेहतर से बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की सोचते हैं। उनके भविष्य के लिए हर खास अवसर पर पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वह यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर रूककर पर्यावरण संरक्षण विषय पर संवाद करते हैं। उन्होंने संवेदनशील होकर पर्यावरण के संरक्षण में लोगों को भूमिका निभाने पर जोर दिया। पर्यावरण जागरूकता केंद्र भवन दूधमटिया में अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान वन्यप्रेमियों ने उन्हें दूधमटिया वन वृक्षाबंधन के बारे में बताया। सूर्यकांत मिश्रा ने कहा कि अब आगे के कार्यक्रम में वह लोगों को दूधमटिया की तरह वृक्षाबंधन कर पर्यावरण संरक्षण पर जोर देने की बातें बतायेंगे। मौके पर सर्पमित्र सुरेश राम, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद यादव, मिथलेश पाठक, राजू यादव, सुरेश प्रसाद, सोनू पांडेय, कौलेश्वर मिश्रा, बबली यादव, सुखदेव पांडेय, कौलेश्वर यादव, हीरा यादव, अनिल प्रसाद, किसुन यादव आदि मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक विद्यालय का किया गया निरीक्षण

**इस दौरान उनके साथ पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार और प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता भी मौजूद रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** प्रमुख बीना देवी और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए कई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार और प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता भी मौजूद रहे। प्रमुख बिना देवी और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई आंगनबाड़ी केंद्रों में 11:30 बजे तक एक भी बच्चा



मौजूद नहीं था, जबकि बाकी केंद्रों में रजिस्ट्रार का सही तरीके से रखरखाव नहीं किया जा रहा था। इसके साथ ही, शेखा प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। वहां भी पठन-पाठन व्यवस्था पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरिया और चंदवार और पशुपालन विभाग चंदवार का निरीक्षण किया गया। जांच में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कई अनियमितताएं सामने आयीं और पशुपालन विभाग में नियमित कर्मचारी उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा, खाता संचालन में भी खामियां पायी गयी। प्रमुख बीना देवी ने संबंधित विभागों को सख्त हिदायत दी कि जल्द से जल्द सभी खामियों को दूर किया जाये, अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।

## छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** बीते विधानसभा चुनाव में वालंटियर्स के रूप में बेहतर कार्य करने वाले स्कूली बच्चों को केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल और बीडीओ विवेक कुमार के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में इन वालंटियर्स को प्रशस्ति पत्र दिया गया। जिन्हें सम्मानित किया गया उनमें मध्य विद्यालय कोदवे के छात्र अंकित कुमार और उपेन्द्र कुमार, मध्य विद्यालय कराली के आर्यन कुमार वर्मा, श्रेयस कुमार, रिसी राज, समर कुमार, मध्य विद्यालय जोको के बादल कुमार, जितेंद्र कुमार, मध्य विद्यालय सलगा के राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार और शुभम कुमार का नाम है। इसी प्रकार कन्या मध्य विद्यालय के ऋतिक रंजन कुमार और मोहित कुमार और मध्य विद्यालय पेटो से पम्मी कुमारी, प्रिया कुमारी, आरती कुमारी, गूंजा कुमारी, कुंदन कुमार, सौरव कुमार, प्रियंसु कुमार और सत्यम कुमार का नाम शामिल है। प्रशस्ति पत्र मिलने से स्कूली छात्र काफी खुस दिखायी दे रहे थे।

## प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की हुई समीक्षा बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल के नेतृत्व में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में प्रखंड के सभी विभागों में कार्यरत पदाधिकारी, कर्मचारी और रोजगार सेवक की बैठक हुई जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री/अबुआ आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, पंचायत भवन, पंचायत सुदृढ़ीकरण, खाद्य आपूर्ति, कल्याण विभाग और अन्य विभागों की समीक्षा की हुई। साथ ही अपूर्ण और लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड आपूर्ति सह सांख्यिकी पदाधिकारी भास्कर राज, प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, बीपीओ हीरो महतो, अरुण कुमार, पासवान मुखिया कविता कुमारी, वासुदेव यादव, उप मुखिया राजदेव, मुखिया गीता कुमारी, लीलावती देवी, सुलेखा कुमारी, पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष खुश नारायण मेहता, पंचायत सचिव अशोक तिवारी, जगन्नाथ यादव, स्वाति कुमारी अलका कुमारी, रंजू कुमारी, धीरज कुमार, गोपाल कुमार, रोजगार सेवक सुबोध कुमार सिंह, तूफानी महतो, संदीप कुमार, फजरुल रहमान, योगेश्वर रविदास, मुकेश कुमार, शंभू रविदास, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार, सहित सभी विभागों के पर्यवेक्षक, मुखिया पंचायत सचिव और रोजगार सेवक सहित प्रखंड कर्मी भी उपस्थित हुए।

## फसल को हाथियों के झुंड ने किया नष्ट


**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** खेत में काट कर रखे धान के फसल को चट कर गये गजराज। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गैड़ा पंचायत के ग्राम कीर्तोडीह में काट कर रखे हुए लगभग चार ट्रैक्टर धान के फसल को हाथियों के झुंड ने चट कर दिया। पीड़ित किसान उस्मान अंसारी और तस्लीम अंसारी ने बताया कि वे धान काट कर खेत में छोड़ दिये थे और उसको सुबह घर लाने वाले थे परंतु हाथियों के झुंड ने रात को ही फसल को खा गये। धान के साथ-साथ छह कठा में लगी अरहर की फसल को भी पूरी तरह से खा गये। हाथियों के झुंड की संख्या लगभग 22 से 22 बताई जा रही है जो अटका की ओर से आये थे। गैड़ा पंचायत समित सदस्य सह झामुमो जिला मीडिया प्रभारी महताब हुसैन ने संबंध विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है। ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिले।

## प्रमुख ने किया साइकिल का वितरण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां में साइकिल वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, उप मुखिया रेखा देवी ने 47 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया। मौके पर विद्यालय ब्रांड एंबेसडर ज्ञानी प्रसाद, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष नारायण प्रसाद, उपाध्यक्ष बेबी देवी, विनोद प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, सरिता देवी, बालेश्वर प्रसाद, जरीना खातून, जीवलाल दास, जागेश्वर बैठा, वार्ड सदस्य सरस्वती देवी, राजेश पासवान, प्रधानाध्यापक पवन कुमार, सहायक अध्यापक अजय रविदास, संतोष कुमार दास, गोपेश्वर प्रसाद, राखी रानी, रामचंद्र प्रसाद और उमाशंकर प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मंजीत यादव, उदय साव और सत्येंद्र नारायण सिंह के परिजनों से मिले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शुक्रवार को हजारीबाग पहुंचे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव, राज्य सभा के सदस्य धीरज साहु, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचु, राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, पूर्व विधायक राजेन्द्र प्रताप देव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद, प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी ने शुक्रवार को रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष मंजीत यादव एआइसीसी के पूर्व सदस्य सह अधिवक्ता सत्येन्द्र नारायण सिंह राजीव गांधी पंचायती राज के जिला अध्यक्ष उदय साव के शोक सम्पत परिवारों से मिलकर सांत्वना दिया और कहा कि इस संबंध में वरीय पदाधिकारी से मिलकर शीघ्र ही हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाये जाने की बात कही। सबों ने एकस्वर में कहा कि पीड़ित परिवार के साथ इस दुख: की घड़ी में कांग्रेस आपलोंगो के साथ खड़ी है। मौके पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह, सीपी संतन, सच्चिदानंद चौधरी, जिला प्रवक्ता निसार खान समेत जिला के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो सतपुलिया के समीप शुक्रवार को एक ऑटो की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान मोरियावां निवासी मंगल कुमार (उम्र 22 वर्ष, पिता राज कुमार साव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुमो से तिलैया की तरफ आने के दौरान दोनों वाहनों के बीच टक्कर हो गयी। बाइक सवार घायल को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## डॉ भीमराव अंबेडकर की मनी पुण्यतिथि



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू ब्लॉक मोड़ स्थित सांकुल पतरातू के ग्रामीणों ने भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी। समाजसेवी संजू देवी सहित कई ग्रामीणों ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाजसेवी संजू देवी ने कहा कि उनके कृतित्व व्यक्तित्व के बखान के साथ ही उनके पदचिन्हों का अनुसरण और उनके आदर्शों का आत्मसात कर ही हमें उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सदैव जाति पाति से उठकर देश हित में निर्णय लिया और सभी को जीने का समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करते रहे। इस मौके पर मथुरा राम, मधेश्वर राम, धर्मदास राम, नरेश राम, बिरजू राम, अश्वनी राम, अवधेश राम, अशोक ठाकुर, कुंवर राम, विश्वनाथ राम, लक्ष्मी राम सहित सैकड़ों के संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## चतरा में बाबा साहेब की मनी पुण्यतिथि



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** किसान भवन में शुक्रवार को भीम आर्मी द्वारा बाबा साहेब भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा बनाये गये संविधान की जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा उंच-नीच, जात-पात धर्म से उपर उठकर सभी लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम किये। उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिला और पुरुष भाग लिया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य रनु दास भीम आर्मी प्रदेश प्रवक्ता डॉ योगेश कुमार दास, भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष पिन्टु दास, मिथिलेश कुमार, डॉ अशोक दास, दिलीप दास, अभिषेक कुमार, सबिता देवी, सुनैना देवी, संतन दास सहीत सैकड़ों संख्या में लोग सामिल हुए।

## अनुमोदन और अनुश्रवण समिति की बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ई-कल्याण पोर्टल पर प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं के आवेदन अनुमोदन और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित बैठक की गयी। बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन और अनुश्रवण समिति की बैठक में अनुसूचित जाति-167, अनुसूचित जनजाति-44, पिछड़ी जाति-863 कुल 1074 और राज्य के बाहर 74 (चौहत्तर) कुल-1148 छात्र/छात्राओं को सर्वसम्मति से भुगतान करने का निर्णय लिया गया। वहीं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित जिला स्तरीय बैठक में प्राप्त आवेदनों में से पिछड़ा वर्ग के 94, अनुसूचित जाति 17, अनुसूचित जनजाति के 46 कुल 157 लाभुकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से लाभान्वित करने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित समेत संबंधित सदस्य समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## एनटीपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने पावर प्लांट का किया निरीक्षण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार और एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम के रूप में बना रहे सुपर पावर प्लांट पीवीयुएनएल का शुक्रवार को एनटीपीसी लिमिटेड की मुख्य सतर्कता अधिकारी रश्मिता झा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीवीयूएनएल के महाप्रबंधकों (जीएम), विभागाध्यक्षों (एचओडी) और साइट प्रबंधन समिति के साथ बैठक की। और पीवीयुएनएल के कार्य की प्रगति और सामुदायिक विकास के तहत चल रही विकास कार्यों की जानकारियां ली। उन्होंने पीवीयुएनएल पतरातू में बन रहे निर्माणाधीन पीवीयुएनएल सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट के निर्माण परियोजना स्थल का भी निरीक्षण किया, और अधिकारियों से परियोजना की प्रगति और कार्यों की जानकारी ली। इस मौके पर पीवीयुएनएल के सीइओ आरकेसिंह, महाप्रबंधक संचालन और रखरखाव देवदीप बोस, महाप्रबंधक परियोजनाएं अनुपम मुखर्जी, मानव संसाधन प्रमुख जियाउर रहमान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों शामिल थे।

## प्रखंड में पीएम किसान निधि की हुई बैठक



**मांडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को पीएम किसान निधि की समीक्षा बैठक हुई।बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारी विमल कुमार सिंह ने बैठक में शामिल राजस्व कर्मचारी और किसान मित्रों को प्रधान मंत्री किसान निधि के लाभुकों का आवेदन को अच्छी तरह जांच करने की बात कही। साथ ही एक ही परिवार में एक से अधिक लोग योजना का लाभ ले रहे हैं, ऐसे मामलों की भी गहन रूप से जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक मनोज कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक रामरत्न पांडेय, कन्हैया कुमार, धर्मजीत कुमार, संजय प्रसाद, गजानंद प्रसाद, किसान मित्र बैजनाथ राम, हरि महतो, बबलू कुशवाहा सुरेश महतो, कपिल गंझू, त्रिलोकी महतो, कौशल महतो, दीपक कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## मारपीट कर घायल करने का आरोप

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के हेसापोड़ा पंचायत अंतर्गत टुंगरी डीह गांव में एक युवक ने उसी गांव निवासी एक व्यक्ति को लाठी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जिसे लेकर घायल एतवा मरांडी ने गोला थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि मैं अपने घर में कुछ काम कर रहा था इस बीच गांव के ही एक धिरन मुर्मू नामक युवक अचानक आया और बांस की लाठी से सर में वार कर दिया। बताया कि मेरे पास सामाजिक कार्यों का कुछ रुपया ग्रामीणों ने मुझे रखने दिया था। वो रुपया मुझसे मांग रहा था। मना करने पर मुझपर वार कर दिया। पुलिस से युवक पर कानून कार्रवाई करने की मांग की है।

# युवक का अपहरण कर मांगी जा रही थी फिरौती, अपराधी गिरफ्तार

### सुनसान इलाके और बस स्टैंड में लोगों को लूटता था अशफाक और तौसीफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के एक युवक का अपहरण कर अपराधी फिरौती मांग रहे थे। लेकिन अपराधियों की योजना रामगढ़ पुलिस की सक्रियता से विफल हो गयी। पुलिस ने ना सिर्फ अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया, बल्कि एक अपराधी को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि शहर में फोटोग्राफी का काम करने वाले युवक अनिल कुमार का गुरुवार की शाम रामगढ़ बस स्टैंड से दो लोगों ने अपहरण कर लिया था। अपहरणकर्ताओं ने पहले तो अनिल के पास मौजूद सारी रकम लूट ली। इसके बाद उसी के मोबाइल फोन से उसके पिता को फोन कर 50 हजार रुपये की फिरौती की मांग की। इस मामले में एक अपराधी हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पेलावल गोदखर रोड निवासी अशफाक उर्फ राजू पिता कमरुद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही एक अन्य अपराधी लौहसिंघना थाना क्षेत्र के कल्लू चौक निवासी तौसीफ जावेद पिता जावेद इजहार भागने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



### लिफ्ट देने के बहाने किया अपहरण

एसपी अजय कुमार ने बताया कि पेशे से फोटोग्राफर अनिल बस स्टैंड में हजारीबाग की गाड़ी पकड़ने गया था। वहीं पर अशफाक और तौसीफ जावेद उसे मिले। उन लोगों ने अनिल को हजारीबाग तक लिफ्ट देने की बात कही। बाइक से वे लोग जब हजारीबाग की तरफ निकले तो रास्ते में ही उसके गले पर अपराधियों ने चाकू रख दिया। उसके सारे पैसे लूटने के बाद अनिल के पिता मुर्रामकला, ब्लॉक के पास रहने वाले दिनेश महतो को 50 हजार रुपये के लिए फोन किया। नहीं देने पर बेटे से हाथ धोने की धमकी दी। दिनेश महतो ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही एसपी अजय कुमार ने दो अलग-अलग टीम बनायी और अपराधियों को गिरफ्तार करने की योजना तैयार कर डाली।

**फिरौती के लिए बारकोड शेयर कर रहे थे अपराधी :** अशफाक और तौसीफ ने अपहरण की घटना को अंजाम देने के बाद फिरौती की रकम लेने के लिए बारकोड का इस्तेमाल किया था। जब तक पैसे नहीं मिल जाते तब तक उन लोगों ने अनिल को एक खराब पड़े बस में हाथ पैर बांधकर रखा था। एसपी ने बताया कि अपराधी लगातार अनिल के पिता को फोन लगा रहे थे और पैसे नहीं देने पर धमकियां दे रहे थे।

**कमजोर लोगों को अपना शिकार बनाते थे दोनों अपराधी:** अशफाक और तौसीफ अक्सर कमजोर लोगों को अपना शिकार बनाते थे। वे वैसे लोगों को तलाश करते थे जो रात में अकेले निकलते हो और शारीरिक रूप से कमजोर हो। उन लोगों को सुनसान स्थान पर ले जाकर उनसे रुपए छीनते थे। साथ ही ऑनलाइन में मौजूद पेमेंट भी किसी दूसरे साथी के बारकोड में ट्रांसफर कराते थे। उन्होंने ऐसी कई वारदातों को अंजाम दिया है। लेकिन डर से किसी ने भी उनके खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं करायी। एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार राय, उपेंद्र कुमार, एएसआई सुजीत कुमार सिंह, आरक्षी निकेत कुमार, गोराई महतो सहित रामगढ़ थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया वाहन जांच अभियान

### 443554 रुपया का लगाया गया जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने और ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर गुरुवार और शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के द्वारा भारी मालवाहक वाहनों और अन्य वाहनों का आरसीबुक, फिटनेस,



प्रदूषण और ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग आदि के साथ-साथ वाहनों पर लगाये जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गयी।

**443554 रुपये का लगाया गया जुर्माना:** गुरुवार और शुक्रवार को जांच के दौरान कुल 40 से 42 बड़े वाहनों की जांच की गयी। जिसमें 14 वाहनों के कागजात अधूरे पाये गये उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गयी। जिसमें लगभग कुल 443554 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 14 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट और रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा होने के कारण लगभाग 443554 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### चार व दो पहिया वाहनों की की गयी जांच

जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया और दो पहिया वाहनों की भी जांच की गयी जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गयी। मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें। जांच के दौरान उन्होंने बताया की अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिन वाहनों का परमिट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, ओवरहाइट, ओवरलोड सहित रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं मिलेगा उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जायेगा।

# तेनुघाट डैम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना हमारा लक्ष्य: मंत्री योगेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** झारखंड प्रदेश में नये मंत्रिमंडल का गठन होने के बाद गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो के मंत्री बनने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी जाहिर किया मुरुबंदा गांव पहुंचकर बधाई और शुभकामना देने वाले लोगों की तांता लगी रही गोमिया विधानसभा के लालपनिया, गोमिया, पेटरवार, महुवाटाड कसमार सहित विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों से लोग रामगढ़ जिला के पैतृक आवास मुरुबंदा पहुंचे मंत्री योगेंद्र प्रसाद को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस सिलसिले में गोमिया प्रखंड महिला मोर्चा द्वारा बुके देकर और माला पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री योगेंद्र ने कहा कि गोमिया विधानसभा में पडने वाले



तेनुघाट डैम को एक बेहतर और सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा जिससे पास पड़ोस के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार मिल सकेगा पर्यटन स्थल बनने के बाद राज्य सरकार को राजस्व को भी होगी प्राप्ति, और झारखंड वासियों के लिए एक मनोरम स्थल बन सकेगा। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला गोमिया अध्यक्ष आशा कुमारी, मुरमू तेलु किस्कू, चांदमनी किस्कू, सोनमनी मरांडी, बुधनी मरांडी, बिराजो मरांडी, तालो हांसदा, मेहंती मरांडी, सुरजी मरांडी, शांति टूडू मालती, बास्के उर्मिला सहित सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

## दो अलग-अलग जगह पर सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में दोअलग-अलग जगह पर सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल गये। पहली घटना जवादोहर डैम पर घटी, जहां एक ट्रैक्टर ने एक बच्चे को अपने चपेट में ले लिया जिसमें बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया घायल बच्चा दशरथ भईया का 14 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य के लाया गया गंभीर चोट रहने के कारण उसे गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। रंथं वहीं दूसरी घटना सोहद गांव के पास घटी जहां एक मोटरसाइकिल ने एक ठेला चालक को अपने चपेट में ले लिया जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये गंभीर चोट रहने के कारण गया। मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है घायल में जवादोहर गांव के मोटरसाइकिल चालक धर्मेंद्र भईया और केदली कला के सरदार गुरजीत सिंह शामिल है।

# पुलिस सुरक्षा के बीच सीसीएल तोपा लोकल रोड सेल चालू

### कोयला उठाव के लिए नहीं पहुंची सेल और ट्रांसपोर्टिंग में गाड़ियां

### सीसीएल प्रबंधन को परियोजना बंदी से सात करोड़ का नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सात दिनो से बंद पड़े सीसीएल तोपा परियोजना लोकल रोड सेल का कांटाघर शुक्रवार को पुलिस सुरक्षा के बीच चालू किया गया। लेकिन सेल में कोयला उठाव व केदला घाटों को जाने वाली ट्रांसपोटिंग के लिए देर शाम तक एक भी गाड़ियां नहीं पहुंची है। इधर, कांटा घर में अधिकारियों की मौजूदगी रही। जबकि अपराधियों से मिले धमकी के कारण डीओ होल्डर, लिफ्टर और ट्रांसपोर्टर डरे सहमें है। जिसके कारण कोयला उठाव के लिए अब तक ट्रकों को नहीं भेजा गया है।



### सीसीएल प्रबंधन को सात करोड़ का नुकसान

तोपा परियोजना के सात दिनो की बंदी की वजह से सीसीएल प्रबंधन को तकरीबन सात करोड रुपये के नुकसान होने का अनुमान है। बंदी से घाटो व केदला वासरी के लिए जाने वाला ट्रांसपोर्टिंग कार्य पूरी तरह बाधित है। जबकि लोकल रोड सेल में कोयला उठाव के लिए अब तक एक भी ट्रक नहीं लगी है।

**तोपा कोलियरी में है तैनात पुलिस सुरक्षा बल, गस्ती छापामारी तेज:** जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार कुजू पुलिस के जवान व पैंथर पुलिस तोपा कोलियरी लोकल सेल सहित कांटा घर में कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों की सुरक्षा में दिन रात तैनात है। शुक्रवार को पुलिस सुरक्षा के बीच कांटा घर को चालू कराया गया है। पुलिस कर्मियों की तैनाती के बावजूद पैंथर मोबाइल और पुलिस की गश्ती टीम परियोजना के सुरक्षा में लगातार गस्ती कर रहे हैं। वहीं, डरे-सहमे ट्रांसपोर्टर, डीओ होल्डर, लिफ्टरों का कहना है कि जान पर खेल कर हाईवा और ट्रक लोडिंग पॉइंट पर भेजना सही नहीं है। मालूम हो कि राहुल दुबे ने कोयलांचल क्षेत्र में अपनी उपस्थिति और वर्चस्व को लेकर गत 26 नवंबर की रात्रि तोपा कांटा घर से 50 मीटर की दूरी पर स्थित चेक पोस्ट पर सदस्यों के साथ मिलकर अंधाधुंध फायरिंग कर घटना को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम कर दिया था। जिसके बाद से प्रबंधन ने तोपा कांटा घर बंद कर दिया था। वहीं, मिले धमकी भरा कॉल बाद कांटा बाबू सहित अन्य कर्मियों ने जान माल की सुरक्षा को लेकर कांटा में ड्यूटी करने से इनकार कर दिया था।

## पुलिस ने अज्ञात शव किया बरामद

**गोला(आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शुक्रवार को दामोदर नदी के किनारे स्थित परसाडीह गांव के समीप एक अज्ञात शव को बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि दोपहर को स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली थी कि दामोदर नदी के किनारे एक शव पड़ा हुआ है। जिसकी पहचान नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस शव के पास पहुंची। जिसके बाद आसपास के पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों को भी फोटो भेजकर पहचान करवाने की बात कही। लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई। हालांकि थाना प्रभारी ने बताया कि शव में कहीं कोई चोट की निशान नहीं है। उसके पहनावे से विक्षिप्त सा लगता है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
ई-निविदा सं. : C-710-MHDA-III-GCT, क्र. सं. : 1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : महदेइया-III (MHDA) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास, 2. महदेइया- स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगमग लागत: रू० 22,14,45,004/-, 3. ब्याने की राशि : रू० 2,21,44,500/-, 4. ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 30.12.2024 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 30.12.2024 को 15:30 बजे से, 5. वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद
पीआर/01649/डीएचएन/वा०/टी/24-25/32

## उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक




**कुजू (आजाद सिपाही)।** एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, नहीं तो आने वाले दिनों में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर जैसा अत्याचार का सामना हमारे साथ भी होगा। इसलिए हम सभी हिंदु भाई-बहनों को देश में एकजुटता बनाये रखने की जरूरत है। उक्त बातें उज्ज्वला फाउंडेशन अध्यक्ष सह भाजपा रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने शुक्रवार को बोंगावार में उज्जवला फाउंडेशन की बैठक के दौरान कही। उन्होंने हजारीबाग सदर, बड़कागांव, मांडू, बरही के अलावे रांची महानगर के दो नवनिर्वाचित विधायक का जीत पर बधाई दी। बैठक के दौरान मौजूद सदस्यों से कहा कि मकर संक्रांति के बाद आत्मनिर्भरता के लिए सिलाई मशीन और कंप्यूटर की उपलब्धता कराया जायेगा। मौके पर वीणा कुमारी, कौशल्या देवी, शांति देवी, मनसरी देवी, रिंकु देवी, अनिता देवी, गुड़िया बनो, संगीता देवी, तमन्ना देवी, मीरा देवी, ललिता देवी, मुनिया देवी, मंजू देवी, प्रकाश केशरी, सुखदेव सोनी, छोटन प्रजापति आदि शामिल रहे।

## विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा ने जीएम को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा




**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय में विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा के अध्यक्ष सूरज बेसरा के नेतृत्व में शुक्रवार को महाप्रबंधक अजय सिंह को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में ग्राम पोटंगा के 12 टोला के बेरोजगार विस्थापित ग्रामीणों को कार्तिक माइनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी में प्राथमिकता के आधार पर झारखंड सरकार के नियमानुसार 75 प्रतिशत रोजगार दिया जाये। न्यू बिरसा परियोजना में चल रहे कार्तिक माइनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी में बाहरी मजदूरों को हटाया जाये। न्यू बिरसा रोड सेल में प्रतिमाह पचास हजार टन कोयला का ऑफर दिया जाये, और प्रतिदिन एक सौ गाड़ी लगाया जाये। ताकि ग्राम पोटंगा के 12 टोला का बेरोजगार विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार मिल सके। विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा ने लिखित रुप में महाप्रबंधक को कहा सात दिनों के अंदर सकारात्मक पहल नहीं होता है, तो आगामी 12 दिसंबर को न्यू बिरसा परियोजना के संपूर्ण कार्य को ठप कर दिया जायेगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। मांग पत्र सौंपने वालों में संरक्षक सोनाराम मांझी, अध्यक्ष सूरज बेसरा, सचिव जीतन मुंडा, कोषाध्यक्ष संजय करमाली, गणेश गंझू, मोहन सोरेन, विश्वनाथ मांझी, बिनोद हेम्ब्रोम, सन्नी सोरेन, सीताराम मांझी, झनाराम सोरेन, महावीर मुर्मू, मनाराम टुडू, कामेश्वर मुंडा आदि शामिल थे।

## रकुवा में फिर एक छात्रा बेहोश



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय रकुवा में स्कूली छात्राओं का बेहोश होने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को फिर एक दसवीं क्लास की छात्रा पूनम कुमारी बेहोश होकर गिर गयी। छात्रा को शिक्षकों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। बताया गया कि प्रत्येक दिन की तरह छात्र गंधोनिया गांव से स्कूल पहुंची थी। दोपहर को अचानक बेहोश होकर गिर गयी। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ग दस कि छात्रा प्रिया, रूपा, सरिता, अंजलि सहित एक अन्य पिछले तीन दिन के दौरान एक-एक कर अचानक बेहोस हो गयी थी। इन सभी का इलाज किया जा रहा है। इधर कुछ ग्रामीण इसे अंधविश्वास से जोड़ के देख रहे है। बताया कि विगत माह पहले एक छात्र का सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। इसी से कुछ छात्र को भ्रम हो गया है कि उसकी आत्मा स्कूल परिसर में घूम रहा है। इसकी चर्चा सबसे ज्यादा लड़कियों में वर्ग कक्षा में होती है। वही स्कूल के प्रधानाध्यापक गौतम कुमार का कहना है कि बच्चे खाना खाकर स्कूल नहीं आते हैं। वहीं ठंड के बाद भी गरम कपड़ा का उपयोग नहीं करते हैं। जिसके कारण बच्चे बेहोश हो रहे हैं। लगातार स्कूली बच्चों को बेहोश होने की खबर के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी मामले कि जांच के लिए स्कूल पर नहीं पहुंचे हैं।

## विधायक जनार्दन पासवान ने घर तोड़ने की निंदा की



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** विधायक जनार्दन पासवान ने प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत अंतर्गत ककहिया गांव में वन विभाग द्वारा ग्रामीणों के घरों को जेसीबी मशीन से तोड़े जाने की घोर निंदा किया। विधायक ने कहा की वन विभाग द्वारा गरीब परिवार के साथ पूरा अत्याचार किया गया है। सारा सरकारी तंत्र या न्यायालय जनता के न्याय के लिए बना है। वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल कुमार मीणा के खिलाफ विधानसभा में गरीब परिवार के न्याय के लिए आवाज उठाने का आश्वासन दिया तथा रोते बिलखते महिलाओं को न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिया। इसके साथ ही टिकैतबांध में गंझू परिवार द्वारा टिकैतबांध से कुंदा, मेदवाडीह गांव तक पक्की सड़क बनाने का मांग पर विधायक ने पक्की सड़क बनवाने का भरोसा दिया। इसके अलावा विधायक जनार्दन पासवान द्वारा कुंदा क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव भोक्ता, कुंदा बीडीओ साकेत सिन्हा, अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव, सिकीदाग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश यादव, मरगड़ा मुखिया उपेंद्र पासवान के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद थे।

# गुड गवर्नेंस की चुनौती

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने के 11 दिन बाद यह तय हो पाया कि देवेंद्र फड़णवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि इन चुनावों में महायुति और उसमें भी बीजेपी को जैसा जनादेश मिला था, उसके बाद इस सवाल पर इतनी माथापच्ची होनी नहीं चाहिए थी, लेकिन पिछले वर्षों में प्रदेश की राजनीति में जिस तरह के मोड़ आये हैं, उन्हें देखते हुए आखिरी पलों तक कुछ भी हो जाने का सस्पेंस बना रहा। खुद देवेंद्र फड़णवीस के हालिया करियर को देखें तो 2014 से 2019 तक बतौर मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद 2022 में उन्होंने एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर की। किसी भी महत्वाकांक्षी राजनेता के लिए यह स्वभाविक च्वॉइस नहीं कही जायेगी, लेकिन विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर उन्होंने न केवल सरकार का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया, बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलायी। इसके बाद अब अगर एक बार फिर उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है, तो अपनी पात्रता वह अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं। फिर भी अगर यह सवाल बना हुआ है कि महायुति सरकार की नयी पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पायेगी या नहीं तो उसके पीछे प्रदेश राजनीति के हालिया उतार-चढ़ाव ही हैं। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता, लेकिन राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता। जाहिर है, नये मुख्यमंत्री और बीजेपी नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा। प्रदेश राजनीति की यह खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत को रेखांकित करती है, वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी भी बढ़ा देती है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। साफ है कि विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर देवेंद्र फड़णवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं साबित होने वाली। देखना होगा कि महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नये दौर में ले जाने की जिम्मेदारी वह किस हद तक पूरी कर पाते हैं। साथ ही, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी कर पाती है?

**विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर देवेंद्र फड़णवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं साबित होनेवाली। देखना होगा कि महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नये दौर में ले जाने की जिम्मेदारी वह किस हद तक पूरी कर पाते हैं।**

अभिमत आजाद सिपाही

**संविधान की शुरुआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे, इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिड़ियाघर गये।**

# भारतीय संविधान में कलात्मकता



**गजेंद्र सिंह शेखावत**




हमारा भारत देश संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का एक जीता जागता अनुभव है। इसके इतिहास को सरल शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। इससे भी अधिक कठिन है पांच हजार से अधिक वर्षों की सभ्यता के इतिहास को एक दस्तावेज के रूप में व्यक्त करना, जो देश की स्वतंत्रता के समय एक नये स्वतंत्र हुए राष्ट्र के भाग्य का मार्गदर्शन करने वाला हो। लेकिन आचार्य नंदलाल बोस केवल एक कलाकार नहीं थे और भारत के संविधान पर चित्रण उनके लिये केवल एक और कार्य नहीं था। संविधान में चित्रण के लिए उनकी दृष्टि हड़प्पा सभ्यता के समय से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक भारत की यात्रा का वर्णन करती है। यह सभी चित्रण संविधान के अंतिम पृष्ठ पर सूचीबद्ध हैं और उन्हें बारह ऐतिहासिक काल में वर्गीकृत किया गया हैः मोहनजोदड़ो काल, वैदिक काल, महाकाव्य काल, महाजनपद और नंद काल, मौर्य काल, गुप्त काल, मध्यकालीन काल, मुस्लिम काल, ब्रिटिश काल, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी आंदोलन और प्राकृतिक विशेषताएं। संविधान की शुरुआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे, इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिड़ियाघर गये।

**संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है, जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है।**

प्रस्तावना पृष्ठ और कई अन्य पृष्ठों को बेहर राममनोहर सिन्हा ने डिजाइन किया था। नंदलाल बोस ने बिना किसी बदलाव के प्रस्तावना हेतु सिन्हा जी की बनाई कलाकृति का समर्थन किया। इस पृष्ठ पर निचले दाएं कोने में देवनागरी में सिन्हा का संक्षिप्त हस्ताक्षर राम है।

संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है। बॉर्डर के चार कोनों में चार पशुओं को दशार्या गया है। दर्शाए गए चार जानवर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के आधार से लिए गए हैं। बॉर्डर की कलाकृति में कमल की आकृति प्रमुखता से दिखाई देती है। कमल की आकृति बॉर्डर कलाकृति में प्रमुखता से दिखाई देती है।

संविधान का प्रत्येक भाग एक चित्र से आरंभ होता है और अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग बॉर्डर डिजाइन दर्शाए गए हैं। कलाकारों के हस्ताक्षर चित्र पर और बॉर्डर के पास दिखाई देते हैं जो इस प्रोजेक्ट में सभी के सहयोग को दशार्ता है। अनेक पृष्ठों पर कई हस्ताक्षर हैं जो बंगाली, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में दिखाई देते हैं। भारत के संविधान के भाग 19 में विविध विषयों से संबंधित एक चित्र है जिसमें नेताजी सैन्य पोशाक में अपने सैनिकों से घिरे हुए सलामी दे रहे हैं। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्रण पर दिखाई देते हैं और ए. पेरुमल के हस्ताक्षर पृष्ठ के बाएं निचले कोने पर दिखाई देते हैं। वे कला को लोगों तक ले जाने वाले कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। वे शांतिनिकेतन के गाँवों में जाते और संथाल घरों की दीवारों को जानवरों, पक्षियों और पेड़ों वाली प्रकृति की थीम से सजाते। वे शांतिनिकेतन के कला भवन में चार दशकों से अधिक समय तक नंदलाल बोस जैसे महान कलाकारों के साथ रहे और काम किया, उन्हें स्नेह से 'पेरुमलदा' कहा जाता था। संविधान का भाग VI, जो प्रथम अनुसूची के भाग A में राज्यों से संबंधित है, वह ध्यान में बैठे भगवान महावीर की समृद्ध रंगीन चित्र से शुरू होता है, जिसमें वे अपनी आंखें बंद करके और हथेलियां एक दूसरे पर टिकाकर बैठे हुए हैं। भगवान महावीर के दोनों ओर एक-एक पेड़ हैं और फ्रेम में एक मोर भी दिखायी दे रहा है, जो प्रकृति में सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को दशार्ता है। यह मूल संविधान के कुछ रंगीन चित्रों में से एक है। रंगीन चित्रों में जमुना सेन और नंदलाल बोस के हस्ताक्षर हैं। इस पृष्ठ पर बॉर्डर डिजाइन में राजनीति नामक कलाकार के हस्ताक्षर भी हैं। भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों पर केंद्रित है। इस पृष्ठ पर दिये गये चित्रों में भारत के दो वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह को दिखाया गया है। इस पृष्ठ पर दिये गये चित्र धीरेंद्र कृष्ण देब बर्मन द्वारा बनाये गये हैं, जो त्रिपुरा राजघराने के सदस्य थे और रवींद्रनाथ टैगोर और नंदलाल बोस के साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे। बॉर्डर डिजाइन पर कृपाल सिंह शेखावत के हस्ताक्षर हैं, जो भारत के एक प्रसिद्ध कलाकार और मिट्टी के बर्तन बनाने वाले थे, जिन्हें जयपुर की प्रतिष्ठित ब्लू पॉटरी की कला को पुनर्जीवित करने के लिए जाना जाता है। शांतिनिकेतन में ललित कला संस्थान कला भवन ने भारत और दुनिया के सभी कोनों से छात्रों और कलाकारों को आकर्षित किया, इस प्रकार विभिन्न प्रभावों को समाहित करते हुए उत्कृष्टता की निरंतर खोज करते हुए एक इकोसिस्टम निर्मित किया और अंत में एक अनूठी भारतीय शैली और कला निर्मित की। इस पर काम करने वाले कई कलाकारों ने अपने करियर में महान ऊंचाइयों को हासिल किया, लेकिन इस परियोजना के समय शांतिनिकेतन के छात्र और सहयोगी ही थे, जो अपने श्रद्धेय मास्टर मोशाय नंदलाल बोस के सपने को जीवंत करने के लिए प्रयत्नशील थे। संविधान में चित्रों की प्रेरणा भारत के विशाल इतिहास, भौतिक परिदृश्य, पौराणिक चित्र और स्वतंत्रता संग्राम में निहित है। भारत के संविधान का भाग 13 भारतीय क्षेत्र में व्यापार, वाणिज्य और उनके परस्पर संबंधो से संबंधित है। इस पृष्ठ पर दिया गया चित्रण महाबिलापुरम में स्मारकों के समूह का हिस्सा है जो यूनेस्को द्वारा अंकित विश्व धरोहर स्थल है। गंगा का अवतरण एक बड़ी, खुली हवा में बनी चट्टान की नक्काशी वाली मूर्ति है जो स्वर्ग से धरती पर गंगा नदी के उतरने के कथा को पत्थर में दर्शाती है। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्र पर दिखायी देते हैं और जमुना सेन का नाम बॉर्डर के बायें निचले कोने पर दिखायी देता है।

भाग 3 जो मौलिक अधिकारों से संबंधित है, उसमें रामायण का एक दृश्य दिखाया गया है। इस पृष्ठ के बॉर्डर पर जमुना सेन के हस्ताक्षर हैं। भाग 4 जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है, उसमें महाभारत का एक दृश्य दिखाया गया है। बानी पटेल और नंदलाल बोस के नाम दायीं ओर नीचे दिये गये चित्रण पर दिखायी देते हैं और विनायक शिवराम मसोजी का नाम बॉर्डर के बाएं कोने पर दिखायी देता है।

संविधान का भाग 7 पहली अनुसूची के भाग बी में शामिल राज्यों से संबंधित है। इस खंड की शुरुआत में दिये गये चित्रण में सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म के प्रसार को दर्शाया गया है। उन्हें हाथी पर सवार दिखाया गया है, जो सभी तरह के साज-सज्जा से सुसज्जित है और बौद्ध भिक्षुओं से घिरा हुआ है। यह चित्रण अजंता की शैली में है, जिसमें भिक्षुओं को शरीर के ऊपरी हिस्से को बिना वस्त्रों और आभूषणों के साथ दिखाया गया है। यह चित्रण नंदलाल बोस द्वारा किया गया था, जिनका काम अजंता भित्तिचित्रों में पायी जाने वाली कलात्मक परंपराओं से बहुत प्रभावित था। चित्रण के निचले बायें भाग पर ए पेरुमल का नाम भी दिखायी देता है। बॉर्डर डिजाइन में ब्योहर राममनोहर सिन्हा के हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने प्रस्तावना और कई अन्य पृष्ठों को भी डिजाइन किया था। यहां उन्होंने हिंदी में राममनोहर के रूप में हस्ताक्षर किये हैं। यह संविधान के उन कुछ पन्नों में से एक है, जिस पर नंदलाल बोस और उनके सबसे वरिष्ठ छात्र ब्योहर राममनोहर सिन्हा दोनों के नाम हैं।

भारत का संविधान इस मायने में अनूठा है कि यह मूल रूप से एक हस्तलिखित दस्तावेज था। इसे अंग्रेजी में प्रेम बिहारी रायजादा और हिंदी में वसंत के वैद्य ने सुलेखित किया था। रायजादा ने प्रवाहपूर्ण इटैलिक शैली का इस्तेमाल किया और सुलेख की कला अपने दादा से सीखी। संविधान हॉल के एक कमरे में काम करते हुए, उन्होंने छह महीने के दौरान दस्तावेज तैयार किया। उन्होंने इसे लिखते समय सैकड़ों पेन निब का इस्तेमाल किया। भारत के संविधान के अंग्रेजी संस्करण के सुलेखक प्रेम बिहारी नारायण रायजादा (प्रेम) के हस्ताक्षर दस्तावेज के हर पृष्ठ पर दिखायी देते हैं। राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना को शुरू करने के लिए उन्होंने यही एकमात्र अनुरोध किया था। भारत का संविधान एक मौलिक कला ग्रंथ है, जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है। भारतीय संविधान में कलात्मकता भारत के बहुस्तरीय इतिहास को दशार्ती है और सामाजिक सांस्कृतिक, पौराणिक, क्षेत्रीय, आध्यात्मिक, भौतिक परिदृश्य तथा अन्य कारकों के प्रति श्रद्धांजलि है जो भारत को एक अद्वितीय और जीवंत अनुभव बनाते हैं। यह एक ऐसे राष्ट्र की वास्तविकता को दर्शाता है, जो अपने प्राचीन अतीत को स्वीकार करता है, विविधता में एकता का उत्सव मनाता है और भविष्य की ओर देखता है।


**(लेखक : केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### पीएम ने किया अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन

# पूर्वोत्तर का सामर्थ्य पूरा देश और विश्व भी देखेगा : मोदी

- **पूर्वोत्तर के आठों राज्य में होते अष्टलक्ष्मी के दर्शन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली आज पूर्वोत्तरमय हो गयी है। पूर्वोत्तर के विविध रंग राष्ट्रीय राजधानी में एक सुंदर इंद्रधनुष बना रहे हैं। पहले अष्टलक्ष्मी महोत्सव में तीन दिन तक पूर्वोत्तर का सामर्थ्य पूरा देश और विश्व देखेगा। यहां व्यापार-कारोबार से जुड़े समझौते होंगे। पूर्वोत्तर के उत्पादों से दुनिया परिचित होगी। यह पहला और अनोखा आयोजन है। इसमें बड़े स्तर पर पूर्वोत्तर में निवेश के द्वार खुल रहे हैं। यह पूर्वोत्तर के साथ ही दुनिया भर के निवेशकों के लिए बेहतरीन अवसर है। मैं अष्टलक्ष्मी महोत्सव के आयोजकों को, पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के निवासियों को और यहां आए सभी निवेशकों और अतिथियों को बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 100-200 साल में हमने पश्चिम की दुनिया का एक उभार देखा। आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक हर स्तर पर दुनिया में पश्चिमी क्षेत्र की छाप रही। भारत में भी पश्चिमी क्षेत्र ने देश की विकास यात्रा में बड़ी भूमिका निभायी है। अब कहा जाता है कि 21वीं सदी पूर्व की है। एशिया की है और भारत की है। ऐसे में मुझे विश्वास है कि भारत में भी आने वाला समय पूर्वी भारत का है। बीते दशकों में हमने बंगलूरू, मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई जैसे बड़े शहरों को उभरते देखा है। आने वाले दशकों में हम अगरतला, गुवाहाटी, गंगटोक, आइजोल, शिलांग, ईटानगर, कोहिमा जैसे शहरों का नया सामर्थ्य देखने वाले हैं। इसमें अष्टलक्ष्मी जैसे आयोजनों की बहुत बड़ी भूमिका होगी।

पीएम ने कहा कि अष्टलक्ष्मी महोत्सव पूर्वोत्तर के बेहतर भविष्य का उत्सव है। ये विकास के नूतन सूर्योदय का उत्सव है, जो विकसित भारत के मिशन को गति देने वाला है। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम पूर्वोत्तर के आठों राज्यों में अष्टलक्ष्मी के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में हैं। पूर्वोत्तर में खनिज, तेल और जैव विविधता का अद्भुत संगम है। यहां अक्षय ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। यह धनलक्ष्मी पूर्वोत्तर के लिए वरदान है। हमारा पूर्वोत्तर प्राकृतिक खेती और बाजरे के लिए प्रसिद्ध है। हमें गर्व है कि सिक्किम पहला जैविक खेती करने वाला राज्य है।

उन्होंने कहा कि लंबे समय तक हम सभी ने देखा कि विकास को कैसे वोटों की संख्या से तोला गया। पूर्वोत्तर के पास वोट कम थे, सीटें कम थीं, इसलिए पहले की सरकारों ने वहां के विकास पर ध्यान नहीं दिया। अटलजी की सरकार के दौरान पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया। बीते दशक में हमने प्रयास किया कि दिल्ली और दिल, इससे दूरी का जो भाव है, वो कम होना चाहिए।

पीएम मोदी बोले कि पूर्वोत्तर को हम इमोशन, इकोनॉमी और इकोलॉजी की त्रिवेणी से जोड़ रहे हैं। यहां हम सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बना रहे, बल्कि भविष्य की एक सशक्त नींव तैयार कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में कई शैक्षणिक केंद्र हैं। इन केंद्रों ने आधुनिक भारत के निर्माण में मदद की है। आईआईटी गुवाहाटी, एनआईटी सिलचर, एनआईटी मेघालय इसमें प्रमुख हैं। पूर्वोत्तर को अपना पहला एम्स मिला और देश का पहला राष्ट्रीय खेल विवि मणिपुर में बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बीते दशक में पूर्वोत्तर में अनेक ऐतिहासिक शांति समझौते हुए हैं। राज्यों के बीच भी जो सीमा विवाद थे, उनमें भी सौहार्दपूर्ण प्रगति हुई है। पूर्वोत्तर में हिंसा के मामले में कमी आई हैं। अनेक जिलों से अफ्स्पा को हटाया जा चुका है। हमें मिल कर अष्टलक्ष्मी का नया भविष्य लिखना है। इसके लिए सरकार हर कदम उठा रही है। पिछले एक दशक में सिर्फ एक योजना के तहत पूर्वोत्तर पर 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किये गये हैं। यह पूर्वोत्तर के प्रति मौजूदा सरकार की प्राथमिकता को दशार्ता है। इस योजना के अलावा, हमने पूर्वोत्तर के लिए विशेष योजनाएं भी शुरू कीं।

# पाकिस्तानियों को बिना सिक्योरिटी क्लीयरेंस बांग्लादेश में एंट्री मिलेगी

**भारतीय नागरिकों को वीजा देने में कटौती की गयी**

**एजेंसी**

**ढाका।** पाकिस्तानी नागरिक अब बिना सिक्योरिटी क्लीयरेंस के भी बांग्लादेश में एंट्री कर सकेंगे। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा अप्लाई करने से पहले सिक्योरिटी क्लीयरेंस की शर्त को खत्म कर दिया है। लोकल मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश के गृह मंत्रालय के सिक्योरिटी सर्विसेज डिवीजन ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में जानकारी दी। पाकिस्तानी नागरिकों को साल 2019 से बांग्लादेशी वीजा अप्लाई करने से पहले सिक्योरिटी सर्विसेज डिवीजन से नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना जरूरी था।

वहीं भारतीय नागरिकों को बांग्लादेश का वीजा देने में कटौती की जा रही है। ढाका ने इसे लेकर बांग्लादेश के कोलकाता मिशन को आदेश भेजा है। बांग्लादेश और भारत के रिश्तों में तल्खी लगातार बढ़ती जा रही है। बांग्लादेश के फॉरेन एडवाइजर तौहीद हुसैन ने भी इस बदलाव को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त के बाद भारत के साथ संबंधों में बदलाव आया है और यह हकीकत है। मेरा मानना है कि भारत यह समझ जाएगा कि बदले हुए हालात में बांग्लादेश के साथ रिश्तों को कैसे आगे बढ़ाया जाये।

**बांग्लादेशी कमीशन में तोड़फोड़ मामले में 7 गिरफ्तार :** गुरुवार को युनूस सरकार ने कोलकाता और त्रिपुरा से अपने 2 डिप्लोमैट्स को वापस बुला लिया है। यह कार्यवाही 2 दिसंबर को अगरतला में बांग्लादेशी डिप्टी हाई कमीशन में तोड़-फोड़ के घटना की वजह से की गई है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश सरकार ने भारतीय डिप्लोमैट को तलब भी किया था।

त्रिपुरा पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और बांग्लादेश मिशन में तोड़फोड़ की घटना में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। त्रिपुरा के अगरतला में लगभग 50 लोगों ने बांग्लादेश डिप्टी हाई कमीशन में घुसपैठ की थी।

### किसानों ने शंभू बॉर्डर से वापस बुलाया जत्था

# कल फिर दिल्ली कूच करेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर बैठे किसानों ने शुक्रवार को दिल्ली की तरफ कूच करना था। दोपहर एक बजे 101 मरजीवड़ों का जत्था दिल्ली के लिए आगे बढ़ा। किसानों ने बैरिकेडिंग और कंटीले तार हटा दिए लेकिन हरियाणा पुलिस ने बॉर्डर पार नहीं करने दिया। काफी देर तक किसान बैरिकेडिंग के सामने खड़े रहे और कहते रहे कि हम पैदल जाना चाहते हैं।

शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि अब 101 किसानों का 'जत्था' 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे दिल्ली की ओर कूच करेगा। कल का दिन केंद्र सरकार से बातचीत के लिए रखा गया है। उन्होंने कहा है कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, हम कल तक इंतजार करेंगे। हम सरकार से टकराव नहीं चाहते हैं।

वहीं, पुलिस का कहना था कि किसान दिल्ली पुलिस की अनुमति लेकर आयें, तभी उन्हें आगे बढ़ने दिया जायेगा। वहीं किसान आंदोलन को देखते हुए अंबाला में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयी है। अंबाला के डंगदेहरी, लोहगढ़, मानकपुर, डडियाना, बारी घेल, लहारसा, कालू माजरा, देवी नगर, सद्दोपुर, सुल्तानपुर और काकरू में 9 दिसंबर तक मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद रहेगी।

इसी दौरान एक किसान बैरिकेडिंग पर बने शेड पर चढ़ गया। पुलिस ने उसे चेतावनी देकर नीचे उतारा। इससे पहले कुछ किसान लोहे के जंगले पर चढ़े, तो उन पर स्प्रे किया गया, जिससे आंखों में जलन हो रही है। किसानों के अनुसार, स्प्रे मिर्ची वाला था।

किसानों ने हाथ में अपने संगठन के झंडे पकड़े हुए हैं। इसके अलावा कई किसानों ने तिरंगा भी पकड़ा हुआ है। सभी ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ है। लगभग एक घंटे बाद पुलिस की तरफ से किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़ने शुरू किये गये। बैरिकेड पर लगी जाली हटाने पर पुलिस ने कार्रवाई की।

किसानों को हरियाणा की तरफ से वापस जाने की अपील की जा रही थी। वहीं किसानों का कहना था कि हमें अपनी राजधानी में जाने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं है। हरियाणा की तरफ से करीब 26 से ज्यादा आंसू गैस के गोले छोड़े गये। हरियाणा पुलिस की तरफ से प्लास्टिक की गोलियां भी चलायी गयी। छह किसान जख्मी हुए हैं।

# गुजरात के सूरत में 14 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

**70 हजार में डिग्री देने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 8वीं पास भी इलाज कर रहा था**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सूरत।** गुजरात पुलिस ने सूरत से डॉक्टरी की फर्जी डिग्री देने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह पिछले 32 साल से कम पढ़े-लिखे बेरोजगारों को 70 हजार में फर्जी डिग्रियां देने का काम कर रहा था। रजिस्ट्रेशन रिन्यू करवाने के लिए 5 हजार रुपए फीस भी लेता था। इनमें से एक तो आठवीं पास है। वहीं एक फर्जी डॉक्टर शमीम अंसारी भी शामिल है, जिसके गलत इलाज की वजह से कुछ दिन पहले एक बच्ची की मौत हो गयी थी। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।



मुख्य आरोपी डॉ रमेश गुजराती (बीच में), बीके रावत (बायें)।

गिरोह के 2 मुख्य आरोपी डॉ रमेश गुजराती और बीके रावत के पास से पुलिस को सैकड़ों एप्लिकेशन और सर्टिफिकेट मिले हैं। यह गिरोह अब तक 1200 लोगों को फर्जी डॉक्टरी सर्टिफिकेट दे चुका था।

पुलिस ने खबर मिलने पर पांडेसरा में 3 क्लिनिक पर छापा मारा, जहां इनके पास से बैचलर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन एंड सर्जरी के सर्टिफिकेट मिले, जिन्हें सूरत के ही 2 डॉक्टरों ने जारी किया था। इनकी जांच करने पर पता चला कि जो सर्टिफिकेट इन्हें दिया गया था, वह गुजरात सरकार से मान्यता प्राप्त नहीं है। पुलिस के साथ छापा मारने गयी टीम ने भी कहा कि डिग्री फर्जी है।

गुजराती ने 2002 में गोपीपुरा इलाके में एक कॉलेज शुरू किया था, लेकिन छात्रों की कमी के कारण कॉलेज बंद हो गया। इसके बाद उसने रावत के साथ मिलकर डिग्रियां बेचने का धंधा शुरू कर दिया।

# भवनाथपुर रेलवे लाइन से गिट्टी और बोल्डर की चोरी जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर से मेराल गांव तक लगभग 35 किमी तक सेल द्वारा बिछाये गये रेलवे लाईन से पत्थर माफियाओं द्वारा लाखों रुपए मूल्य की मेटल और गार्डर में लगे बोल्डर को चोरी द्वारा चोरी किये जाने का मामला बदस्तूर जारी है। पत्थर माफियाओं ने रेलवे लाइन के बिछाने में लगे गिट्टी और पत्थर को निकालकर आस पास के क्षेत्रों में निजी और सरकारी योजनाओं में धड़ल्ले से बिक्री कर रहे है। वहीं रेलवे लाइन से गिट्टी और बोल्डर की चोरी की इस घटना से सेल के अधिकारी भी बेखबर है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलान के जंगल एवं बरडीहा जाने वाली रास्ता जमुनिया नाला पुल के समीप सेल के रेल लाइन में बिछाया गया गिट्टी तथा गार्डवाल में लगे बोल्डर को पत्थर चोरों द्वारा खोदकर निकालते हुए वही पास में बड़े पैमाने पर डंप कर रखा हुआ है। रेलवे लाईन व गार्डवाल से निकाले गए गिट्टी और बोल्डर को चोरों द्वारा ट्रैक्टर पर लादकर जरूरत के हिसाब से आस पास के क्षेत्रों में संचालित सरकारी योजनाओं सहित निजी निर्माण कार्यों के लिए ऊंची कीमतों पर बेचा जा रहा है। जानकारों की माने तो चोरों द्वारा रेलवे ट्रैक और गार्डवाल से अवैध तरीके से उत्खनित गिट्टी और बोल्डर की चोरी में आस पास के पत्थर माफियाओं का हाथ हो सकता है।

# 51 लाख की अवैध विदेशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**शराब को बिहार और झारखंड के अन्य इलाकों में पहुंचाने की योजना थी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध विदेशी शराब से लदा कंटेनर और एक कार को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि लुधियाना (पंजाब) से अवैध विदेशी शराब का बड़ा खेप बिहार और झारखंड के अन्य इलाकों में पहुंचाने की योजना है। इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वंशीधरनगर के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया।

5 दिसंबर 2024 को नगर उंटारी थाना गेट और सिरिया टोंगर के पास पुलिस ने वाहनों की जांच शुरू की। चेकिंग के दौरान एक कंटेनर (यूपी 21 इटी 0940) रोका गया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। सघन जांच में कंटेनर में बड़ी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गयी। कंटेनर के साथ-साथ एक कार (एचआर 26 डीजेड 2900) भी पकड़ी गयी। जिसमें दो व्यक्ति कंटेनर को सुरक्षा देने के लिए स्कॉर्ट कर रहे थे।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम गणपत लाल (35 वर्ष), जिला बाड़मेर, राजस्थान है। जबकि दूसरा पिंटु सैनी (39 वर्ष), जिला गुड़गांव, हरियाणा का रहनेवाला है। जबकि तीसरा अमित कुमार (41 वर्ष), जिला गुड़गांव, हरियाणा का निवासी है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स सामान से संबंधित फर्जी दस्तावेज बरामद की गयी है। एसपी ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में नगर उंटारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक और अन्य 10 पुलिसकर्मियों ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों पर नगर उंटारी थाना कांड संख्या-241/2024 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश और जांच में जुटी है।

# भाजपाइयों ने बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पिंडरा गढ़वा में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर ने देश के उत्थान के लिए काम किया। संविधान निर्माण को लेकर भीमराव अंबेडकर ने अपने संविधान निर्माण समिति के सदस्यों के साथ मिलकर विश्व के अनेकों देश का भ्रमण कर अनेकों संविधान का अध्ययन किया और फिर भारत के लिए संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने संविधान में गरीब अमीर हर तरह के व्यक्ति के लिए संविधान में समान अधिकार का प्रावधान किया। अंबेडकर ने सर्वजन के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोग व्यक्तिगत उत्थान के लिए भीमराव अंबेडकर के नाम पर राजनीति कर समाज को अलग-अलग करके राजनीति कर रहे हैं जबकी भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा समय देश को एकत्र कर राष्ट्र के उन्नति के लिए काम किया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय ठाकुर, जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, जिला कार्यसमिति सदस्य सुरेंद्र विश्वकर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, एससी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता अरविंद तुफानी, महामंत्री सुरेंद्र राम, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, मनोज पाठक, रितेश दुबे, दिलीप कुमार धनंजय गौड़ कंचन पांडेय इंद्रेश पांडेय मनोज कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सभी अपूर्ण योजनाओं को एक सप्ताह में करें पूरा : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा किया गया। बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने एक-एक कर अपने विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया।

समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत योजनाएं, आंगनबाड़ी योजना, पोषण ट्रैकर, 15वें वित्त समेत अन्य योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा की।

बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के उपरांत सभी पदाधिकारियों से कहा कि जितनी भी योजनाएं अभी तक अपूर्ण है उसे एक सप्ताह में अंदर पूर्ण करते हुए सूचित करें। जिले का कोई भी योग्य व्यक्ति सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से वंचित न रहने पाये। जिला प्रशासन इसको पूर्ण करने हेतु दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हम सभी टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए इन सभी योजनाओं को पूर्ण कर लेंगे।

उक्त बैठक में उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, भूमि उपसमाहर्ता सह पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का कुमारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# सुसाइड कर चुके युवक को मदगड़ी में दहशरा पूजा में हुए हंगामे में बना दिया गया आरोपी

**अनुसंधान में लापरवाही के मामले में निलंबित किये गये थाना प्रभारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया के मदगड़ी गांव में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन में हुई हिंसा के मामलों पर पुलिस ने सुसाइड कर चुके युवक को भी इस कांड का आरोपी बना दिया। जबकि उक्त युवक दो साल पहले ही आत्महत्या कर चुका है। इस मामले में अनुसंधान में लापरवाही के मामलों को लेकर भंडरिया के निवर्तमान थाना प्रभारी आशीष जायसवाल पर कार्रवाई हुई। उन्हें निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भंडरिया के प्रमोद केशरी के पुत्र अनूप केशरी करीब दो साल पहले आत्महत्या कर चुका है। रिपोर्ट के अनुसार भंडरिया के मदगड़ी में हुई हिंसा में 52 नामजद और 1000 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसमे रिपोर्ट के अनुसार घटना के बाद पुलिस ने गुप्तचर और वीडियो फुटेज को खंगाल कर पांच आरोपियों की पहचान की। इसमें मदगड़ी के जय महतो, मरदा के नितेश केशरी, बघवार के देवसागर सिंह, भंडरिया के विपिन मिश्रा के अलावे भंडरिया निवासी प्रमोद केशरी के पुत्र अनूप केशरी की पहचान कर इन्हें अप्राथमिक अभियुक्त बनाया। लेकिन अनूप की मौत दो साल पहले हो चुकी है। इस संबंध में पूछे जाने पर गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि अनुसंधान में लापरवाही के मामले पर थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में भंडरिया पुलिस की ओर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजे गये नामजद अभियुक्त अशोक कुमार गुप्ता को न्यायलय ने जमानत दी है। वहीं अप्राथमिक अभियुक्त नितेश केशरी को पुलिस ने पिछले दिनों गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इधर इस मामले में पुलिस की ओर से बनाये गये नामजद 52 आरोपियों को न्यायलय ने जमानत दे दी है।

# एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार शाम को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था, एंबुलेंस उपलब्धता, ममता वाहन, इमरजेंसी ओपीडी, ब्लड बैंक, रोस्टर ड्यूटी उपस्थित पंजी आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने अस्पताल उपाधीक्षक एवं संबंधित कर्मियों के साथ बैठक कर अव्यवस्थाओं से संबंधित लगातार मिल रही शिकायतों के पीछे के कारणों व उनके निवारण उपायों के अलावा अस्पताल कर्मियों के सामने आ रही व्यवहारिक समस्याओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई का स्तर संतोषजनक मिला, इमरजेंसी ओपीडी में भी डॉक्टर मौजूद रहकर रोगियों को अच्छे से देख रहे थे। परंतु रोस्टर के अनूरूप ड्यूटी में प्रतिनियुक्त प्रसूति रोग विशेषज्ञ मौके पर अनुपस्थित मिलीं। हालांकि इस पर अस्पताल उपाधीक्षक ने तत्काल संबंधित महिला चिकित्सक को फोन कर निर्देश दिया कि वे अपनी रोस्टर ड्यूटी में अविलंब उपस्थिति दर्ज करायें। ब्लड बैंक में व्यवस्था अपेक्षानुरूप नहीं पायी गयी। वहीं डायलिसिस सेंटर में तीन रोगी मौके पर डायलिसिस करा रहे थे और डायलिसिस सेंटर के बाहर बैठे उनके परिजन अस्पताल की इस व्यवस्था से काफी संतुष्ट नजर आये। अस्पताल भ्रमण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने दो दिन पहले रस्सी से लटके मिले स्लाईन बोतल के संबंध में छपी खबर के बारे में भी जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि इस प्रकार की पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं होनी चाहिए। एसडीओ ने कहा कि उपायुक्त श्री शेखर जमुवार के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम सदर अस्पताल की बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत है।

# डीएलएड परीक्षा में आरकेवीएस कॉलेज का परिणाम रहा शत प्रतिशत



खुशनुमा और गरिमा।

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरकेवीएस महाविद्यालय में डीएलएड सत्र 2022-24 का परिणाम शानदार रहा। गढ़वा जिले में दूसरे और तीसरे स्थान पर महाविद्यालय की छात्रा क्रमशः खुशनुमा एकबाल और गरिमा कुमारी ने स्थान लाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया और महाविद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। महाविद्यालय परिवार छात्र-छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर किया और उनके अच्छे प्रदर्शन पर महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने सफल सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम महाविद्यालय के प्राध्यापकों के कुशल निर्देशन और छात्र -छात्राओं के कठिन परिश्रम की देन है। परीक्षा में सफल छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन में हमेशा मेहनत करते रहिए। अनुशासन, उत्तम आचरण और समय के पाबंद के साथ साथ किताब को अपना सच्चा दोस्त बनाइये तभी आप एक अच्छे शिक्षक बन सकते हैं । शिक्षक समाज का निमार्ता होता है इसलिए आप अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से करें।

# हाथियों के झुंड ने बैरिया गांव में तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त



**रामकंडा (आजाद सिपाही)।** भंडरिया वन क्षेत्र बैरिया गांव में हाथियों के झुंड ने गुरुवार की देर रात उत्पात मचाते हुए तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया ।साथ ही घर के अंदर रखे गये अनाज को चट कर गए ।जिनके घरों को क्षतिग्रस्त किया इनमें जगदीश लोहारा ,दिनेश नायक, नथुनी कोरवा का नाम शामिल है। पीड़ित किसानों ने शुक्रवार को बताया कि देर रात अचानक पहुंचा हाथियों के झुंड ने घरों को नुकसान करते हुए घर के अंदर रखे हुए अनाज को चट कर दिया। हाथियों के आने के बाद हमलोगों ने किसी तरह भागकर जान बचाते हुए दूसरे टोले में पहुंचकर अन्य लोगो को जानकारी दी। इसके बाद हाथीयों के झुंड को जंगल को टीना बजाकर, टॉर्च व मशाल जलाकर जगंल की ओर खदेड़ा गया तब जाकर लोगो ने राहत की सांस ली ।इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के वार्चर चंदन कुमार ने इसकी जानकारी ली एवं विभाग से जल्द से जल्द सरकारी प्रावधन के तहत मुआवजा की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।

# सपही से अवैध बालू ढुलाई बंद, लौटे दर्जनों ट्रैक्टर

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भंडरिया के थाना प्रभारी आशीष जायसवाल का अनुसंधान में लापरवाही के मामलों पर निलंबित होने के बाद प्रभार लेते ही भंडरिया थाना प्रभारी किशोर कुमार एक्शन मोड में आ गये। वहीं भंडरिया के कुरुन गांव स्थित सपही नदी से चल रहे बालू के अवैध उत्खनन व इसके परिवहन पर लगाम लगना शुरू हो गया। थाना प्रभारी के एक्शन मोड में आते ही बालू के अवैध कारोबार में लगे दर्जनों ट्रैक्टर बीती रात पाट मोड़ से ही वापस रमकंडा लौट गये। इस तरह प्रभार लेते ही उनके एक्शन मोड में आने की चर्चा रमकंडा के चौक चौराहों पर हो रही है। चर्चा हो रही है कि सपही से अवैध बालू की ढुलाई के मामलों पर कार्रवाई होने की खबर पर बालू माफियाओं ने रात में बगैर बालू का उत्खनन किये बैरंग वापस लौट गये। इसके बाद से बालू का उठाव दो दिनों से बंद है।

# परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में मेगा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** चिनिया रोड स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में शुक्रवार को एक विशेष मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन अस्पताल के प्रबंधक डॉ. जेपी सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. कुमार निशांत सिंह के जन्मदिन पर आयोजित किया गया।

शिविर की शुरूआत डॉ. कुमार निशांत सिंह ने अपने जन्मदिन पर केक काटकर और स्वयं रक्तदान कर की। उनकी इस पहल ने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। इसके बाद समाजसेवियों, अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों और उनके मित्रों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के आइसीयू डॉक्टर डॉ अभिलाष, नर्सिंग सुपरवाइजर शंकर, आइसीयू इंचार्ज अनुराग, अस्पताल के मैनेजर संतोष मेहता, सिस्टर अंजू, रागिनी, आशा रजनीकांत और सुजीत ने रक्तदान किया।

शिविर के दौरान डॉ. कुमार निशांत सिंह को जिले भर के चिकित्सकों, समाजसेवियों और उनके मित्रों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मौके पर डॉ निशांत के पिता दौर जेपी सिंह एवम डॉ नीतू सिंह ने भी उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने सदर अस्पताल ब्लड बैंक की ओर से बेहतर कार्य के लिए परमेश्वरी मेडिकल सेंटर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया ।

डॉ. कुमार निशांत सिंह ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। उनका मानना है कि रक्त की अनुपलब्धता के कारण किसी की जान न जाये। इस दृष्टिकोण से विभिन्न अवसरों पर परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री वंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में द्विदिवसीय बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग का शुभारंभ भारतमाता, ॐ और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर विद्यालय के सह सचिव और पूर्व छात्र चंदन कुमार एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा किया गया।

उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस वर्ग से बालक और बालिकाओं में सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास होता है। अपने भारतीय प्राचीन खेल खो-खो, पिट्टो, कबड्डी, स्लो साइकिल रेस में बच्चे घर से अभ्यास कर यहां प्रतिस्पर्धा में अपना परचम लहराते हैं।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भइयों को मुख्य अतिथि चंदन कुमार, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, समिति सदस्य सुनील चौबे, अभिभावक रविरंजन पाण्डेय, आचार्यझ्र सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पाण्डेय, नंदलाल पाण्डेय, प्रदीप कुमार गुप्ता, नीरज कुमार व प्रसून कुमार द्वारा मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।

# गढ़वा से 35 किमी दूर पनघटवा डैम सैलानियों को कर रहा आकर्षित

जितेंद्र कुमार यादव



**डंडई (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष को लेकर अभी से ही पनघटवा डैम पर सैलानियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिससे पनघटवा डैम अभी से ही गुलजार होने लगा है। मालूम हो कि डंडई व धुरकी प्रखंड के सीमांत पर स्थित पनघटवा डैम बेहतर पर्यटक स्थल है। यह गढ़वा जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर पश्चिम दिशा में अवस्थित है। प्रकृति की गोद में बसा यह डैम पर्यटकों के लिए आकर्षक और मनोरंजक माना जाता है। हजारों लोग यहां आकर प्रकृति के वादियों का आनंद लेते हैं। खासकर दिसंबर से लेकर आखिरी जनवरी तक सैलानियों की काफी भीड़ लगी रहती है। इधर नववर्ष के मौके पर पनघटवा डैम पिकनिक मनाने वालों की पहली पसंद बन चुका है। इस दिन स्थानीय गांवों के साथ-साथ जिले के विभिन्न भागों झारखंड, बिहार,छत्तीसगढ व अन्य राज्यों से काफी संख्या में इस पर्यटक स्थल के दर्शन करने पहुंचते हैं।वही प्रकृति का सौंदर्य दृश्य का आनंद उठाते हैं। उक्त स्थल पर लोग पहुंचते ही प्राकृतिक दृश्यों को अपने मोबाइल में कैद करते हैं और वहां की वादियों को लुक के साथ निहारते हैं। डैम काफी गहरा होने के कारण इसमें सालों भर पानी जमा रहता है।

**पनघटवा डैम की खूबसूरत वादियां सैलानियों को अपनी ओर खींचता है: जितेंद्र ठाकुर**

रारो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार ठाकुर ने कहा कि पनघटवा डैम की खूबसूरत वादियां सैलानियों को अपनी ओर खींचता है।

**पिकनिक के साथ- साथ नौका विहार करना काफी आनंददायक लगताः जफर**


कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जफर इकबाल ने कहा कि पनघटवा डैम पर हमलोग कई वर्षों से पिकनिक मानते आ रहे हैं। पिकनिक के साथ- साथ नौका विहार करना काफी आनंददायक लगता है।

दिसंबर व जनवरी महीने में गढ़वा जिला सहित छत्तीसगढ़, यूपी व बिहार के लोग यहां पिकनिक मनाते आते हैं। लोग यहां आकर प्राकृतिक लुक से आकर्षित हो जाते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# हार हो या जीत समीक्षा जरूर होनी चाहिए: प्रकाश राम

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा में चुनाव में लातेहार विधानसभा क्षेत्र से काफी कम प्रतिशत से चुनाव जीत के बाद शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड भाजपा की समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में शामिल होने पहुंचे लातेहार विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के विधायक प्रकाश राम ने कहा कि जीत हो या हार समीक्षा होनी चाहिए। वरना हम आगे बढ़ नहीं सकते हैं। विधायक प्रकाश राम ने कहा, क्या कमियां और खामियां हैं, उसको देखने के लिए समीक्षा होती है। हमारा शीर्ष नेतृत्व यहां आया है और हमारे प्रभारी, बालूमाथ प्रखण्ड अध्यक्ष समेत पंचायत और बुथ स्तर कर्मठ कार्यकर्ता और अन्य वरिष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकर्ता अपनी राय देंगे। इस समीक्षा के दौरान जो बातें निकाल करके आएंगी, उसे सुधारने की कोशिश की जायेगी। यह समीक्षा बैठक पार्टी के लिए अच्छा संकेत है, निश्चित रूप से इसको जरूर होना चाहिए।इसमें कभी भी चूक नहीं होनी चाहिए और यह बैठक बहुत जल्द हो रही, जो बड़ी बात है। इसमें लोग अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा, भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक सभी एक साथ बैठ कर चर्चा करते हैं और चुनाव के पहले हो या बाद में, सबसे पहले बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ ही संवाद करते हैं। भाजपा विधायक प्रकाश राम ने कहा कि यह हमारी पार्टी के लिए सौभाग्य की बात है। हम एक कार्यकर्ता होने के नाते गर्व महसूस करते हैं। पार्टी ने हमेशा सिखाया है कि स्वाभिमान के साथ कोई समझौता नहीं करना है, क्योंकि हम राज्य और राष्ट्रहित के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा, कि भाजपा में सभी एक परिवार के सदस्य हैं और इसी के नाते सभी एक परिवार होकर लड़ाई भी लड़ते हैं. लोकतंत्र की सुंदरता है कि कभी हम पक्ष में रहते हैं, तो कभी विपक्ष में। हम सब एक थे और हमेशा ही एक परिवार की तरह रहेंगे। हालांकि उपस्थित सभी बुथ अध्यक्ष, संयोजकों ने भी अपने अपने उदगार व्यक्त करते हुए दबे जुबान मे कहा की हमारे बुथो में भीतरघात हुआ है, जीसे नहीं नकारा जा सकता है । समीक्षा बैठक में बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, संजीव सिन्हा, शैलेश सिंह, सुनील पांडे, रविंद्र सिन्हा, अर्जुन साहू, कृष्णा यादव , प्रेम प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता , संतोष सिन्हा, अमन कुमार सिन्हा, दिलीप कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिन्हा, सुमन सिन्हा, रामकुमार गुप्ता, त्रिवेणी साहू सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## कोयला व्यवसायी मुकेश सिंह के घर पर दहशतगर्दो ने की फाइरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** अपराधियों ने बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित कोयला व्यवसायी सह भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह के घर पर अंधाधुंध फायरिंग की है। अज्ञात अपराधियों के द्वारा की गयी गोलीबारी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और डीएसपी विनोद रवानी के निर्देश पर थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। दरअसल, कोयला व्यवसायी मुकेश कुमार सिंह के घर के बाहर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अपराधी आए और उनमें से दो अपराधी मोटरसाइकिल से उतर गए. अपराधी बंदूक लहराते हुए मुकेश कुमार सिंह के घर के दरवाजे के पास अंधाधुंध फायरिंग आरंभ कर दिया. इस दौरान अपराधियों के द्वारा गाली गलौज भी की गई. लगभग 6 राउंड गोली चलाने के बाद अपराधी मोटरसाइकिल पर सवार हो हवाई फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग मुकेश कुमार के घर के पास पहुंचे, लेकिन तब तक अपराधी वहां से फरार हो गये थे। इसके बाद लोगों ने इस वारदात की जानकारी पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की पड़ताल में जुट गयी है। अपराधियों के द्वारा की गयी पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि दो अपराधी कोयला व्यवसायी मुकेश कुमार सिंह के घर के पास पहुंचे और दरवाजे के पास आकर फायरिंग आरंभ कर दी। सीसीटीवी में दिख रहा है, कि अपराधियों के द्वारा कई राउंड गोलियां चलाई गयी हैं. हालांकि गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस की टीम ने सीसीटीवी फुटेज को भी देखकर मामले की छानबीन आरंभ की है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है, उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी भी आरंभ कर दी गयी है। मोहल्ले में फायरिंग की वारदात के बाद लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि अपराधियों के द्वारा रंगदारी के लिए दहशत फैलाने के लिए इस प्रकार की घटना को लगातार अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन पुलिस अपराधियों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है।

## भाजपा ने की विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक भीमराव आंबेडकर की मनायी पुण्यतिथि



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के चारदीवारी में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी प्रेम सिंहमुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुरूआती के पहले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मौके पर उपस्थित लोगों ने मनिका विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के हार पर चिंतन मंथन किया गया। जिसमें कई कार्यकताओं ने चुनाव हार का कारण आपसी गुटबाजी भीतर घात का कारण बताएं। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा की पार्टी विरोधी कार्य करने वाले लोगो पर पार्टी करावाई करेंगी। मौके पर राजधानी प्रसाद यादव, जिला महामंत्री बंसी यादव, ईश्वरी सिंह, कौशल किशोर प्रसाद,शंकर दुबे, मंदीप कुमार, लव कुमार दुबे,अमरेंदर कुमार,समेत मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव संचालन समिति, शक्ति केंद्र का संयोजक सह संयोजक समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भीमराव आंबेडकर की मनायी गयी पुण्यतिथि



**लातेहार(आजाद सिपाही)। लातेहार संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की आज 68 वीं पुण्यतिथि बहुजन समाज पार्टी के द्वारा स्वामी विवेकानंद पार्क मे उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि देकर मनायी गयी। जिला प्रभारी मुनेश्वर राम ने संबोधित कर बताया कि अंबेडकर जी के अथक प्रयास त्याग और बलिदान से जो अधिकार आम जनता को प्राप्त हुआ है। उस अधिकार का हनन लातेहार में खुल्लम-खुल्ला हो रही है। कोलियरी खुला हुआ है। लोगों का जमीन चला गया है। मुआवजा नहीं मिल रही ह और नौकरी नहीं मिल रही है। मइया सम्मान देकर के मूल कार्य की समस्या को अनदेखी किया जा रहा है, जिससे समाज में अंबेडकर जी के मूल भावना के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वही बसपा प्रत्याशी प्रकाश कुमार रवि ने पुष्पांजलि अर्पित कर अंबेडकर जी को एक महान समाज सुधारक व प्रशासनिक सेवा में जनता को भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाए, जिससे हम लोगो को आज जीने का अधिकार प्राप्त हुआ है। इस दौरान पुण्यतिथि पर बच्चों के बीच कलम और कॉपी का वितरण किया गया।**

# यूनियन चुनाव में इसीआरकेयू नें किया जीत का दावा, कर्मियों का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** तीन दिनों तक चले रेल यूनियन की मान्यता को लेकर चुनाव की प्रकिया शुक्रवार को सम्पन्न हो गई। चुनाव प्रकिया सम्पन्न होने के बाद अब 12 दिसंबर को धनबाद डीआरएम ऑफिस बिल्डिंग में काउटिंग की प्रकिया होंगी। वही मतदान सम्पन्न होने के बाद वर्तमान सत्ताधारी यूनियन ईसीआरकेयू के शाखा सचिव सुनील कुमार सिंह नें अपने यूनियन का पुरे जोन में प्रचण्ड वोट से जीत का दावा किया है। सुनील कुमार सिंह नें बताया की हमारे यूनियन का हर सदस्य अपनी पुरे ईमानदारी से हर एक रेल कर्मचारियों के लिए काम करते हुए अपनी पहचान स्थापित की है और उसी के बदलते आज वर्तमान चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी तरह के रेल कर्मचारियों का भरपूर हमारी यूनियन को मिल है जो स्पष्ट और प्रचंड जीत के संकेत है। सुनील कुमार सिंह ने अभी कहा कि अंतिम चुनाव के समय हमारी यूनियन ने जो कर्मियों के हक अधिकार के वादे किए उसे वर्तमान समय में पूरा करने के साथ-साथ हर समस्या के लिए संघर्ष करने का काम किया जिस संघर्ष में पीडब्लूआई कर्मी, रनिंग स्टॉप, आइओडब्लू स्टॉप, समेत सभी लोग एक परिवार की तरह जुड़ गए है जिसे तोड़ पाना मुश्किल है। वही यूनियन की इस बार मान्यता मिलते ही और मजबूती नये जोश के साथ हम सब काम करेंगे।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया विकास योजना का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के हनहट पंचायत में संचालित विकास योजना का निरक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य ने किया। हनहट पंचायत में 2016 से 2024 तक निर्गत प्रधानमंत्री आवास ,2023-24 में निर्गत अबुवास के लाभुकों से मिल कर कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि वैसे लाभुक जिनको आवास निर्माण के लिए पैसा दिया जा चुका है और कार्य नही कर रहें हैं उन पर विधि समत कानूनी कार्यवाई की जाएगी.वंही क्षेत्र में 15 वीं वित्त संचालित योजना पीसीसी पथ,पक्की नाली,पुल पुलिया और मनरेगा योजना संचालित बागवानी,कूप निर्माण,डोभा,टीसीबी आदि का जांच किया.योजना का निरक्षण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सबंधित कर्मियों को योजना को दुरुस्त करने के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार,प्रधानमंत्री आवास योजना प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार,कनीय अभियंता रेहान ,सहायका अभियंता सुंगन्धा कुमारी ,पंचायत सचिव रामशहाय टाना भगत,अधिस खाखा,रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान,प्रवेज अख्तर,पंचायत सहायका समीम अख्तर,शतिष उरांव,पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रखंड समन्वयक खालिक अंसारी आदि उपस्थित थे।

# अटल सरकार ने भीमराव आंबेडकर को भारत रत्न प्रदान कर उनका मान बढ़ाया : मनीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा।** सेन्हा दलित बस्ती स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर उनकी 68वी पूण्य तिथि के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी सेन्हा मंडल अध्यक्ष अशोक साहू की अध्यक्षता में पूण्य तिथि मनाई गई।इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव समेत सभी कार्यकताओं द्वारा उनके स्टेचू पर माल्यार्पण एवम पुष्पार्चन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भारत के सविंधान के शिल्पकार अर्थशास्त्री समाज सुधारक डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर का निधन 6 दिसंबर 1956 को हुई थी।वे हमेशा दलितों पिछडो के विकास में अपना सारा जीवन लगा दिए।उन्होंने कहा कि आजादी के बाद वर्षो कांग्रेस ने देश मे शासन किया पर अम्बेडकर जी को कोई सम्मान नही दिया, जब अटल बिहारी की देश मे सरकार बनी तब उन्हें भारत रत्न प्रदान कर बाबा साहेब का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया गया।

## कोल्हान की खबरें

# झारखंड आंदोलनकारियों के आकस्मिक निधन अपूरणीय क्षति : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शुक्रवार को पटमदा पहुंचे। विधायक ने जाल्ला गांव निवासी झारखंड आंदोलनकारी मेघनाथ महतो और बांगुड़दा निवासी प्राणकृष्ण महतो के निधन की सूचना पर चिंता जतायी। मौके पर विधायक ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।विधायक ने कहा झारखंड आंदोलनकारियों के आकस्मिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। निकट भविष्य में इनका भरपाई करना मुश्किल है।उसके बाद विधायक लावा गांव पहुंचे। बीते दिनो लावा गांव निवासी दोल गोविंद सिंह के नाबालिग पुत्र रमेश सिंह का सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने की सूचना पर शोकाकुल परिजनों मिले। विधायक ने नाबालिग छात्र के पिता से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद कर साथ में होने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार,ईशान चंद्र गोप,संजय सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# हर वर्ग को ध्यान में रखकर की गयी अस्पताल की परिकल्पना : दिलीप कुमार

आजा दसिपाही संवाददाता




**आदित्यपुर।** बीते 18 साल से पैथोलॉजी के क्षेत्र में सेवा देने वाले आरोग्यम ग्रुप ने अब अस्पताल के क्षेत्र में कदम बढ़ा दी है। आदित्यपुर के दयाल ट्रेड सेंटर में 8 दिसंबर को अस्पताल का उद्घाटन होगा। शुक्रवार को प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी गई।डायरेक्टर दिलीप कुमार तिवारी ने बताया चोट और दुर्घटना जैसी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम 24 घंटे सेवा देंगे। अस्पताल में नवीन तकनीक की लैप्रोस्कोपिक सर्जरी मशीन और आधुनिक एनेस्थीसिया मशीन से मरीज का इलाज किया जायेगा। अस्पताल में 24 घंटे ऑक्सीजन की व्यवस्था है। अस्पताल में मरीजों की देखभाल के लिए 24 घंटे डायग्नोस्टिक,पैथोलॉजी, कैंटीन,सुरक्षा, एंबुलेंस, दवा स्टोर और पावर बैकअप सहित सभी हाईटेक व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। अस्पताल में कैशलेस कार्ड का भी प्रयोग हो सकेगा। आने वाले दिनों में आयुष्मान योजना से भी जोड़ने का पहल की जायेगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल की परिकल्पना हर वर्ग की जरूरत को ध्यान में रखकर की गयी है, ताकि यहां पहुंचने वाले मरीज चेहरे पर संतुष्टि के भाव लेकर लौट सके।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने बाबा साहब को किया नमन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** मुसाबनी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा शुक्रवार को मुसाबनी आंबेडकर उद्यान में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूल माला चढ़कर पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। इस मौके पर मुसाबनी बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर लोगों को संविधान के प्रति जागरुक करते हुए संविधान बचाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। नुक्कड़ सभा को कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं अन्य नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद विहार दुबे, शशि सिन्हा, संजय साह, काल्टू चक्रवर्ती, लक्ष्मण चंद्र बाग, शत्रुघ्न प्रसाद, राजेंद्र पासवान, मो इब्राहिम, कृष्णा पातर, पूर्णो भक्त, हिमांशु पात्रो, शिबू गुरुंग, एंथोनी वस्तीन, नताशा मुखी, रीता बाग, पिंकी सोना, गीता मुखी, बरसा दास, आर के मेरी दास आदि उपस्थित थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय शंकरदा में गायत्री यज्ञ आयोजित



**घाटशिला(आजाद सिपाही)। गायत्री परिवार के तत्वावधान में उत्क्रमित उच्च विद्यालय शंकरदा और दुर्गा मंदिर प्रांगण में दो विशेष कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों को योगा के महत्व तथा गायत्री मंत्र के बारे में बताया गया। शंकरदा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में भी इन सारी चीजों की अभ्यासें करवाई गयी और साथ ही साथ गांव के दुर्गा मंदिर प्रांगण में नौ कुंडीय योग्य परम भक्ति एवं भव्यता के साथ संपन्न करवाई गयी। आज के उक्त गायत्री यज्ञ के जजमान के रूप में सपत्नीक किशोर कुमार भकत थे। आयोजक मंडली में विशेष रूप से गायत्री परिवार के गुरुदेव महतो, अनिल कांत भकत, गोणेश चंद्र भकत, डॉ.चित्त रंजन भकत आदि थे। वंही कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला पार्षद करुणा मय मंडल, बिमल कुमार गोप,इंद्रजीत भकत,गोवर्धन भकत, सुशील भकत, मार्कण्ड भकत,भूपति भकत, बिमल किशोर गोप,रजत भकत आदि उपस्थित थे। वेद मंत्रोच्चारण के मध्यम से नौ कुंडीय गायत्री महा योग्य के मध्यम से जंहा विश्व शांति एवं समग्र जीव कल्याण की कामना की गयी।**

# फुटपाथी दुकानदारों को चिह्नित स्थलों पर बसाने का कार्य शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम ने थाना रोड से उजाड़े गए फुटपाथी दुकानदारों को दिन्दली बाजार में बसाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दी। शुक्रवार को उपनगर आयुक्त पारुल सिंह के उपस्थिति में चिन्हित स्थल का व्यापक पैमाने में साफ सफाई कराया गया।पारुल सिंह ने साफ कहा सड़कों पर किसी हाल में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने पुनः अतिक्रमणकारियों को समय सीमा पर सड़कों से अतिक्रमण हटाने की अपील की। इससे पूर्व कृषि उत्पादन बाजार समिति को ओर से दिन्दली बाजार के अंदर दुकान लगाने व वसूली करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन ठेकेदार थाना रोड का अतिक्रमण कर फुटपाथ में दुकान लगवा के वसूली करता था। बाजार समिति के सचिव सारिता देविका ने कहा अब सरकार द्वारा आवंटित बाजार से ही सेवा शुल्क वसूलना है।उन्होंने कहा फुटपाथ में दुकान लगाने की अनुमति नहीं है। अब चिन्हित स्थल पर ही दुकान लगेगी। पैसे वसूली की भी जांच कराई जायेगी।

# एडीजी ने जमशेदपुर में जैप 6 के नये प्रशानिक भवन का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा जैप 6 में नए प्रशासनिक भवन के लिए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि एडीजी प्रिया दुबे शामिल हुए।मौके पर एडीजी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। उद्घाटन समारोह में कमांडेंट आनंद प्रकाश सहित झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच एडीजी प्रिया दुबे के द्वारा विधिवत शिलापट्ट का अनावरण व फीता काट कर उद्घाटन किया गया।मौके पर एडीजी प्रिया दुबे ने कहा जैप 6 में नए भवन निर्माण होने से एक ही छत के नीचे कार्य निष्पादित के लिए काफी सहूलियत होगी। वहीं कमांडेंट आंनद प्रकाश ने बताया झारखंड पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की ओर से बेहतर गुणवत्ता के साथ भवन का निर्माण कराया गया।नए भवन में सारे आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। अगले पचास वर्षों को ध्यान में रखते हुए भवन का निर्माण किया गया। कमांडेंट आंनद प्रकाश ने कहा अगला प्रयास परिसर में अस्पताल को दुरुस्त करना व जवानों के अवसान की बेहतर सुविधा मुहैया कराना है।

उन्होंने भरोसा जताया जल्द ही विभागीय स्तर पर इसकी तैयारी की जाएगी।मौके पर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुजूर,उपाध्यक्ष अशोक सिंह,मंत्री विशाल महतो, कोषाध्यक्ष प्रमोद यादव,अजय दुबे सहित जैप 6 के अन्य पदाधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहे।

## जल मीनार से पानी नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे आनंद नगर चौक तर्री के निवासियों को जल मीनार से पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। जिससे लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने बताया विभाग की ओर से जल मीनार लगाया गया था और सुचारू रूप से लोगों को पानी भी मिल रहा था। लेकिन बीते दिनों विभाग के कर्मियों द्वारा सोलर प्लेट को खोलकर बगल के एक घर की छत में लगा दिया गया साथ ही एक कुएं में मशीन डाला गया है लेकिन अब तक लोगों को पानी नहीं मिल रहा है लोगों ने बताया मोटर का स्टार्टर खराब हो गया था इसके बाद नया स्टार्टर लगाया गया ।साथ ही सोलर प्लेट को दूसरे जगह लगा दिया गया। गर्मी के दिनों में कुआं में पानी सूख जाता है।

# बाइकों की टक्कर में दो की मौत, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला में दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घटना शुक्रवार को डुमरी थाना क्षेत्र के नवाडीह पंचायत अंतर्गत बिर्री पेट्रोल पंप के पास हुई।

मृतकों में अनमोल कुजूर (35) और पिंगल मिंज (30) शामिल हैं। वहीं, घायलों में जेम्स मिंज (45), प्रताप केरकेट् (30) और माइकल बरवा (32) को गंभीर अवस्था में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों बाइक सवार साप्ताहिक बाजार से आ रहे थे। एक बाइक पर दो जबकि दूसरी गाड़ी पर तीन लोग सवार थे। हादसे के बाद ग्रामीणों और राहगीरों के सहयोग



से 108 नंबर पर फोन किया गया। साथ ही पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना के बाद मौके पर एंबुलेंस के पहुंचने पर सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डुमरी पहुंचाया गया।

यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीन गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है। मौके पर अस्पताल पहुंच नवाडीह मुखिया चेतनलाल मिंज और जूरमु मुखिया प्रदीप मिंज ने घायलों का हाल जाना। साथ ही दुर्घटना को लेकर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया।

# शराब की दुकान में चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला में चोरों ने एक शराब की दुकान को निशाना बनाया और करीब तीन लाख की बोतल ले गये। घटना जशपुर रोड के काली मंदिर के पास स्थित सरकारी शराब दुकान की है। साथ ही कुछ कैश की भी चोरी की गई है। चोरों ने शराब दुकान का एस्बेस्टस उखाड़ कर वारदात को अंजाम दिया। दुकानदार को घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह मिली।

**कर्मियों ने घटना की सूचना उत्पाद विभाग के अधिकारी को दी**

शराब दुकान के कर्मी सुबह करीब साढ़े दस बजे दुकान खोलने पहुंचे तो देखा एस्बेस्टस कटा हुआ है। साथ ही शराब की बोतलें गायब हैं। इसके बाद कर्मियों के होश उड़ गए। कर्मियों ने वापस शटर को गिरा कर घटना की जानकारी उत्पाद विभाग के अधिकारी को दी। साथ ही थाना पहुंच कर घटना की मौखिक जानकारी दी।मौके पर पहुंची पुलिस शॉप में करीब दो घंटे रुककर चोरी हुई शराब का सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मिलान किया। इसमें पाया गया कि चोर महंगी कंपनियों की तीन लाख रुपए की कीमत की शराब अपने साथ ले गए हैं। वहीं, काउंटर में रखे 30 हजार रुपए कैश ले गए।

इधर, कर्मियों ने बताया कि वे लोग गुरुवार की रात करीब साढ़े 9 बजे दुकान बंद कर घर लौट गए थे। सुबह दुकानदारों ने देखा कि चोरों ने कुछ शराब की बोतलें बाहर भी फेंक दी थी।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव अरहरा मोड़ के समीप एक बुलेट मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया। जिसमे राहुल केसरी उम्र 24 वर्ष गांव गोविंदपुर थाना जरियागढ़, जिला खूंटी निवासी की मौत हो गयी। जबकि बाईक पर पीछे बैठा विक्रम केसरी उम्र 35 वर्ष गांव जरियागढ़ निवासी गंभीर रुप से जख्मी हो गया है। यह घटना शुक्रवार को दोपहर लगभग ढ़ाई बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि मृतक राहुल केसरी और घायल विक्रम केसरी दोनों युवक सिमडेगा जिले के गांव तमड़ा में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शुक्रवार को अपने बुलेट मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान कामडारा-बेड़ो पथ पर अरहरा मोड़ के समीप उनका बुलेट बाईक अनियंत्रित होकर एक करंज पेड़ से जा टकराया। जिसमे एक युवक राहुल की मौत हो गयी। जबकि दुसरा युवक विक्रम केसरी गंभीर रुप से घायल हो गया। इधर घटना की खबर लगते ही कामडारा पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेने के उपरांत घायल युवक को इलाज के लिये सीएचसी कामडारा में भर्ती कराया।

## सीओ ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय का भ्रमण किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** शिक्षा का भेट कार्यक्रम के तहत सीओ आशीष कुमार मंडल ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय शिवसेरेंग का भ्रमण किया। वही मैट्रिक के छात्रों को परीक्षा की तैयारी हेतु जानकारी दी। इसके साथ ही अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के अभिभावक के साथ वार्ता हेतु शिक्षकों को दिशा निर्देश दिया। ताकि छात्र अनुपस्थित ना हो हर दिन विद्यालय आये। मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत हो सके। मौके पर सीओ ने कहा मैट्रिक परीक्षा को लेकर उपायुक्त के निर्देशानुसार शिक्षा का भेट कार्यक्रम के निमित विद्यालयों का भ्रमण कर छात्रों को पढ़ाई के प्रति बेहतर करने को लेकर यह प्रयास किया जा रहा है। ताकि छात्रों का बेहतर रिजल्ट हो। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो, प्रधानाध्यापक मनोज तिवारी सहित कई शिक्षक छात्र उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा शुक्रवार को गुमला स्टेडियम के मुख्य द्वार में स्थित भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव ने कहा कि सहृदय नेता डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में स्थित महू में 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। डॉ भीमराव अंबेडकर जाति से दलित थे। इसलिए उनका बचपन बहुत ही मुश्किलों में व्यतीत हुआ था। बाबासाहेब अंबेडकर सहित सभी निम्न जाति के लोगों को सामाजिक बहिष्कार, अपमान और भेदभाव का सामना करना पड़ता था डॉ अंबेडकर ने इतनी असमानताओं का सामना करने



के बाद सामाजिक सुधार का मोर्चा उठाया। वे दलित वर्ग के लिए मसीहा के रूप में सामने आए जिन्होंने अपने अंतिम क्षण तक दलितों को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण बाते कही थी एक महान आदमी एक प्रतिष्ठित आदमी से इस तरह से अलग होता है की वह समाज का नौकर बनने के लिए तैयार होता है। एक सफल क्रांति के लिए सिर्फ असंतोष का होना पर्याप्त नहीं है जिसकी आवश्यकता है वो है न्याय एवं राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था। गलत को गलत कहने की क्षमता नहीं है तो आप की प्रतिमा व्यर्थ है। संविधान यह एक मात्र वकीलों का दस्तावेज नहीं। यह जीवन का एक माध्यम है। मौके पर रमेश चिनी, अकील रहमान, बिष्णु राम,कलाम आलम, फिरोज आलम, गुलाम सरवर, तरुण गोप, विंदेश्वर राम, खुर्शीद आलम, मिरा हमीद,सागर नायक, शोयब आलम , क्रिस्टीना टोप्पो, ललिता देवी, क्रिस्टीना तिर्की और काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टोटो में मंदिर और खड़ियापाड़ा चर्च में चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के टोटो के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर व शहर के खड़िया पाड़ा स्थित एनडब्ल्यूजीइएल चर्च में चोरी किये जाने का मामला सामने आया है ।चोरी की इन दोनों घटनाओ के बाद थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। टोटो के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 3 दिसंबर को अज्ञात चोरों ने लक्ष्मी और विष्णु भगवान के मुकुट की चोरी कर ली है। मंदिर के पुजारी अजय पाठक ने बताया 4 दिसंबर को सभी भक्त पूजा कर रहे थे जिसके कारण दरवाजा खुला ही था। 3:00 बजे के मंदिर गया तो पाया कि मुकुट गायब है ।वही खड़िया पाड़ा स्थित चर्च में हुए चोरी की घटना को लेकर विश्वासी चर्च के सचिव इलियाजर मिंज ने कहा है कि 4 नवंबर की देर रात को अज्ञात चोरो ने चर्च के गेट का ताला तोड़कर बड़ा घंटा, कांशा का थाली,कांशा का लोटा व दान पेटी को चोरी कर ले गये है।

# अकाउंट बंद होने का भय दिखाकर 8200 रुपये की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कोबी टोली निवासी बृजमोहन लोहरा से गुरु वार की शाम 4 बजे साइबर अपराधियों ने 8200 की ठगी कर ली। जानकारी देते हुए युवक ने बताया मोबाइल में एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पोस्ट ऑफिस गुमला का कर्मचारी बताया और कहा आपका अकाउंट बंद हो गया है आपके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा गया है उस ओटीपी को बताइए जिससे आपका अकाउंट कंटिन्यू रहे। मैने ओटीपी बताने से मना कर दिया जिसके बाद कॉल करने वाले ने कहा अगर आप ओटीपी नहीं बताएंगे तो आपको परेशानी होगी भाग दौड़ करना पड़ेगा और आपका जमा पैसा निकालने में भी परेशानी होगी। इसके बाद मैं उसकी बातों में आ गया और उसे ओटीपी बता दिया। इसके बाद मेरे अकाउंट से 3500, 1500, 500, 2000 और 700 कुल 8200 कटने का मैसेज आया। इसके बाद मैने उसके नंबर पर कॉल किया और पैसे कटने की जानकारी दी। तब कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा आप ?4000 अपने अकाउंट में डाल दीजिए तब सारा पैसा दिखने लगेगा। इसके बाद मुझे ठगी का एहसास हुआ।

## जिप सदस्य शांति देवी का निधन



शांति देवी की फाइल फोटो।

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत पालकोट दक्षिणी की जिला परिषद सदस्य शांति देवी का शुक्रवार को निधन हो गया। जानकारी के अनुसार शांति देवी पिछले कुछ समय से केंशर बीमारी से पीड़ित थी व उनका इलाज मुंबई के टाटा मेमोरियल केंसर अस्पताल हो रहा था जहां शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। जिला परिषद सदस्य व भाजपा पालकोट मंत्री की आकस्मिक मौत से भाजपा पालकोट में शोक की लहर है। शोक व्यक्त करने वाले मंडल अध्यक्ष गुड्डू सिंह जिला परिषद सदस्य सुकांति देवी, जिला परिषद सदस्य बसंती डुंग डुंग के अलावे कई नेता शामिल हैं।

## खेत में काम करने गयी युवती को सांप ने काटा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी निवासी निकिता कुमारी को गांव स्थित खलिहान में काम करने के दरमियान सांप ने डस लिया। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। जिसके बाद आनन फानन में परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज हेतु गुमला रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार निकिता अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित खलिहान में पुआल लेने गई थी। जहाँ सांप ने पैर में डस लिया। इसके बाद इसकी सूचना परिजनों को दी और परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा इलाज के लिए लाया।

## चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल में भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा के रन्हे स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल के सभागार में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि शुक्रवार को मनायी गयी। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों को बाबा साहेब की जीवनी एवं उपलब्धियां पर विस्तार रूप से जानकारी दी गयी। निदेशक विजय कुमार साहू ने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के एक प्रमुख नेता, समाज सुधारक और संविधान निर्माता थे। उनकी जीवन यात्रा और संघर्षों ने उन्हें भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक परिदृश्य में एक विशेष स्थान दिलाया। इनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में स्थित महू में हुआ था। जिनका नाम आज बदलकर डॉ. अंबेडकर नगर कर दिया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से विजय कुमार साहू, प्रेमचंद कुमार, रश्मि टोप्पो, मीना देवी, तारामणि देवी, शोषण सुरीन, रीना मिंज, अजीत लकड़ा, पूजा प्रिया, मनोज साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड डिपा से 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध अवस्था में बरामद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पुलिस ने वृंदा पंचायत क्षेत्र के झारखंड डीपा से गुरुवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर एक अनजान 17 वर्षीय किशोरी को बरामद कर थाना लाया है। थाना में महिला पुलिस किशोरी के साथ पूछताछ कर रही है। किशोरी द्वारा स्पष्ट पता नहीं बताने के कारण गुमला थाना की पुलिस दिन भर परेशान रही। हालांकि गुरुवार की शाम 5 बजे थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी की पहचान हो गयी है। सुबह घर से निकली है। खोजते हुए किशोरी का मामा-मामी शाम में थाना पहुंच कर किशोरी की पहचान की। उसके मामा के अनुसार किशोरी का मानसिक स्थित ठीक नहीं है। वे लोग भी सुबह से खोज रहे हैं। वही गुमला थाना में किशोरी ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष अपनी ऐसी आप बीती बतायी कि लोगों का दिमाग सुन्न हो गया।

# अंक को तनाव में न लें, यह सिर्फ माध्यम है, व्यक्तित्व की पहचान नहीं : चौहान

**आत्महत्या के दुखद परिणाम को दर्शाती मार्मिक नाटक को प्रस्तुत कर ऑक्सफोर्ड स्कूल के बच्चों ने आंसू ला दिये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शुक्रवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुमला व डीपीएस स्टार गुमला में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। मौके पर ऑक्सफोर्ड स्कूल के बच्चों ने आत्महत्या का दुखद परिणाम व इसके लिए नकारात्मक रूप से प्रेरित करने वाले सूचकों पर मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया। किसी को ताना मारने से या हौसला तोड़ने से कितना दुखद परिणाम आता है, इसकी प्रस्तुति ने आंखों में आंसू ला दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में खुशी क्लास को संबोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। अंत में चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से संबंधित मामला आये, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। निःशुल्क हर संभव मदद पहुंचायी जायेगी। डीपीएस स्टार के निदेशक संदीप कुमार महतो ने कहा कि खुशी क्लास का प्रयास अद्भुत है। सही मायने में जिंदगी की सार्थकता ही इसी में है। हम सभी को खुशी दूत बनकर सकारात्मकता की इस प्रवाह में सहयोग करनी चाहिए।

## ट्रैक्टर के टक्कर से वृद्ध की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जश पुर रोड स्थित करौंदी के समीप गुरुवार की शाम 6: 00 बजे ट्रैक्टर के टक्कर से स्कूटी में सवार कोल्दा चैनपुर निवासी 60 वर्षीय शांति प्रकाश बाखला की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वही स्कूटी में पीछे बैठी उसकी पत्नी सलोनी बाखला गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां जांच कर डॉक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद घायल पत्नी को गहरा सदमा लगा और वह बेसुध हो गयी साथ ही वह कुछ बोल नहीं पा रही थी। जिससे उनकी पहचान नहीं हो पा रही थी। लेकिन घटना की सूचना पर बाद में मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और दोनों की पहचान की। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर घटनास्थल से तेजी से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक दोनों पति-पत्नी सदर थाना क्षेत्र के फुलवाईर टोली में मकान बना कर रहते हैं और उनका पैतृक घर चैनपुर प्रखंड के कोल्दा गांव है।

## 13 को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला खेल कार्यालय, नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में 13 दिसंबर को जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत टाऊन हॉल गुमला में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साइंस सिटी गुमला में विज्ञान मेला, चित्रकला, कविता लेखन, कहानी लेखन का आयोजन किया जायेगा। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा भाग लेंगे। इसमें कुल 11 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। प्रतिभागी को गुमला जिले का स्थायी रूप से निवासी तथा जिले के किसी शैक्षिक संस्थान का छात्र होना चाहिए।

# जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय एस एम सी प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गुमला किरण कुमारी जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी रोज मिंज,के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया तथा प्रशिक्षण की विषय वस्तु पर संक्षेप में चर्चा करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किये।

झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के तत्वावधान में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए बीआरपी, सीआरपी और डाइट के मास्टर




प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन प्रखंड सह अंचल सभागार गुमला में किया गया।

पहले और दूसरे दिवस का प्रशिक्षण सिनी टाटा ट्रस्ट के राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर शिव चरण महतो तथा जिला के मास्टर ट्रेनर श्याम कुमार लाल, शमीम एजाज तथा सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी रोज मिंज ने सामूहिक रूप से दिया। इसके साथ ही बीपीओ गुमला ओम प्रकाश तथा सिनी टाटा ट्रस्ट प्रतिनिधि श्रेया एक्का, सुशील तिरु, फुलमनी मुंडू, संजीत, पलटन, प्रभु ,सुनीता, वैष्णवी ने भी प्रशिक्षण के दरम्यान जानकारी के साथ साथ आवश्यक सहयोग दी। सभी प्रखंडों के बीआरपी और सीआरपी को प्रशिक्षण पलाश मॉड्यूल (विद्यालय प्रबंधन समिति) के अनुसार दिया जा रहा है। प्रशिक्षण चर्चा में मेरा विद्यालय मेरा अभिमान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विद्यालय प्रबंधन समिति की आवश्यकता, इसकी संरचना, विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य एवं दायित्व, एक जुटता नेतृत्व एवं बाल संवाद कौशल, बाल अधिकार, लैंगिक समानता, सामाजिक भावनात्मक विकास, विद्यालय का आकलन एवं मासिक कार्य योजना, विद्यालय विकास योजना, विभिन्न विभागों से समन्वय एवं अकाउंट्स बाल अधिकार चाइल्ड राइट्स, पोक्सो एक्ट, बाल अधिकार अधिनियम, बाल विवाह अधिनियम, प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, प्रयास आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

# डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शुक्रवार ६कक्षा 12वीं जीवविज्ञान के 43 विद्यार्थी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, रांची पहुंचे। प्रातः विद्यार्थियों की बस को रवाना करते हुए प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से हम अपने पाठ्यक्रम को अनुभवों से जोड़ सकते हैं और नई नई जानकारियों को प्राप्त कर सकते हैं. एनईपी में भी शैक्षणिक भ्रमण पर बल दिया गया है।



विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व शिक्षक ज्ञान प्रताप एवं प्रिया कुमारी ने किया। विद्यार्थियों को आईसीएआर के हेड साइंटिस्ट डॉ आर एस पान का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बच्चों को एग्रीकल्चर के फील्ड में करियर संभावनाओं की जानकारी दी और संस्थान का भ्रमण करवाया। विद्यार्थी इस दौरान काफी उत्साहित नजर आए।

**चेतावनी :** पीला कार्ड और डबल राशन कार्ड का लाभ उठा रहे डीलरों पर होगी कार्रवाई

# निर्धारित वजन से कम राशन देने वाले डीलरों पर होगी कार्रवाई: विधायक

## कहा- अपनी हरकतों से बाज नहीं आने वाले डीलरों का लाइसेंस होगा रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता


डीलरों के साथ बैठक करते विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

**पांकी/पलामू।** विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को नीलांबर पितांबरपुर मौर्या फार्म हाउस में नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण दुकानदारों के साथ बैठक की। जिसमें विधायक ने सभी जन वितरण दुकानदारों को अपनी कार्यशैली में सुधार करने की चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी कीमत पर कम राशन वितरण करने वाले डीलरों को बख्शा नहीं जायेगा। लाल कार्ड धारी को प्रति यूनिट पांच किलो राशन देना होगा। इसी तरह पीला कार्डधारी को 35 किलो राशन वितरण करना होगा। निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरण करने वाले डीलरों पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से शिकायत मिल रही है कि डीलर निर्धारित मात्रा से कम राशन दे रहे हैं। लाल कार्ड धारी को प्रति यूनिट 5 किलो की जगह चार से 4.5 किलो राशन ही वितरण कर रहे हैं। जबकि पीला कार्ड धारी को 35 किलो की जगह 25 किलो राशन दे रहे है, जो नियम के विरुद्ध है। चना दाल वितरण में भी डीलरों द्वारा कार्ड धारियों से अवैध पैसे की वसूली की जा रही है। जबकि दाल का वितरण निःशुल्क करना है। विधायक ने बताया कि कई डीलर अपना पीला कार्ड बनाकर गलत तरीके से राशन का उठाव कर रहे हैं। कई ऐसे डीलर भी हैं जो डबल राशन कार्ड का लाभ उठा रहे हैं। विधायक ने बताया कि पांकी विधानसभा में अधिकांश जन वितरण दुकानदार काफी मनमानी कर रहे हैं। जिसमें सुधार लाने की जरूरत है। चेताते हुए कहा कि अगर डीलर अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं लाते हैं तो उनका लाइसेंस रद्द किया जाएगा। उन्होंने सभी डीलरों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित मात्रा में राशन का वितरण करें। जिस गांव के डीलर वहां नियुक्त है, उसी गांव में राशन वितरण करना है। जिनके नाम से लाइसेंस है, वही व्यक्ति राशन का वितरण करेंगे। उनके रिश्तेदार किसी भी कीमत पर राशन वितरण नहीं करेंगे। विधायक ने एमओ आलोक पांडेय को निर्देश दिया कि जो डीलर पीला कार्ड और डबल राशन कार्ड का लाभ ले रहे है, उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। कहा कि राशन वितरण को लेकर जन आंदोलन किया जाएगा। डीलरों को हर हाल में निर्धारित वजन में राशन वितरण करना होगा। बताया कि राशन वितरण सुचारू रूप से कराने के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा, जिनकी देख-देख में लाभुकों को निर्धारित वजन में राशन वितरण किया जाएगा। सभी डीलर समय पर लाभुकों को राशन वितरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पलामू डीसी से मिलकर राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले डीलरों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर एमओ आलोक पांडेय, एजीएम विनय कुमार, नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, प्रो बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष बिंदु तिवारी, वीरेंद्र मेहता, ललित मेहता, पूर्व मुखिया अजय पासवान, सुधीर तिवारी, मुन्ना असलम, दुलारचन सिंह, दिलीप तिवारी, मुन्ना दुबे और रामनाथ राम आदि मौजूद थे।

# हुसैनाबाद के बराही धाम में बनेगा विश्व का सबसे ऊंचा मां दुर्गा का भव्य मंदिर

## यहां बनाया जायेगा 151 फीट का नवग्रह का मंदिर भी





### धार्मिक महत्व और वैदिक शिक्षा का केंद्र

बतातें चलें कि बराही धाम पहले से ही झारखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। यहां श्रद्धालु देश के विभिन्न हिस्सों से दर्शन के लिए आते हैं। इस मंदिर परिसर में वैदिक शिक्षा केंद्र भी संचालित है। जो धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को और बढ़ाता है।

सुप्रसिद्ध संत रामभद्राचार्य जी के सानिध्य में 14 अप्रैल 2025 को होगा भव्य भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** ऐतिहासिक बराही धाम में 351 फीट विश्व की सबसे ऊंची मां दुर्गा का मंदिर और 151 फीट ऊंचा नवग्रह मंदिर बनाया जाएगा। इसकी आधारशिला 14 अप्रैल 2025 को रखी जाएगी। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम समिति ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने किया। इस मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह, सचिव आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, संजय कुमार सिंह, अयोध्या सिंह टिकैत, कुश कुमार सिंह, हीरा सिंह, मुखिया सुदामा यादव आदि मौजूद थे। वहीं, अपने संबोधन में जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि बराही धाम में विश्व की सबसे बड़ी मां भगवती का मंदिर बनाने का निर्णय शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लिया गया है। यहां 151 फिट की नवग्रह का मंदिर भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उक्त मंदिर से पर्यटन और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। वहीं, ट्रस्ट के संयोजक रणधीर सिंह ने बताया कि 105 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा पहले ही बराही धाम को विशिष्ट बनाती है। उन्होंने बताया कि 105 फीट की हनुमान जी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान खुदाई में शेर पर सवार मां दुर्गा की प्रतिमा मिली थी। इसके बाद ही विश्व की सबसे ऊंची मां दुर्गा मंदिर बनाने का ट्रस्ट के लोगों ने संकल्प लिया था। इस धाम में विगत दो वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया जाता है। बतातें चलें कि विश्व के सबसे ऊंचे मां भगवती के मंदिर की आधारशिला 14 अप्रैल 2025 को रखी जायेगी। जिसके भूमि पूजन के अवसर पर प्रसिद्ध संत रामभद्राचार्य स्वामी जी महाराज के अलावा देश के कई साधु संत शामिल होंगे। ट्रस्ट के सदस्यों का कहना है कि इस मंदिर का निर्माण बराही धाम को वैश्विक धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करेगा। यह मंदिर धार्मिक आस्था को नया आयाम देगी। मौके पर आचार्य शिव कुमार झा, कमला सिंह, राजेश्वर सिंह, धनंजय सिंह, बबलू सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, पिंटू सिंह, प्रभात कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मंगल यादव और बलि यादव आदि मौजूद थे।

## स्व मधु सिंह ने शोषित-पीड़ित के लिए आजीवन संघर्ष किया : लालसूरज



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता लालसूरज ने बांदुबार स्थित अपने आवास पर शुक्रवार को झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे स्व मधु सिंह की पुण्यतिथि मनायी। लगे हाथ विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा भी की। इस दौरान एक-एक कार्यकर्ताओं ने उनकी राय जानने का प्रयास किया गया। इधर, पुण्यतिथि पर लालसूरज ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व मधु सिंह ने दबे कुचले शोषित पीड़ित के लिए आजीवन संघर्ष किया। सभी वर्गो को हक अधिकार दिलाने के लिए जंगलो में भी खाक छाना। कहा कि हम सभी को मिलकर उनके अधूरे सपनों को पूरा करना है। कार्यक्रम संचालन कन्हाई लाल सिंह ने किया। इस मौके पर निरंजन यादव, पूर्व मुखिया कामख्या सिंह, रिंकू सिंह, मोइउद्दीन अंसारी, भीम शुक्ला, समाज सेवी अरविन्द सिंह आदि उपस्थित थे।

## टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार

आरोपित के खिलाफ नौडीहा बाजार और छतरपुर थानों में विभिन्न धाराओं के तहत कई आपरादिक मामले हैं दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी को मिली गुप्त सूचना के आलोक में नौडीहा बाजार पुलिस ने शुक्रवार को टीएसपीसी के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान जितेन्द्र सिंह उर्फ मंत्री जी उर्फ अभियंता जी (28) के रूप में हुई है। वह पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सलैया खुर्द गांव का रहने वाला है। उसे इस दिन बाराखाड़ डैम के पास से गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को एसपी राकेश सिंह संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि छतरपुर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित कर बाराखाड़ डैम में त्वरित छापामारी की गयी। इ दौरान वहां एक व्यक्ति भोवराहा पहाड़ी की तरफ से आता दिखा, जो पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश करने लगा, पर पुलिस के जवानों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य जितेन्द्र सिंह है। उसने विभिन्न कांडो में संपित्पता की बात भी स्वीकार की है। जिसमें 20 मई 2024 को सलैया खुर्द ग्राम में आपसी विवाद को लेकर ग्रामिणों से बेहरमी से मारपीट, 24 अक्टूबर को तिरुदाग ग्राम के पहाड़ी पर पुलिस के साथ गोलीबारी और चार अप्रैल को छतरपुर थाना अंतर्गत राजडेरवा में टावर कर्मियों के साथ मारपीट की घटना शामिल है। उसके खिलाफ नौडीहा बाजार और छत्तरपुर थानों में विभिन्न धाराओं के तरह कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, छापामारी दल में :- छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, सअनि टुनटुन कुमार, सअनि अजय कुमार राय आदि शामिल थे।

प्रपत्र VII झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–939 / भू0अ0 दिनांक–04 / 12 / 2024

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु ग्राम–बगडो थाना–डोमचाँच, थाना सं0–310, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में कुल–0.0480 एकड़ यानि– 0.0194 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप में कमोवेश–0.0480 एकड़ यानि–0.0194 हेक्टेयर है और जो ग्राम–बगडो थाना–डोमचाँच, थाना सं0–310, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

ग्राम–बगडो थाना–डोमचाँच, थाना सं0–310, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा।

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 35 | 4154 | रैयती | बाद | 0.0070 | सलामत मियां पिता–चोवा मियां वो रजिया खातुन पति–अजीज मियां सा0– बगडो। | सिमाना मौजा बरहमसिया | सिमाना मौजा बरहमसिया एवं प्लॉट 4154 | सिमाना मौजा बरहमसिया | प्लॉट 4154 अंश |
| 2 | 92 | 4191 | रैयती | टांड | 0.0410 | आशिन मियां वो शरफु मियां वो आरिफ मियां पिता–धरम मियां वो मौलाना मुस्तकीम वो सोनु मियां पिता–गफुर मियां वो मोहनी खातुन पति–गफुर मियां वो मकसुद आलम वो ईशमाइल अंसारी वो ईशराईल अंसारी वो इरफान अंसारी पिता– अक बर मियां वो तनिजा खातुन वो मौ सीमा खातुन पति–अकबर मियां सा0–बगडो। | प्लॉट 4191 अंश | प्लॉट 4155 अंश | रास्ता | प्लॉट 4191 अंश |
| | | | | कुल:– | 0.0480 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 3013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है:–

ग्राम–बगड़ो थाना–डोमचाँच, थाना सं0–310, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा कुल रकवा–0.0480 एकड़ यानि–0.0194 हेक्टेयर भूमि अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं:–शून्य

ह0 / –

PR 341338 Land Reforms(24-25)D

समुचित सरकार–सह– उपायुक्त, कोडरमा।

## सड़क सुरक्षा को लेकर सीओ ने समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधियों साथ निकली जागरूकता रैली



**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** सीओ उपेंद्र कुमार ने जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के साथ ही समाजसेवियों को लेकर शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। जो छतरपुर अंचल कार्यालय से शुरू हुई। इस दौरान सरईडीह मोड पर लोगों को जागरूक करने के साथ ही इसके महत्व के बारे में समझाया। सीओ ने बताया कि सड़क सुरक्षा के नियम को ताख पर रखकर चलने वाले एवं बिना हेलमेट व लापरवाही से वाहन चलाने वाले लोगों से सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने की अपील की गई। इस दौरान जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे उन्हें समझाया गया। सभी ने आज के बाद हेलमेट लगाकर चलने का वादा किया। इस पर सीओ ने उन्हें पुष्प माला पहनाया। इसके बाद रैली छतरपुर के जपला मोड पर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई। वहां भी सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में समझाया गया जिसमें छतरपुर में होने वाले आए दिन दुर्घटना के बारे में भी चर्चा की गयी। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि ने भी अपनी बात रखी। वहीं अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन ने लोगों से अपील की कि सड़क दुर्घटना किसी अभिशाप से काम नहीं है। एक झटके में किसी के दुनिया उजड़ जाती है। इससे बचने के लिए हमें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि अपने बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें।

## मनातू प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक में विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनातू/पलामू।** मनातू प्रखंड के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को पंचायत कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गीता देवी और संचालन बीडीओ अनुज बांडों ने किया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख ने क्षेत्र के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। कहा कि पंचायत के विकास के लिए सरकार की ओर से वर्तमान में चल रही योजनाओं को शीघ्रता से पूरा किया जाय। साथ ही दूरगामी योजनाओं को निर्धारित किया जाय, ताकि उसके पूरा होने के बाद पंचायत में विकास की गति को बढ़ावा मिले। वहीं, बीडीओ ने बताया कि 15वें वित से पूरे मनातू प्रखंड में 17 योजना संचालित है। कुछ योजनाएं पूरी भी हो गई है, जबकि कुछ का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि जहां भी पंचायत क्षेत्र में काम चल रहा है वहां कनीय अभियंता समय-समय पर जांच कर बेहतर काम करायें। उन्होंने कहा कि हर सप्ताह कार्यकारिणी की एक बैठक होगी। जिसमें विकास कार्यों को लेकर चर्चा की जाएगी।

प्रपत्र VII
झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–937 / भू0अ0 दिनांक–04 / 12 / 2024

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–**डोमचाँच से पिपचो रोड़ चौड़ीकरण हेतु** ग्राम–**बगडो** थाना–डोमचाँच, थाना सं0–310, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में कुल–1.6000 एकड़ यानि–0.6475 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप में कमोवेश–1.6000 एकड़ यानि–0.6475 हेक्टेयर है और जो ग्राम–बगडो थाना–डोमचाँच, थाना सं0–310, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

ग्राम–**बगडो**, थाना सं0–**310**, थाना–**डोमचाँच**, अंचल–**डोमचाँच**, जिला–**कोडरमा।**

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्व व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 37 | 3 | रैयती | चीरा–भीठा | 0.1200 | मसो0 सबजाना खातुन पति–धरम मियां वो ओली मियां पिता–स्व0 जुमन मियां वो मसो0 सबिया खातुन पति–बदरूद्दीन वो अहमद मिया पिता–विशुन मियां वो मसो0 जुलेखा खातुन पति–करीम मियां वो सुभानी मियां पिता–अजरली मियां वो मुख्तार मियां वो खलील मियां वो हनीफ मियां वो आयुब अंसारी पिता–रहीम मियां वो मसो0–मैमुना खातुन पति–सलामत मियां वो सलीम मियां पिता–शकुर मियां वो मनीर मियां पिता–पुनीत मियां वो अजीज मियां पिता–रहमत मियां वो बीबी अमीना खातुन पति–जुमन मियां सा0–बगडो। | उ0–प्लॉट नं0–3 अंश द0–प्लॉट नं0–4 पू0–प्लॉट नं0–6 प0–प्लॉट नं0–3 अंश | | | |
| 2 | 37 | 4 | रैयती | टाँड | 0.7800 | | उ0–प्लॉट नं0–4 एवं 3 अंश द0–प्लॉट नं0–4 अंश पू0–प्लॉट नं0–1154 प0–सीमाना गोलवा ढाब | | | |
| 3 | 67 | 6 | रैयती | परती कदीम | 0.7000 | राजेन्द्र प्रसाद यादव खुबलाल यादव वो महेन्द्र यादव वो राम किशुन यादव पिता–झरी यादव वो शान्ति देवी पति– श्यामलाल यादव वो सुदामा देवी पति– सोमारी यादव वो मैनवा देवी पति–लखन यादव वो चेतलाल यादव वो हेमलाल यादव पिता– खागो यादव सा0–बगडो। | उ0–प्लॉट नं0–1 एवं सर्वे रास्ता द0–प्लॉट नं0–1154 पू0–प्लॉट नं0–6 प0–प्लॉट नं0–6 एवं 3 | | | |
| | | | | कुल:– | 1.6000 | एकड़ | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है:–

ग्राम–बगडो थाना–डोमचाँच, थाना सं0–310, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा कुल रकवा–1.6000 एकड़ यानि–0.6475 हेक्टेयर भूमि अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं:– **शून्य**

ह0 / –
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 341332 Land Reforms (24-25)_D


## विश्रामपुर सीओ ने अवैध रूप से भंडारण किये गये 15 ट्रैक्टर बालू को जब्त किया

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी ने शुक्रवार को अवैध रूप से भंडारण किए गए 15 ट्रैक्टर बालू को जब्त किया। बालू का यह अवैध भंडारण विश्रामपुर थाना के राजगुरवा पहाड़ के पास हरहेपा गांव किनारे आबादी से दूर सुनसान जगह पर किया गया था। सीओ ने जब्त बालू को तत्काल पुलिस के हवाले कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गए। जानकारी के अनुसार माफियाओं द्वारा रेहला व विश्रामपुर थाना क्षेत्र में बालू का अवैध उत्खनन, ढुलाई, भंडारण धड़ल्ले से किया जा रहा है। पूरी रात दर्जनों ट्रैक्टर रेहला कोयल नदी के विभिन्न घाटों से बालू का उत्खनन व उठाव कर रहे हैं। जिसे ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। ग्राहक नहीं मिलने पर उसे वीरान जगह पर डंप किया जाता है। जिसे बाद में वहां से उठाकर बेचा जाता है। विश्रामपुर सीओ को भंडारण की शुक्रवार को सूचना मिलने पर वे तुरंत बालू डंप किए गए स्थल पर पहुंच गये। वहीं से उन्होंने इसकी सूचना रेहला व विश्रामपुर पुलिस को दी। करीब 45 मिनट आनाकानी करने के बाद रेहला व विश्रामपुर पुलिस एक साथ मौके पर पहुंची। भंडारण स्थल विश्रामपुर थाना क्षेत्र में ही था। वहीं, विलंब से पुलिस के पहुंचने पर सीओ ने नाराजगी भी जाहिर की। साथ ही कहा कि बालू माफियाओं के खिलाफ उनका अभियान जारी रहेगा।

### आजाद सिपाही में छपी खबर का हुआ असर

## प्राथमिक विद्यालय के मध्याह्न भोजन में हुई गड़बड़ी का शिक्षा अधीक्षक ने लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर प्रखंड के भड़गांवा पंचायत के टोला चमरदोहरी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक रामेश्वर पासवान द्वारा छात्र-छात्राओं को मध्यान भोजन देने लतातार अनियमितता बरती जा रही थी। गत गुरुवार को भी मेन्यू के अनुसार मध्यान भोजन में चावल, दाल, हरी सब्जी, चोखा व भुजिया के बजाय रसोईया द्वारा चावल-दाल और चोखा ही दिया गया था। जिस खबर को दैनिक अखबार आजाद सिपाही में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। जिसके बाद जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज कुमार विद्यालय पहुंचे और मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि दैनिक अखबर में प्रकाशित खबर सही है। बताया कि जांच करने पर मध्यान भोजन में बच्चों को अंडा नहीं दिया गया था। जांच में सत्यता मिली है। इसकी रिपोर्ट जिला अधिकारी को सौंपी जाएगी।

## बेरमो विस के एक-एक गांव का विकास करना उद्देश्य : विधायक



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने शुक्रवार को रांची स्थित आवासीय कार्यालय में अपने हर प्रखंड के प्रभारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए विधायक कहा कि पिछले साढ़े तीन सालों में हमने बेरमो क्षेत्र में 1300 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य किया है। आगे भी विकास के लिए काम करेंगें। अब हम रुकेंगे नहीं। कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों का विश्वास जितना मेरे लिए सबसे बडी उपलब्धि है। मैं आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं सभी का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे इस कार्य में साथ दिया है। हमारा सर्वोपरी उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव का विकास करना है। इसमें जैनामोड़- फुसरो बाईपास, गांगजोरी में यूनिवर्सिटी का निर्माण, चंद्रपुरा और जैनामोड़ को नगर परिषद में शामिल करना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि पिता के आदर्शों को मानते हुए लोगों का काम करता हूं। मेरे पिता को बेरमो की जनता जिस प्रकार से स्नेह करती थी, अब मुझे स्नेह दे रही है। पिता के आर्शिवाद से निरंतर आगे बढता रहूंगा। मौके पर जरीडीह प्रखंड प्रभारी उत्तम सिंह, चन्द्रपुरा प्रखण्ड प्रभारी गणेश मल्लाह, पेटरवार प्रखण्ड प्रभारी प्रवेज अख्तर, बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, आरसीएमयू ढ़ोरी क्षेत्रीय सचिव शिवनंदन चौहान आदि शामिल थे।

# मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए 'कानूनी सेवा इकाई' का गठन

## बच्चे देश का सुनहरे भविष्य, जिन्हें संवारना-साजना हम सभी का कर्तव्य : प्रधान जिला जज

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यशाला का उद्घाटन करते प्रधान जिला जज वीरेंद्र कुमार तिवारी व अन्य।

**धनबाद।** बच्चों को विशेष तौर पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के सर्वोच्च न्यायालय (नालसा) के निर्देश के आलोक में धनबाद में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए मुफ्त 'कानूनी सेवा इकाई' (लीगल सर्विस यूनिट) का गठन किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में गठित उक्त कमेटी का अध्यक्ष धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन को बनाया गया गया। कमेटी में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी के रूप में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पियूष कुमार (एलएडीसीएस डिप्टी चीफ) के अलावा, पैनल अधिवक्ता और पारा लीगल वॉलंटियर को भी शामिल किया गया। इस कमेटी की ओर से मानसिक रूप से दिव्यांग, देखभाल व संरक्षण योग्य बालकों और विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित मामलों में सहायक के तौर पर कार्य किया जायेगा। इसकी जानकारी शुक्रवार को डालसा की ओर से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में शामिल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि नालसा के निर्देश पर बच्चों को चाईल्ड फ्रेंडली लीगल एड दिया जाएगा। यह इकाई नालसा की ओर से प्रायोजित वत्सल्य और सहयोग योजना के तहत मिलने वाली हर सरकारी योजनाओं, सुविधाओं को भी बच्चों को दिलवाने में सहयोग करेगा। कहा कि बच्चे देश के सुनहरे भविष्य है, जिन्हें सवांरना और साजना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं, कार्यशाला के प्रथम चरण में अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने इकाई के सदस्यों को किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराया। वहीं, मनोरोग विशेषज्ञ शाहनवाज जाफर ने मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों की देखभाल के विभिन्न तरीकों को बताया। न्यायाधीश रोशन ने बताया कि चिल्ड्रेन यूनिट में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी पियूष कुमार (चेयरमैन पीएलए) एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, पैनल अधिवक्ता अभिजीत कुमार साधु, विश्वजीत कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार निषाद, करूणा सिन्हा, हसन इमाम, हरि विश्वकर्मा, निरज कुमार सिंह, संदीप कुमार, पीएलवी चंदन कुमार, अजीत कुमार दास, नवीन कुमार, राजेश कुमार सिंह, पंकज वर्मा, निमाई प्रमाणिक, योगेश्वर नाथ, विनय कुमार सिन्हा, अनामिका सिंह और सीता कुमारी शामिल हैं।

## संजय प्रसाद यादव के मंत्री बनाये जाने पर राजद कार्यकर्ताओं में हर्ष



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव को मंत्री बनाए जाने पर बोकारो जिला राजद के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने मंत्री संजय प्रसाद यादव को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। कहा कि संजय प्रसाद यादव जी के मंत्री बनने से पार्टी झारखंड में काफी मजबूत होगी। वहीं, प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने कहा कि इनके मंत्री बनने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रामजीत यादव, महिला जिला अध्यक्ष हदया देवी, युवा राजद जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गिरी, युवा राजद प्रदेश महासचिव जितेंद्र नारायण यादव, उपाध्यक्ष कुंदन गुप्ता, महासचिव अशोक यादव, राजद नेता रमाकांत शाह, मनोज यादव, भावेश साहनी, दलित प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष संदीप पासवान, गोलू कुमार, मोहम्मद मजीद खान और दीपक पासवान आदि ने बधाई दी है।

## महुदा में मुर्गा लड़ाई के आयोजकों पर होगी सख्त कार्रवाई : मुखिया



**महुदा (आजाद सिपाही)।** कांडरा की मुखिया रिंकू देवी ने पंचायत क्षेत्र में संक्रांति उत्सव के दौरान मुर्गों की लड़ाई और अन्य प्रतिबंधित खेलों के आयोजन पर कड़ा रुख अपनाया हैं। उन्होंने क्षेत्रों में होने वाले ऐसे ससभी खेलों पर पूरी तरह पाबंदी लगाने की मांग की है। साथ ही इस तरह के आयोजन के लिए अनुमति नहीं देने की अपील की है। उन्होंने महुदा थाना प्रभारी से इस पर सहयोग की अपेक्षा करते हुए पूर्व में हुई ग्रामसभा में लिए गये निर्णयों का सख्ती से पालन कराने की मांग की हैं। बताते चलें कि कांडरा पंचायत क्षेत्र में पारंपरिक मुर्गा लड़ाई के नाम पर अखाड़ा आयोजन को बीते वर्ष मुखिया रिंकू देवी, भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो एवं पंचयात के प्रबुद्ध लोगों के नेतृत्व में ग्रामसभा आयोजित कर अनिश्चित काल के लिए पूरी तरह से रोक लगा दिया गया था। इस दौरान लोगों ने बताया था कि इस तरह के आयोजन की आड़ में जुआ और अवैध शराब का कारोबार चलता है। जिससे क्षेत्र के युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ता हैं। नशे में धुत लोग आपस में बुरी तरह से लड़ते-झगड़ते हैं, जिससे क्षेत्र में माहौल खराब हो जाता है। इस लिए इस तरह के आयोजनों पर पूरी तरह से विराम लगना चाहिए। सभी ने इस पर सहमती देते हुए इसे सख्ती से पालन करने का भी निर्णय लिया था। इस संबंध में मुखिया रिंकू देवी ने कहा कि ऐसे सभी आयोजनों की पंचायत क्षेत्रों में मनाही हैं जिसमें जुआ शराब जैसे अन्य दोष शामिल हो। उन्होंने पंचायत क्षेत्र के लोगों से ऐसे आयोजन नहीं करने की अपील की हैं। साथ ही ऐसे आयोजनों को रोकने के लिए अधिक सतर्कता और आयोजनकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग महुदा पुलिस से की है।

## सबसे स्नेह व आशीर्वाद से मिली है जीत : राज सिन्हा

**धनबाद विधायक के आभार कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सांसद पीएन सिंह**



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक राज सिन्हा ने ऐतिहासिक जीत पर शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय में आभार कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता का आभार व्यक्त किया। कहा कि उनकी जीत अकेले की नहीं है। इस चुनाव में सभी का साथ मिला। सभी के स्नेह और आशीर्वाद से ही जीत मिली है। निश्चित रूप से धनबाद की जनता के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। वहीं, उपस्थित लोगों ने विधायक को बुके देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह, रीता वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष हरि प्रसाद लाटा, वर्तमान जिला अध्यक्ष सरवन राय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल आदि शामिल हुए।

## बसपा ने मनाया बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) धनबाद जिला के तत्वाधान में शुक्रवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय (अंबेडकर चौक) पर स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। इसके पहले पार्टी के बैनर तले जुलूस निकाला गया, जिसमें शामिल लोग श्रद्धांजलि स्थल पहुंचे। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, जोन प्रभारी सुबल दास साहब ने कहा कि बाबा साहब आजीवन देश के बहुसंख्यक शोषित वंचित समाज के उत्थान के लिए काम किये। उन्होंने देश को पुनः सोने की चिड़िया बनाने के लिए विश्व का सबसे अच्छा संविधान देश को दिया। पर आज तक सत्ता में बैठ कांग्रेस-भाजपा की सरकारें संविधान के प्रति गंभीर नहीं है। जिस कारण अक्षरतः संविधान देश में लागू नहीं हो पाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि संविधान, आरक्षण व लोकतंत्र पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, जिला महासचिव मनोज दास, बाबूलाल रविदास, पूर्व जिला अध्यक्ष बाबूराम मांझी, बामसेफ के अशोक कनौजिया, राज कुमार, शिवकुमार दास, भोला प्रसाद और भारत रविदास आदि उपस्थित थे।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से मिले झामुमो नेता



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो झामुमो के वरीय नेता सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने शुक्रवार को राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता सह मध्य निषेध उत्पाद विभाग के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो से उनके आवास मुरूबंदा में जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सरकार में मंत्री बनाए जाने पर योगेंद्र महतो को बधाई दी। मौके पर बलराम, जय कुमार अग्रवाल, विमल जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कला और शिल्प कार्यशाला का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व दिव्यांग सप्ताह के अवसर पर धनबाद आयुष फाउंडेशन की ओर से सरायढेला स्थित पहला कदम स्कूल में शुक्रवार को कला और शिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष गणेश शर्मा कार्यशाला में शामिल 50 बच्चों को थर्माकोल से वाल हैंगिंग बनाना सिखाया। वहीं, सचिव अर्पिता अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को कुछ नया सीखने का अवसर मिलता है। धनबाद आयुष फाउंडेशन के इस कदम की स्थानीय समुदाय ने सराहना की और इसे बच्चों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक आदर्श उदाहरण बताया।

## तेनुघाट अधिवक्ता संघ का चुनाव 20 को

### कई प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा व दाखिल किया

**- 7 व 9 दिसंबर को भी खरीदा जायेगा नामांकन पत्र, 11 को नाम वापसी की अंतिम तिथि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद रांची के आदेश के आलोक में तेनुघाट अधिवक्ता संघ का सत्र 2024-26 के चुनाव को लेकर शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए कामेश्वर मिश्रा एवं बद्री नारायण पोद्दार, उपाध्यक्ष पद के लिए वेंकट हरि विश्वनाथन एवं मोहितोष चक्रवर्ती, महासचिव पद के लिए रमेंद्र कुमार सिन्हा, अभिषेक मिश्रा, वकील महतो एवं वकील प्रसाद महतो, सहायक सचिव प्रशासन पद के लिए शंकर ठाकुर, कोषाध्यक्ष पद के लिए गणेश तिवारी एवं आनंद श्रीवास्तव, सहायक कोषाध्यक्ष पद के लिए चंद्रशेखर प्रसाद तथा कार्यकारिणी समिति सदस्य पद के लिए अनील कुमार प्रजापति, धर्मवीर कुमार जयसवाल एवं नरोतम प्रसाद ने नमांकन पत्र खरीदा। लगे हाथ कामेश्वर मिश्रा, बद्री नारायण पोद्दार, वेंकट हरि विश्वनाथन, रमेंद्र कुमार सिन्हा, वकील प्रसाद महतो, आनंद श्रीवास्तव, अनील कुमार प्रजापति और धर्मवीर कुमार जयसवाल ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल भी कर दिया। बतातें चलें कि झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद रांची की ओर से मनोनीत पर्यवेक्षक मृत्युजंय कुमार श्रीवास्तव भी तेनुघाट पहुंचे और चुनाव प्रक्रिया की जानकारी चुनाव पदाधिकारी से ली। उन्हें कई तरह के निर्देश भी दिए। चुनाव, पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा, उमेश प्रसाद और बिनोद कुमार गुप्ता द्वारा संपन्न कराया जाएगा। उनके साथ मनोज कुमार, मजहर जानी और पंकज कुमार झा भी सहयोग करेंगे। चुनाव को लेकर शुक्रवार, शनिवार और सोमवार को नामांकन पत्र खरीदा और दाखिल किया जाएगा। जबकि 10 दिसंबर को नामांकन पत्र की जांच व 11 दिसंबर को नाम वापसी की तिथि है। 20 दिसंबर को मतदान व मतों की गिनती भी होगी। इसकी जानकारी चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा ने दी।


## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

**नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।**
**अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/18/2024-25**

1. निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2. निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांक: 09.12.2024
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांक: 19.12.2024 अपराहन 04रू00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा(http://jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथि व समय एवं सीन :– दिनांक: 20.10.2024 अपराहन् 04रू00 बजे तक।
6. मद का नाम :– नागरिक सुविधा/शहरी परिवहन
7. हेल्पलाईन नं0 :– 8084609105 8651204505

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | Construction of Pcc road from somen work shop to H/o Kuldeep mahto in ward no-01 (opposite of Agrasen dav school marar) | 1213772.00 | 24275.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 02 | 03 | Construction of Retaining wall at ward no-03 ( bongabar,bagadohar) | 1660203.00 | 33204.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 03 | 05 | Beutification of community place in ward 05 ( pochra) | 1332406.00 | 26648.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 04 | 05 | Construction of paver block road in hathmara , ward no-05 from (A) bitumen road to H/o nageshwar Yadav (B) PVR to H/o Rupesh Yadav (C) H/o vishvanath yadav to pvr (D) bitumen road to h/o suresh yadav (c) H/o sarfuddin Ansari to h/o abdulah via urdu Madhya school (f) h/o imtayag Ansari to h/o jabbar Ansari (G) h/o rauf mia to h/o hasan Ansari (H) h/o abdul huissan to h/o Jahangir Ansari (I) h/o gulab yadav to h/o sunita yadav (J) bitumen to h/o javed Akhtar. | 1724155.00 | 34483.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 05 | 05 | Constuction of Paver block road in digwar ward no-05 from (A) Bitumen road to h/o khairu munda (B) bitumen road to H/O Birendra Kushwaha (C) Bitumen road to h/o manu kushwaha (D) h/o dulal Vishwakarma to bharat karmali € Dulal Vishwakarma to h/o narayan | 1085974.00 | 21719.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 06 | 07 | Construction of Paver block road in ward -07 from (A) H/o BMP singh to h/o koshal prasad & h/o Gopal mistri to jhhalar pandey ( gaytri colony) (B) H/O varun pandey to h/o manoj sharma (C) h/o railway road to h/o horil saw (koyal dippu) (D) h/o anil roba to h/o sp singh (roba colony) | 2251064.00 | 45021.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 07 | 08 | Construction of Pcc road in ward no-08, sahyogi nagar (sweta) from dineshwar prasad to vickey rajwar | 1192188.00 | 23844.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 08 | 09 | Construction of Pcc road from panchayat bhawan to niranjivi school in ward no-09 | 1686800.00 | 33736.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 09 | 09 | Construction of Pcc Road from h/o manoj saw to h/o abishek saw in munda tola in ward no-09 | 1388400.00 | 27768.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 10 | 10 | Laying of Paver block road from a) PCC road to H/O jainul ansari b) h/o Charan munda to buklu mistri c) h/o arun gaderi to h/o Sanjay bediya in ward no-10 | 1116751.00 | 22335.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 11 | 10 | Construction of PCC road from h/o lalku munda to h/o Dharmendra bediya in ward no-10 | 1776197.00 | 35524.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 12 | 11 | Laying of Paver block road from a) shiv mandir to H/O anand bediya via manoj munda b) h/o biseswar Prajapati to h/o Narayan Prajapati in ward no-11 | 14195425.00 | 283906.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 13 | 11 | Laying of Paver block road from a) h/o mustakin Ansari to h/o Kabir (uoto pcc road) b) h/o khurshid via masjid gali to h/o Ajmeri in ward no-11 | 1238845.00 | 27777.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 14 | 13 | Laying of Paver block and tiles at chabutra at campus of subhash nagar in ward no-13 | 2386536.00 | 47731.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 15 | 13& 14 | Laying of Paver block at campus of shishu gyan Niketan school and construction of drain from h/o Dilip goswami to h/o lakhan keshri in ward no-13&14 | 1976043.00 | 39520.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 16 | 13& 14 | Construction of drain from a) H/o Ramdev Paswan to nishe dhoura jharna culvert b) Ambedkar chouk main drain to h/o S.K rai at chari mohalla Ambedkar chowk in ward no-12&14 | 1899412.00 | 37988.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 17 | 21 | Laying of Paver block road in galli muhalla at ghutuwa in ward no-21 | 1322941.00 | 26459.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 18 | 25 | Construction of PCC Road From (A) H/O Suresh Karmali to H/O Sanjay karmali and (B) from H/O Umesh karmali to Deo raj Matry in ward no 25 | 1595200.00 | 31904.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 19 | 26 | Laying of Pavers Block Road from H/O Das ji to H/O Anup Sinha in ward No 26 | 1090900.00 | 21818.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 20 | 27 | laying of Paver Block and Boundary wall of Community Hall at Uppar Tola in ward no 27 | 1287500.00 | 25750.00 | 5000.00 | 45 दिन |
| 21 | 31 | Construction of Ghat at Kankebar Talab Near Shiv Mandir at Kankebar in Ward No-31 | 1354500.00 | 27090.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 22 | 31 | Construction of Step at Barka Bandh in Gausa Talab in Ward No 31 | 2213900.00 | 44278.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 23 | 32 | Construction of Step at Kurum Talab at Kurum in Ward No 32 | 2203200.00 | 44064.00 | 5000.00 | 60 दिन |
| 24 | 32 | onstruction of Retaining wall at at Kurum Near Kurum Talab in Ward no 32 | 1592200.00 | 31844.00 | 5000.00 | 60 दिन |

नोटः– 1. केवल ई–निविदो ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।
7. वैसे सभी संवेदक जिन्होने इस कार्यालय के द्वारा निकाले गये पुर्व निविदाओं में **L1** होने के पश्चात अभी तक एकरारनामा नहीं किया है अथवा एकरारनामा होने के पश्चात कार्य प्रगति दिये गये अवधि के अंदर कार्य सुरू नही किया है उन्हें इस **NIT** में प्राथमिकता नही दी जायेगी / साथ ही उनके द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद्, रामगढ़**

PR.NO.341430 District(24-25):D

# राष्ट्रपति ने भुवनेश्वर में नये न्यायिक परिसर का उद्घाटन किया, न्याय की प्रक्रिया में देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भुवनेश्वर ओड़िशा में नये न्यायिक न्यायालय परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अगर समय पर न्याय नहीं मिला तो यह न्याय न मिलने के बराबर ही है। न्याय की प्रक्रिया में देरी की प्रवृत्ति से गरीबों को सबसे अधिक परेशानी होती है। उनके पास बार-बार न्यायालय आने के लिए न तो वित्तीय संसाधन हैं, और न ही शक्ति। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी संबंधित पक्ष सार्वजनिक हित में



न्याय की प्रक्रिया में देरी की परंपरा को समाप्त करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कोई रास्ता निकालेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि भाषा भी आम लोगों के लिए एक बाधा है। उन्हें समझ नहीं आता कि वकील उनके लिए क्या बहस कर रहा है या क्या राय दे रहे हैं।

उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि अदालती फैसलों का अब उड़िया और संथाली भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है, और ये अनुवादित फैसले सुप्रीम कोर्ट और ओड़िशा हाई कोर्ट की वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में ओड़िशा की न्यायपालिका में 48 प्रतिशत महिला अधिकारी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में महिला अधिकारियों की संख्या में और वृद्धि होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि आम नागरिकों के लिए बिना किसी डर के न्यायिक व्यवस्था के साथ जुड़ना एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। ज्यादातर समय लोग वकीलों और जजों के सामने घबरा जाते हैं। अदालतों में संवेदनशील माहौल होना चाहिए ताकि लोग अपनी बात स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सकें। राष्ट्रपति ने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि नया न्यायालय परिसर वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। न्याय की प्रक्रिया को तेज करने के लिए नयी तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस आधुनिक न्यायालय परिसर में आधुनिक सुविधाएं न्यायपालिका के काम को सुविधाजनक बनायेंगी।

## संबलपुर रेल मंडल में बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस आयोजित



संबलपुर (आजाद सिपाही)। संबलपुर रेल मंडल में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ बी आर अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे ने बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहेब की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी जुसूफ कबीर अंसारी ने कार्यक्रम का संचालन किया।




# वेदांता एल्युमीनियम ने ओड़िशा में सप्ताह भर चलने वाला एचआइवी-एड्स जागरूकता अभियान शुरू किया

**पूरे ओड़िशा में विशेषज्ञ वार्ता, मैराथन, रैलियां नुक्कड़ नाटकों से युक्त एक सप्ताह तक चलने वाला जागरूकता अभियान चल रहा है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विश्व एड्स दिवस पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने एक सप्ताह तक चलने वाले जागरूकता अभियान की शुरूआत की। इस पहल के माध्यम से वेदांता का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को एचआइवी-एड्स की रोकथाम के बारे में जागरूक करना है, जो कि 'सही रास्ता अपनाएं: मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' थीम के अनुरूप है। इस अभियान के एक हिस्से के रूप में वेदांता ने झारसुगुड़ा, लांजीगढ़ और इसके खदानों में 11,400 से अधिक व्यक्तियों को शामिल करते हुए गतिविधियां आयोजित कीं। जागरूकता सत्रों, रैलियों, 'नुक्कड़ नाटक' (नुक्कड़ नाटक) और स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान छात्रों, ट्रक ड्राइवरों, पुलिस कर्मियों और स्थानीय समुदायों सहित विविध समूहों तक पहुंचा। झारसुगुड़ा जिले में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार




स्वाइन ने विश्व एड्स दिवस जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई, जिसमें एनसीसी और एनएसएस कैडेट, वेदांता के कर्मचारी और स्थानीय छात्रों सहित 350 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जागरूकता पहल पूरे सप्ताह जारी रहेगी, जिसमें स्कूल, कॉलेज और पुलिस स्टेशन शामिल होंगे।

ओड़िशा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (ओएसएसीएस) और जिला स्वास्थ्य प्रशासन के साथ साझेदारी में वेदांता के प्रयासों का उद्देश्य लगभग 5,000 व्यक्तियों को रोकथाम, उपचार और सामाजिक कलंक को मिटाने के बारे में जागरूक करना है। एचआइवी-एड्स की रोकथाम का संदेश देने के लिए जिले भर में नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) भी आयोजित किये गये। कोयला और बॉक्साइट खनन परियोजनाओं के इर्द-गिर्द अपनी सामुदायिक सहभागिता पहल के हिस्से के रूप में, वेदांता ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली गतिविधियों का आयोजन किया। सुंदरगढ़ में 'नुक्कड़ नाटक' और शैक्षिक सत्रों ने छात्रों, ट्रक ड्राइवरों और स्थानीय समुदायों को शामिल किया, जो 600 से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचे। कालाहांडी के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ निहेंद्र पांडा द्वारा हरी झंडी दिखाकर एक सामूहिक रैली का आयोजन किया गया, जो ओएसएसीएस और जिला चिकित्सा अधिकारियों के साथ साझेदारी में आयोजित की गयी, जिसमें 5,000 से अधिक व्यक्तियों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। कंपनी के स्वास्थ्य हस्तक्षेपों पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी, सुनील गुप्ता ने कहा वेदांता एल्युमीनियम में हम दृढ़ता से मानते हैं कि समुदायों का स्वास्थ्य और कल्याण सतत विकास की आधारशिला है। वेदांता एल्युमीनियम सार्थक स्वास्थ्य और जागरूकता पहलों के माध्यम से सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए समर्पित है। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन किया। भारत में अपने विश्वस्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्युमीना रिफाइनरी और पावर प्लांट के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

## कटक रेलवे स्टेशन भवन: यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का नया युग शुरू



**भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)।** अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास के हिस्से के रूप में कटक रेलवे स्टेशन विश्व स्तरीय सुविधाओं की पेशकश करने वाला एक आधुनिक परिवहन केंद्र बनने के लिए एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 303 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य यात्री अनुभव को बढ़ाना और पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार करना है। 14.63 करोड़ की लागत से निर्मित पूर्व साइड (राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर) स्टेशन भवन, राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से आने वाले यात्रियों के लिए आसान और परेशानी मुक्त पहुंच प्रदान करके यात्री सुविधा और सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार करेगा। **पूर्व साइड स्टेशन बिल्डिंग की मुख्य विशेषताएं:** पूरी तरह से वातानुकूलित स्थान: 21,270 वर्गफुट वातानुकूलित स्थान, यात्रियों को आरामदायक और सुखद वातावरण प्रदान करता है। **आधुनिक सुविधाएं:** स्टेशन भवन आधुनिक सुविधाओं जैसे फूड कोर्ट (2,100 वर्ग फुट), आधुनिक शौचालय (दिव्यांगजनों की पहुंच सहित), टिकट काउंटर, प्रतीक्षा क्षेत्र, एस्केलेटर, लिफ्ट और बहुत कुछ से सुसज्जित है। **बेहतर सुविधाएं:** एक विशाल परिसंचरण क्षेत्र, पर्याप्त पार्किंग और पिकअप/ड्रॉप-ऑफ सुविधाएं स्टेशन को कटक और आसपास के जिलों के यात्रियों के लिए अधिक सुलभ बनाती हैं। **अन्य विशेषताएं:** स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके), एटीएम कियोस्क, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) और एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी) ट्रॉलियां भी होंगी, जो नाबार्ड द्वारा समर्थित महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये हस्तशिल्प का प्रदर्शन करेंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सात दिसंबर 2024 को शाम 5:00 बजे कटक रेलवे स्टेशन पर पूर्व साइड स्टेशन भवन का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में माननीय संसद सदस्य (लोकसभा, कटक)भर्तृहरि महताब सहित प्रतिष्ठित नेता उपस्थित रहेंगे। वैष्णव की यात्रा भारत के पूर्व क्षेत्र में सेवाओं को बढ़ाने पर विशेष जोर देने के साथ, बुनियादी ढांचे में सुधार और नागरिकों के लिए यात्रा को आसान बनाने की सरकार की चल रही प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।













## पूर्व तट रेलवे ने बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ बी आर अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में मनाया गया। महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल के नेतृत्व में पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूर्व तट रेलवे परिवार की ओर से स्वर्गीय बाबासाहेब डॉ अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ काटी और उप मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश कुमार बेहेरा ने कार्यक्रम का समन्वय किया। संबंधित मंडल रेल प्रबंधकों द्वारा पूर्व तट रेलवे के सभी मंडल मुख्यालयों, खुर्दा रोड, वाल्टेयर और संबलपुर में भी महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया।

## आठ दिसंबर को सोआ में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय सम्मेलन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही) विशेषज्ञ, पर्यावरणविद्, व्यापारिक नेता और सामाजिक कार्यकर्ता आठ दिसंबर को शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) में आयोजित होने वाले एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन और इसकी भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। राष्ट्रीय सम्मेलन सोआ और सोशल इंस्टीट्यूशन एवर ग्रीन फोरम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद ने कहा, इस सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन और इसके कारण भविष्य में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर चर्चा की जायेगी।

# रांची की एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने विस्कासन वृद्धाश्रम को सहायता प्रदान की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/भुवनेश्वर।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड रांची की स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने रांची स्थित विस्कासन वृद्धाश्रम को ऊनी कंबल और आवश्यक खाद्य सामग्री प्रदान कर अपनी हार्दिक सहायता दी। यह नेक पहल स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष स्मिता रेखा जैन के मार्गदर्शन में की गयी।




कार्यक्रम के दौरान, जैन ने क्लब की समाज कल्याण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें शामिल थी। शिखा रस्तोगी, उपाध्यक्ष और कल्याण प्रभारी, दीपा केशरी, महासचिव, परमेश्वरी डी, संयुक्त सचिव, अनिता प्रसाद, सांस्कृतिक सचिव, स्निग्धा रानी माझी, कोषाध्यक्ष। इस पहल के माध्यम से स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से साबित किया। विशेष रूप से उन बुजुर्गों के जीवन में जिन्हें देखभाल और सहारे की आवश्यकता है।

# शीतलापल्ली सम अस्पताल में हाइ-ग्रेड ग्लियोमा सर्जरी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर शीतलापल्ली के सम अस्पताल में हाई-ग्रेड ग्लियोमा सर्जरी शुरू की गयी है। मस्तिष्क में बनने वाले कुछ आक्रामक ट्यूमरों को उच्च श्रेणी के ग्लियोमा कहा जाता है और उनका इलाज जटिल सर्जरी से किया जाता है। अस्पताल के निदेशक देबप्रसाद दाश ने कहा कि वह उपचार प्रक्रिया अब सम अस्पताल शीतलापल्ली में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टर और न्यूरोसर्जन डॉ परेश गौड़ सर्जरी कर रहे हैं, वहीं इस पद्धति से न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में अस्पताल की प्रतिष्ठा बढ़




रही है। उन्होंने कहा, हम दक्षिण ओड़िशा के इस अस्पताल में विश्व स्तरीय न्यूरोसर्जरी उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि लोगों को अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि डॉ गौड़ के नेतृत्व में अत्याधुनिक इमेजिंग प्रणाली, ऑपरेशन थिएटर और कुशल न्यूरोसर्जरी टीम के माध्यम से अस्पताल न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में और सुधार करेगा। दास ने कहा कि इस अस्पताल में अत्याधुनिक उपचार के साथ-साथ संवेदनशील सेवाओं ने उपचार के क्षेत्र में बदलाव लाया है।

## खोरधारोड मंडल ने बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया




आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधा।** खोरधारोड मंडल ने भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में 'महापरिनिर्वाण दिवस' मनाया। इस अवसर पर एचएस बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने शाखा अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डॉ बी आर अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। महापरिनिर्वाण दिवस, 'भारतीय संविधान के जनक' डॉ बी आर अम्बेडकर को याद करने का दिन है, जो देश के महानतम समाज सुधारकों में से एक थे। कार्यक्रम का संचालन खोरधारोड मंडल के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी आरएनए परिडा द्वारा किया गया।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**